दैनिक
नव प्रदेश
प्रदेश के साथ पूरा देश...

अंदर के पृष्ठों पर
3 राजधानी — रंग-गुलाल-पिचकारियों के साथ ही...
4 अभिव्यक्ति — कोरोना का आतंक : घबराएं नहीं पर...
9 मनोरंजन/खेल — गर्लफ्रेंड लिन से शादी करने जा रहे हैं रणदीप...
11 व्यापार — फ्लिपकार्ट के सह-संस्थापक सचिन...

www.navpradesh.com   रायपुर, शुक्रवार 6 मार्च 2020, फाल्गुन शुक्ल पक्ष-एकादशी, विक्रम संवत-2076 वर्ष-09 अंक-29 पृष्ठ-12 मूल्य-3 रुपए   छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, झारखंड, से एक साथ प्रकाशित

आज बेबाक

वैसे तो कोई भी चीनी उत्पाद ज्यादा टिकाऊ नहीं होता लेकिन चीन की उपज कोरोना वायरस ने सारी दुनिया को दहशत में डाल दिया है। भारत भी इससे अछूता नहीं है। कुछ खबरिया चैनलों में कोरोना को लेकर हौवा खड़ा करने की होड़ लग गई है। सोशल मीडिया पर भी कोरोना विशेषज्ञ गूगल गुरूओं की बाढ़ सी आ गई है। सूरतें हाल यह है कि बदलते मौसम की वजह से मामूली सर्दी जुकाम से पीड़ित लोग भी कोरोना होने की आशंका से ग्रसित हो रहे है। ऐसे लोग याद रखें गब्बर सिंह का यह डायलॉग- जो डर गया, समझो मर गया.....।

टिटनेस का पहले ही टोटा, और जब पहुंचा तो उसे भी लौटा दिया

नव प्रदेश संवाददाता

- सीजीएमएससीएल के राजनांदगांव वेयर हाउस से लौटा दिया गया टिटनेस का कंसाइनमेंट
- वेयर हाउस का कोल्ड स्टोरेज नहीं कर रहा ठीक ढंग से काम

रायपुर/राजनांदगांव। एक ओर जहां प्रदेश के प्राथमिक व सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों (पीएचसी-सीएचसी) पर टिटनेस के इंजेक्शन उपलब्ध नहीं है वहीं राजनांदगांव में टिटनेस का कंसाइनमेंट पहुंचने पर इसे लौटा दिया गया। वजह भी चौंका देने वाली है- कोल्ड स्टोरेज का ठीक न होना। यह सही है कि उपयुक्त टेंप्रेचर (ठंडक) न हो तो टिटनेस वायल खराब हो जाता है। इसलिए इसे राजनांदगांव स्थिति सीजीएमएससीएल के वेयर हाउस से लौटा दिया गया। जिनके ऊपर वेयरहाउस की देख-रेख का जिम्मा है उनका कहना है कि कोल्ड स्टोरेज को ठीक करने के ■ शेष पृष्ठ 8 पर

वेयर हाउस में पहुंचने लगी खेप

नव प्रदेश ने प्रदेश के पीएचसी-सीएचसी व जिला अस्पतालों में टिटनेस इंजेक्शन की अनुपलब्धता का मुद्दा प्रमुखता से प्रकाशित किया। इसके साथ ही सीजीएमएससीएल हरकत में आया। सीजीएमएससीएल के प्रदेश में स्थित ड्रग वेयर हाउस में टिटनेस वायल के कंसाइनमेंट पहुंचाए जाने लगे हैं। 15 में से 8 वेयरहाउस में कंसाइनमेंट पहुंच चुका है। नव प्रदेश की पड़ताल में सामने आया कि सीजीएमएससीएल की वेबसाइट पर संबंधित 8 वेयर हाउस में टिटनेस की उपलब्ध मात्रा प्रदर्शित की जा रही है। वहीं सीजीएमएससीएल अधिकारियों का यह भी कहना है कि जल्द ही अन्य वेयरहाउस में भी टिटनेस वायल उपलब्ध करा दिया जाएगा।

नव प्रदेश की खबर का असर

विधानसभा में बजट चर्चा पर जवाब में बोले

ढाई लाख से अधिक किसान खेती की ओर लौटे : भूपेश

नव प्रदेश संवाददाता

रायपुर। विधानसभा में बजट चर्चा पर विपक्षी आरोपों का जवाब देते हुए मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने आज विपक्ष को न केवल आड़े हाथों लिया बल्कि सरकार की डेढ़ साल के कामकाज के साथ ही मौजूदा बजट के प्रावधानों पर विस्तार से जवाब दिया। मुख्यमंत्री ने किसान, धान, शराब, युवा, आयकर छापा, सिंचाई से लेकर उन सभी मसलों पर विधानसभा में अपनी बात रखी, जिस पर विपक्ष सरकार को घेरने की कोशिश कर रहा था। मसलन उन्होंने किसानों की धान खरीदे के मुद्दे को स्पष्ट किया कि हमने 2500 रुपए क्विंटल की धान खरीदी का वादा कुछ इस तरह पूरा किया किया 1825 रुपए क्विंटल खरीदने के बाद अंतर की राशि राजीव गांधी किसान न्याय योजना के अंतर्गत देंगे। बघेल ने कहा कि धान खरीदी की नई योजना का असर ये है कि ढाई लाख से अधिक किसान खेती की ओर लौटे हैं। गन्ना किसानों को भी हम न केवल 50 रुपए बोनस देंगे बल्कि 355 रुपए क्विंटल में गन्ना खरीदेंगे। उन्होंने कहा कि केंद्र केवल 24 लाख टन चावल ले रहा है तो ■ शेष पृष्ठ 8 पर

बजट के प्रावधानों पर विस्तार से दिया जवाब



47 हजार करोड़ रुपए का कर्ज किसके लिए लिया था

स्काई वॉक, एक्सप्रेस वे...। आज विपक्ष पर कैपिटा इंकम की बात करता है। आपके समय पर कैपिटा इंकम बहुत थी फिर भी 40 फीसदी लोग गरीबी रेखा से नीचे क्यों थे, कुपोषण क्यों था। हालांकि इस पर भी पूर्व सीएम रमन सिंह ने प्रतिप्रश्न किया। सिंचाई योजना को लेकर सीएम ने कहा कि जिस बोधघाट परियोजना का आप विरोध कर रहे हो, 15 साल में आपने कुछ नहीं किया हमने 20 करोड़ रुपए की घोषणा तो की। हम सिंचाई से बस्तर के आदिवासियों के बीच जो असंतुलन है उसे दूर करेंगे।

अगर माननीय आज आसंदी का सुझाव मान जाते तो फिर देश में छग पेश करता नजीर

भारत के राज्यों की विधानसभा में छत्तीसगढ़ विधानसभा ने कई नजीर पेश की है। सराहनीय यह कि इनमें से दो आदर्शों के लिए देशभर में छत्तीसगढ़ विधानसभा जाना जाता है। पहला गर्भगृह में प्रवेश करने पर विधायकों का स्वमेव निलंबन और दूसरा महात्मा गांधी के नाम पर विधानसभा का विशेष सत्र आहुत करने के नाम पर। गुरुवार को बजट सत्र के दौरान प्रश्नोत्तर काल में भी सदनीय कार्रवाई को पूरे आदर्शों का पालन करते हुए संचालित कर रहे विधानसभा अध्यक्ष चरणदास महंत ने एक ऐसी ही सलाह व सुझाव दिया। अगर विपक्षी दल भाजपा के सदस्य उसे स्वीकार लेते तो देशभर में सभी राज्यों की विधानसभा एक और आदर्श पेश करने में कामयाब होती। विधानसभा अध्यक्ष श्री महंत का मूल उद्देश्य भी यही था कि इस सलाह पर अमल अगर सदस्य करते तो छत्तीसगढ़ राज्य का लाखों रुपए ही नहीं बचता ■ शेष पृष्ठ 8 पर

राज्य का पैसा और वक्त बचाने महंत की महती सलाह

तीन साल में सड़क ने ले ली 129 की बली

नवप्रदेश संवाददाता

सदन में कांग्रेस विधायक ने उठाया रायपुर-बिलासपुर राजमार्ग का सवाल

- शैलेष बोले, यह सड़क एनएच की नहीं मौत की सड़क
- तकनीकी विशेषज्ञों से होगी जांच : मंत्री ताम्रध्वज

रायपुर। विधानसभा में रायपुर से बिलासपुर के बीच बने नए राजमार्ग का मुद्दा पूरजोर तरीके से उठाया गया। बिलासपुर विधायक शैलेष पांडेय ने सवाल किया कि बीते तीन साल में यहां कितनों की जानें गईं। जवाब में पीडब्ल्यूडी मंत्री ताम्रध्वज साहू ने कहा हादसों में मौतों की वजह अगर निर्माण में तकनीकि खामियों से है तो वे केंद्र सरकार को कड़ा पत्र लिखेंगे और हादसों वाले चिन्हांकित स्थानों पर पुलिस की मौजूदगी सुनिश्चित करवाई जाएगी। विशेषज्ञों की टीम से सड़क की तकनीकि जांच भी करवाने का वादा सदन से मंत्री ने किया। विधायक शैलेष पांडेय ने पूछा तीन साल में पांच साल में कितनी मौतें हुईं जरा इसके आंकड़े ही बता दीजिए। तब विभागीय मंत्री ताम्रध्वज साहू ने कहा हमारे पास तीन साल का ■ शेष पृष्ठ 8 पर

खास खबर

कोरोना के खतरे के चलते पीएम मोदी का बेल्जियम दौरा टला

नई दिल्ली (वार्ता)। कोरोना वायरस के खतरे के चलते प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का बेल्जियम दौरा टल गया है। हालांकि भारत-यूरोपियन यूनियन सम्मेलन की नई तारीख का अभी ऐलान नहीं हुआ है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रवीश कुमार ने बताया कि जहां तक भारत-यूरोपीय संघ शिखर सम्मेलन का संबंध है, जिसमें पीएम मोदी को भाग लेना था। दोनों देशों के स्वास्थ्य अधिकारियों ने सुझाव दिया कि यात्रा वर्तमान में नहीं होनी चाहिए।

कोरोना वायरस की रोकथाम के ग्राम पंचायत स्तर पर उपाय

नई दिल्ली (वार्ता)। सरकार ने गुरुवार को कहा कि देश में कोरोना वायरस के निपटने के हर संभव उपाय किये गये हैं और लोगों में जागरुकता फैलाने के साथ ही ग्राम पंचायत स्तर पर निगरानी की जा रही है तथा देशवासियों को सतर्कता बरतने की जरूरत है। स्वास्थ्य मंत्री हर्ष वर्धन ने राज्य और लोकसभा में आवश्यक दस्तावेज सदन पटल पर रखे जाने के बाद कोरोना वायरस को लेकर कहा कि चार मार्च तक देश में 29 मामलों में इसके लक्षण पाये गये हैं जिन्हें अलग रखा जा रहा है और उनकी गहन निगरानी की जा रही है।

भारत पहली बार टी-20 विश्व कप के फाइनल में

सिडनी (वार्ता)। भारत ने बारिश के कारण इंग्लैंड के खिलाफ गुरुवार को सेमीफाइनल मैच रद्द हो जाने से पहली बार आईसीसी महिला टी-20 विश्वकप क्रिकेट टूर्नामेंट के फाइनल में प्रवेश कर लिया जहां खिताब के लिए उसका मुकाबला रविवार को ऑस्ट्रेलिया से अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के दिन मेलबोर्न में होगा।

लोकसभा स्पीकर पर पेपर फेंकने पर कांग्रेस के 7 सांसद निलंबित

नई दिल्ली (वार्ता)। लोकसभा स्पीकर ओम बिरला ने कांग्रेस के सात सांसदों को पूरे बजट सत्र के लिए निलंबित कर दिया है। इन कांग्रेस सांसदों पर स्पीकर पर पेपर फेंकने का आरोप है। लोकसभा के बजट सत्र से जिन कांग्रेस सांसदों को निलंबित किया गया है उसमें गौरव गोगोई, टी.एन प्रतापन, एडवोकेट डीन कुरियाकोस, बेनी बेहनन, मणिक्कम टैगोर, राजमोहन उन्नीथन तथा गुरजीत सिंह औजला के नाम शामिल हैं। पीठासीन सभापति मीनाक्षी लेखी ने कहा कि कांग्रेस सदस्यों द्वारा अध्यक्षीय पीठ से बलपूर्वक कागज छीने जाने और उछालने का ऐसा दुर्भाग्यपूर्ण आचरण संसदीय इतिहास में संभवतः पहली बार हुआ है। संसदीय कार्य मंत्री प्रह्लाद जोशी ने कांग्रेस सदस्यों गौरव गोगोई, टी ■ शेष पृष्ठ 8 पर

सरकार तानाशाही कर रही है : चौधरी

लोकसभा में कांग्रेस के नेता अधीर रंजन चौधरी ने यह भी कहा कि सरकार के इस 'तानाशाही' वाले निर्णय से पार्टी के सदस्य झुकने वाले नहीं हैं और वे दिल्ली हिंसा पर तत्काल चर्चा की मांग उठाते रहेंगे। चौधरी ने संसद परिसर में संवाददाताओं से कहा, ''आज जो हुआ है वो संसदीय लोकतंत्र के लिए शर्मिंदगी की दास्तान है। ■ शेष पृष्ठ 8 पर

दिल्ली दंगों का मुख्य आरोपी ताहिर हुसैन गिरफ्तार

नयी दिल्ली (वार्ता)। उत्तर पूर्वी दिल्ली में दंगे भड़काने और खुफिया अधिकारी अंकित शर्मा की हत्या जैसे आरोपों से घिरे आम आदमी पार्टी के पूर्व नेता ताहिर हुसैन को दिल्ली पुलिस की अपराध शाखा की टीम ने गुरुवार को गिरफ्तार कर लिया। ताहिर ने यहां की राउज एवेन्यू अदालत में आत्मसमर्पण की याचिका दायर की थी लेकिन अतिरिक्त मुख्य सत्र न्यायाधीश विशाल पाहुजा ने याचिका पर सुनवाई से इंकार करते हुए इसे खारिज कर दिया था।

भारत ने किया एंटि-टैंक गाइडेड मिसाइल से पाकिस्तानी सेना के ठिकाने पर हमला

श्रीनगर (ए.)। भारतीय सेना ने पाकिस्तान के द्वारा लगातार सीजफायर के उल्लंघन के बाद पाकिस्तानी सेना के ठिकाने पर हमला किया है। भारतीस सेना के सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक, इंडियन आर्मी के द्वारा हमले के लिए एंटि-टैंक गाइडेड मिसाइल और तोप के गोले का इस्तेमाल किया गया। भारतीय सेना ने कुपवाड़ा सेक्टर के ठीक सामने पाकिस्तानी सेना के ठिकाने पर हमला किया है। यह हमला पाकिस्तानी सेना द्वारा लगातार जम्मू-कश्मीर में सीजफायर उल्लंघन के जवाब में किया गया है। पाकिस्तानी सेना ने फरवरी महीने में आठ तारीख को अकारण संघर्षविराम का उल्लंघन करते हुए ■ शेष पृष्ठ 8 पर

सप्लायर को खेल सामग्री वापस

खबर का असर : दंतेवाड़ा में खेलगढ़िया योजना का मामला

नव प्रदेश संवाददाता

दन्तेवाड़ा। जिले में खेलगढ़िया योजना में अनियमितता उजागर होने के बाद अब स्कूलों में सप्लाई की गई खेल किट को सप्लायर को वापस किया जा रहा है। नव प्रदेश द्वारा यह मामला प्रमुखता से प्रकाशित किए जाने के बाद शिक्षा विभाग ने मामले को गंभीरता से लिया है। तीन सदस्यीय जांच समिति बनाए जाने के बाद अब सूत्रों के हवाले से खबर मिल रही है कि स्कूलों में सप्लाई की गई खेल किट वापस किए जाने के संबंध में निर्देश जारी कर दिए गए हैं।

उल्लेखनीय है **नव प्रदेश** ने इस संबंध में प्रकाशित खबर में बताया था कि किस तर स्कूलों में बिना प्राचार्यों की अनुमति से ही खेल किट पहुंचाई जा रही है और फिर उनसे पैसा वसूला जा रहा है। इस खबर के बाद ही जांच समिति बनाई गई थी। इस संबंध में दन्तेवाड़ा शिक्षा विभाग के डीपीसी ■ शेष पृष्ठ 8 पर

निर्भया : दोषियों को 20 मार्च को फांसी

नया डेथ वारंट जारी, सुबह 5:30 बजे दी जाएगी

नई दिल्ली (वार्ता)। निर्भया के दोषियों को 20 मार्च सुबह 5:30 बजे मौत की सजा दी जाएगी। तीन बार फांसी टलने के बाद कोर्ट ने नया डेथ वारंट जारी कर दिया है। कोर्ट के इस फैसले के बाद निर्भया की मां आशा देवी ने कहा कि उम्मीद है इस बार मेरी बेटी की दोषियों को फांसी दी जाएगी। इससे पहले कोर्ट ने तीन बार डेथ वारंट जारी किया था। लेकिन दोषियों ने अपने कानूनी अधिकारों का उपयोग कर इस टालने में सफल रहे थे। हालांकि दोषियों के वकील ने कहा कि दोषियों के पास अभी कानूनी विकल्प बचे हुए हैं। अक्षय की दया याचिका राष्ट्रपति के पास लंबित है और जेल ने कोर्ट को यह जानकारी दी है। उन्होंने कहा कि दोषियों का ज्यूडिशियल मर्डर मत कीजिए। राष्ट्रपति चारों दोषियों मुकेश, पवन, विनय ■ शेष पृष्ठ 8 पर

अवसर मिले तो, मैं उन्हें मरते हुआ देखना चाहूंगी

निर्भया की मां आशा देवी ने कहा है कि चार दोषियों ने सभी कानूनी उपायों को समाप्त कर दिया है। आशा देवी ने कहा कि मुझे उम्मीद है उन्हें निर्धारित तारीख तक फांसी पर लटका दिया जाएगा। जब तक उन्हें फांसी नहीं होती, संघर्ष जारी रहेगा। उन्होंने कहा है कि 20 मार्च की सुबह हमारे जीवन का सवेरा होगा। अगर तनिक भी अवसर हो तो, मैं उन्हें मरते हुआ देखना चाहूंगी।

गरमा-गरम

सफलता — राज्य में पहली बार ये प्रोसीजर मेकाहारा स्थित एडवांस कार्डियक इंस्टीट्यूट में हुई

दिल की ब्लॉक नसों को ध्वनि तरंगों से खोल दिया नया जीवन

- एसीआई विभागाध्यक्ष डॉ. स्मित श्रीवास्तव के नेतृत्व में इंट्रावस्क्यूलर लिथोट्रिप्सी पद्धति से मरीज को मिला उपचार

नव प्रदेश संवाददाता

रायपुर। डॉ. भीमराव आंबेडकर स्मृति चिकित्सालय (मेकाहारा) के डॉक्टरों को दिल की ब्लॉक हो चुकी नसों को ध्वनि तरंगों से खोलने में सफलता मिली है। इस प्रोसीजर से डॉक्टरों ने एक व्यक्ति की जान बचा ली। ऐसी सफल प्रोसीजर करने वाला डॉ. भीमराव आंबेडकर स्मृति चिकित्सालय प्रदेश का पहला अस्पताल है। दरअसल मरीज के दिल की नसों में कैल्शियम जमा होने से वह ब्लॉक हो चुकी थीं। इसीका राज्य में पहली बार सफल इलाज डॉ. भीमराव आंबेडकर स्मृति चिकित्सालय में इंट्रा वस्क्यूलर शॉकवेव लिथोट्रिप्सी पद्धति से हुआ। मेकाहारा स्थित एडवांस कार्डियक इंस्टीट्यूट में हुई इस प्रोसीजर में एक 62 वर्षीय बुजुर्ग महिला के दिल की नसों में जमे कैल्शियम ■ शेष पृष्ठ 8 पर

टीम में ये रहे शामिल

विभागाध्यक्ष डॉ. स्मित श्रीवास्तव, डॉ. जोगेश विश्वदासानी, कैथलैब टेक्नीशियन आईपी वर्मा, राम खिलावन, खेम सिंह, आनंद बाबू, गोमती (नर्सिंग स्टॉफ), खोंगेद्र साहू और डेविड।

देश के किसी शासकीय अस्पताल का दूसरा मामला

हृदय रोग विशेषज्ञ एवं विभागाध्यक्ष एसीआई डॉ. स्मित श्रीवास्तव ने बताया कि मेडिकल कॉलेज के एसीआई में यह प्रोसीजर सफलतापूर्वक संपन्न हुई। अभी तक देश के किसी शासकीय अस्पताल का यह दूसरा प्रोसीजर है। ऐसा पहला प्रोसीजर एम्स नई दिल्ली में हुआ है। यह विदर्भ और छत्तीसगढ़ क्षेत्र का सबसे पहला इंट्रावस्क्यूलर शॉकवेव थेरेपी या इंट्रावस्क्यूलर लिथोट्रिप्सी का केस है। इस विधि में वैसे पेशेंट जिनकी हार्ट की नस में बहुत ज्यादा कैल्शियम जमा हुआ होता है उनके लिये यह वरदान के रूप में आई पद्धति है।

संसद में जिंदा कारतूस के साथ घुसते हुआ गिरफ्तार

नई दिल्ली (ए.)। संसद भवन परिसर में घुसते एक शख्स को सुरक्षाकर्मियों ने गुरुवार की शाम को उस वक्त पकड़ लिया जब वह जिंदा कारतूस के साथ अंदर जा रहा था।

मिली जानकारी के अनुसार अख्तर नाम का एक शख्स गेंट नंबर 8 से संसद के अंदर घुस रहा था। उसके पॉकेट से 3 राउंड जिंदा कारतूस बरामद किए गए, जिसे उसने सुरक्षाकर्मियों से कहा कि वह अंदर आने से पहले बाहर रखना भूल गया। बाद में सुरक्षाकर्मियों ने उसे पुलिस को सौंप दिया है, जिसके बाद उसकी पूछताछ की जा रही है।

वैरिफिकेशन के बाद पुलिस ने छोड़ा

दिल्ली पुलिस ने बताया कि पॉकेट में तीन राउंड जिंदा कारतूर के साथ संसद में घुसते अख्तर खान को सुरक्षाकर्मियों ने आज पकड़ा था, लेकिन उसे वैरिफिकेशन के बाद छोड़ दिया गया।

न गोली, न बम, फिर भी दम...चीन पर आर्मी चीफ जनरल एमएम नरवणे की नसीहत

आर्मी चीफजनरल एमएम नरवणे ने चीन की सैन्य ताकत को लेकर बड़ा बयान दिया है, सेना प्रमुख ने कहा कि कुछ दशकों से चीन ने कोई युद्ध नहीं लड़ा लेकिन सैन्य ताकत है

- **उन्होंने कहा कि सेना अपनी योजनाओं और क्षमता का फिर से आंकलन कर रही है**

नई दिल्ली(ए.)। आर्मी चीफ जनरल एमएम नरवणे ने चीन की सैन्य ताकत को लेकर बड़ा बयान दिया है। सेना प्रमुख ने कहा है कि पिछले कुछ दशकों से चीन ने कोई युद्ध नहीं लड़ा है। इसके बावजूद उसने एक सैन्य ताकत के रूप में अपना दबदबा स्थापित कर लिया है। उन्होंने कहा कि सेना अपनी योजनाओं और क्षमता का फिर से आंकलन कर रही है ताकि चीन और पाकिस्तान सीमा पर 'तेजी के साथ जवाब' दिया जा सके।

सेना प्रमुख ने कहा कि चीन ने विवादास्पद दक्षिण चीन सागर में बिना एक भी गोली चलाए इस क्षेत्र की भू-रणनीतिक स्थिति को बदल दिया है। उन्होंने कहा, 'पिछले कई दशक से चीन ने वास्तवकि, विशुद्ध युद्ध नहीं लड़ा है। हालांकि लगातार अपनी सैन्य ताकत का प्रदर्शन करके चीन ने यह दबदबा स्थापित किया है कि वह प्रमुख तकनीकी क्षेत्रों में अविवादित सैन्य ताकत है।'

नरवणे ने एक सेमिनार में बुधवार को कहा कि पिदले कई वर्षों से हमें यह बताया जाता रहा था कि अगर अंतरराष्ट्रीय सीमा पर लड़ाकू विमानों का इस्तेमाल किया गया तो इससे पूर्ण युद्ध शुरू हो जाएगा। बालाकोट ने यह दिखा दिया कि अगर आप अपनी कुशलता और सैन्य प्रभुत्व के साथ कोई कार्रवाई शुरू करेंगे तो यह छोटी अवधि का संघर्ष में हो सकता है। जरूरी नहीं है कि यह संघर्ष पूर्ण युद्ध में बदल जाए।

जनरल नरवणे ने कहा कि विश्वभर में तकनीक काफी तेजी के साथ बढ़ रही है। अब मेन बैटल टैंक और फाइटर विमानों से लड़ाई लड़ने के तरीके पुराने हो चुके हैं। नई तकनीक और नए मौके युद्ध करने के तरीकों में बदलाव ला रहे हैं। सेना प्रमुख ने कहा कि एक सेना के तौर पर हमारी सोच फुर्तीली होनी चाहिए। बदलते समय के साथ हमें बदलना होगा। अपने सैन्य बेड़ों को उन्नत बनाना होगा।

'चाणक्य की रणनीति आज भी प्रासंगिक'

सेना प्रमुख ने कहा कि चीन की सुन त्जू की रणनीति से मुकाबला करने के लिए महान रणनीतिकार चाणक्य का अर्थशास्त्र आज भी उतना हीं प्रासंगिक है जितना पहले था। उन्होंने कहा कि भारत अंतरिक्ष, साइबर युद्ध और इलेक्ट्रानिक युद्ध कौशल में अपनी क्षमता बढ़ा रहा है। इसके अलावा लेजर आधारित हथियारों के विकास पर भी भारत जोर दे रहा है।

कोरोना वायरस: स्वास्थ्य मंत्री ने संसद में बताया, देश में 28529 लोगों पर नजर

स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि 3 केस में रिकवरी हो चुकी है, अन्य मरीजों की हालत स्थिर

- **भारत ने 17 जनवरी से तैयारी शुरू कर दी थी, तब ड्ढ।।ह्व ने सलाह जारी नहीं की थी: हर्षवर्धन**
- **भारतीय नागरिकों को चीन, ईरान, कोरिया, इटली और जापान ना जाने की सलाह दी गई है**

इन देशों में ना जाने की सलाह

स्थिति के मुताबिक ट्रेवल अडवाइजरी में बदलाव किया जा रहा है। ईटली, ईरान, साउथ कोरिया, जापान के उन सभी यात्रियों 3 मार्च 2020 तक जारी वीजा स्थगित कर दिया गया है, जिन्होंने भारत में प्रवेश नहीं किया है। चीन से आने वाले लोगों का वीजा भी 5 फरवरी से स्थगित किया जा चुका है। चीन, ईरान, इटली, साउथ कोरिया, जापान जा चुके सभी विदेशी यात्रियों का वीजा भी सस्पेंड कर दिया गया है। यूनाइडेट नेशंस के डिप्लोमैट्स और ओसीआई कार्ड होल्डर्स और एयर क्रू को छूट दी गई है, लेकिन उन्हें जांच के बाद ही भारत में प्रवेश दिया जाएगा। सभी देशों से आ रहे लोगों से उनका पूरा ब्योरा लिया जा रहा है। भारतीय नागरिकों को चीन, ईरान, कोरिया, इटली और जापान ना जाने की सलाह दी जाती है। कोविड-19 प्रभावित अन्य देशों में भी अनावश्यक यात्रा से बचें। 21 एयरपोर्ट्स पर विदेशों से आने वाले यात्रियों की जांच की जा रही है।

नई दिल्ली(ए.)। कोरोना वायरस कितना बड़ा खतरा है और इसको लेकर सरकार क्या-क्या कर रही है, केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री हर्षवर्धन ने संसद में विस्तार से जवाब दिया है। उन्होंने राज्यसभा में कहा कि अभी तक देश में 29 लोग कोरोना से संक्रमित हुए हैं, जिनमें से 3 ठीक हो चुके हैं और अन्य का इलाज चल रहा है। 4 मार्च तक कुल 28529 लोगों को कम्युनिटी सर्विलांस पर रखा गया है। हर्षवर्धन ने कहा कि पीएम मोदी, वह खुद और मंत्री समूह लगातार निगरानी में जुटे हैं। उन्होंने यह भी कहा कि भारत सरकार ने ड्ढ।।ह्व की ओर से दिशा निर्देश जारी करने से पहले तैयारी शुरू कर दी थी।

पीएम कर रहे हैं निगरानी

स्वास्थ्य मंत्री ने सरकारी की तैयारी का जिक्र करते हुए कहा कि सरकार इसकी रोकथाम के लिए हर प्रयास कर रही है। उन्होंने कहा कि पीएम खुद इसकी निगरानी कर रहे हैं। स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि भारत सरकार ने इसे रोकने के लिए कई कदम उठाए हैं। मैं हर दिन समीक्षा कर रहा हूं। एक मंत्रीसमूह बनाया गया है। 3 फरवरी के गठन के बाद इसकी चार बैठक हो चुकी है। स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कै कि WHO ने कोरोना वायरस को पब्लिक हेल्थ इमर्जेंसी घोषित किया है हालांकि इसे महामारी नहीं घोषित किया है। भारत ने 17 जनवरी से तैयारी शुरू कर दी थी, तब WHO ने सलाह जारी नहीं की थी।

सभी मरीजों की हालत स्थिर

स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि 3 केस में रिकवरी हो चुकी है। पिछले तीन दिनों में नए मामले सामने आए हैं। 1 केस दिल्ली में सामने आया जो जो इटली से आया था। 1 व्यक्ति हैदराबाद में संक्रमित पाया गया जो दुबई से लौटा है। 6 लोग आगरा में संक्रमित पाए गए, जो दिल्ली के मरीज के संपर्क में आए थे। इटली के पर्यटक और उनकी पत्नी राजस्थान में भर्ती हैं, इनके साथ के 14 अन्य सदस्य और 1 भारतीय ड्राइवर भी कोरोना से संक्रमित हैं। एक अन्य युवक कल दिल्ली में संक्रमित मिला है जो इटली से आया था। सभी की हालत स्थिर है।

फांसी की तारीख आते ही चीख पड़े निर्भया के दोषियों के वकील...

3 बार और फांसी दे चुके हैं

- **दोषियों के वकील एपी सिंह ने दावा किया कि उनके पास अभी कानूनी विकल्प बचा हुआ है**
- **एपी सिंह ने कहा कि दोषियों को बार-बार फांसी दी जा रही है, यह न्यायिक हत्या है**

'अभी विकल्प बाकी'

एपी सिंह ने कहा, 'अक्षय का कानूनी विकल्प बचा हुआ है। अक्षय की मर्सी पिटिशन जेल में रिसीव कराई। कोर्ट ने पूछा कि जेल में अक्षय की मर्सी पिटिशन है? जेल ने कहा, हां है।' एपी सिंह ने कहा कि आज ही सुप्रीम कोर्ट एक और सुनवाई होनी है। केंद्र सरकार ने दोषियों को अलग-अलग फांसी के लिए याचिका दायर की थी।

नई दिल्ली(ए.)। निर्भया केस में पटियाला हाउस कोर्ट ने चौथी बार डेथ वॉरंट जारी कर दिया है। कोर्ट ने चारों दोषियों को 20 मार्च सुबह 5:30 बजे फांसी का आदेश सुनाया है। बताया जा रहा है कि अब यह आखिरी तारीख है, लेकिन दोषियों के वकील एपी सिंह ने दावा किया है कि उनके पास अभी कानूनी विकल्प बचे हुए हैं। कई बार फांसी टलवा चुके एपी सिंह ने कहा है कि दोषियों को बार-बार फांसी सुनाई जा रही है, यह न्यायिक हत्या है। डेथ वॉरंट जारी होने के बाद कोर्ट से बाहर मीडिया से बात करते हुए एपी सिंह आपा खो बैठे। उन्होंने कहा, 'आज चौथा वॉरंट जारी हुआ है। आप तीन बार पहले भी उन्हें फांसी दे चुके हैं और कितनी बार उनको फांसी दोगे? मीडिया प्रेशर में संविधान के रहते हुए कितनी बार फांसी दोगे? ये आतंकवादी नहीं हैं, यह पढ़े लिखे हैं। ये जेल में सुधर रहे हैं, अपना परिवर्तन कर रहे हैं। आपकी चीखें बता रही हैं कि कितना प्रेशर है।'

'मुझे डराया जा रहा है'

एपी सिंह ने कोर्ट पर भी गंभीर आरोप जड़ दिए। उन्होंने कहा, 'कोर्ट की ओर से मुझे कहा गया कि आप आग से खेल रहे हो। आपके लिए परिणाम गलत होंगे। इसका मतलब है कि मुझे डराया जा रहा है। मुझे धमकाया जा रहा है। मेरा शोषण किया जा रहा है। इसका मतलब हुआ कि कानूनी अधिकार इस्तेमाल करना गलता है।' गौरतलब है कि 2 मार्च को दोषियों की फांसी टालने का आदेश देने से पहले कोर्ट ने सुनवाई के दौरान सिंह की यह कहते हुए खिंचाई की, 'आप आग से खेल रहे हैं, आपको सतर्क रहना चाहिए। किसी के द्वारा एक गलत कदम, और आपको परिणाम पता हैं।'

कोरोना वायरस संकट: राहुल गांधी का केंद्र सरकार पर 'टाइटैनिक अटैक'

नई दिल्ली(ए.)। कोरोना संकट पर केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री हर्षवर्द्धन के संसद में दिए बयान पर कांग्रेस पार्टी के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने हमला बोला है। राहुल गांधी ने कहा कि स्वास्थ्य मंत्री का दावा टाइटेनिक जहाज के कैप्टन की तरह से है। टाइटैनिक के कैप्टन कह रहे थे कि जहाज नहीं डूबेगा लेकिन वह डूब गया। उन्होंने मांग कि इस संकट से निपटने के लिए सरकार एक ऐक्शन प्लान सार्वजनिक करे और उसके लिए संसाधन मुहैया कराए। राहुल गांधी ने कहा, 'स्वास्थ्य मंत्री कह रहे हैं कि कोरोना वायरस भारत सरकार के कंट्रोल में है। यह कुछ उसी तरह से है जैसे टाइटैनिक (जहाज) का कैप्टन यात्रियों से कह रहा हो कि घबराएं नहीं क्योंकि यह जहाज डूब नहीं सकता है। समय आ गया जब सरकार एक ऐक्शन प्लान सार्वजनिक करे और इस संकट से निपटने के लिए ठोस संसाधन मुहैया कराए।'

डोनाल्ड ट्रंप पर चढ़ा कोरोना का खौफ, हफ्तों से नहीं छुआ चेहरा!

वॉशिंगटन(ए.)। कोरोना का खौफ दुनियाभर के आमलोगों को ही नहीं, बल्कि अमेरिका के राष्ट्रपति तक को सता रहा है। डोनाल्ड ट्रंप ने खुद इस बात की पुष्टि की है। उन्होंने कहा है कि कोरोना वायरस की वजह से एहतियात के तौर पर उन्होंने हफ्तों से अपना चेहरा नहीं छुआ है और वह ऐसा करना मिस कर रहे हैं।

वाइट हाउस में हुई एक बैठक के दौरान ट्रंप के हवाले से यह बात सामने आई है। ट्रंप ने कहा, 'मैंने हफ्तों से, हफ्तों से अपना चेहरा नहीं छुआ है। मैं ऐसा करना मिस कर रहा हूं।' हालांकि, राष्ट्रपति ट्रंप के इस बयान के बाद ट्विटर यूजर्स ऐक्टिव हो गए। लोग कुछ तस्वीरें शेयर कर रहे हैं, उनका दावा है कि वे पिछले दिनों की हैं और ट्रंप उनमें अपना चेहरा छू रहे हैं।

ड्राइवर को आई नींद तो महिला खुद कैब चलाकर घर पहुंची

पुणे। महाराष्ट्र में एक चौंकाने वाला मामला सामने आया है। यहां पुणे से उबर कैब से मुंबई जा रही एक महिला को कैब खुद ड्राइव कर घर पहुंचना पड़ा। ड्राइवर गाड़ी चलाते समय सो रहा था। घटना 21 फरवरी की है। इस मामले का पता तब चला जब तेजस्विनी दिव्या नाइक नामक महिला ने इससे संबंधित वीडियो सोशल मीडिया पर साझा किया।

दहेज प्रताड़ना का केस दर्ज

फ्लिपकार्ट के को-फाउंडर पर पत्नी ने लगाया आरोप

- **फ्लिपकार्ट के को-फाउंटर पर पत्नी ने दर्ज कराया दहेज उत्पीड़न का केस**

बेंगलुरु(ए.)। फ्लिपकार्ट के को-फाउंडर सचिन बंसल पर उनकी पत्नी प्रिया बंसल ने दहेज उत्पीड़न का आरोप लगाया है। प्रिया ने यह मुकदमा बेंगलुरु स्थित कोरमंगला पुलिस स्टेशन में दर्ज कराया है। दर्ज एफआईआर में चार लोगों के नाम हैं। इनमें सचिन बंसल, पिता सत्यप्रकाश अग्रवाल, मां किरण बंसल, भाई नितिन बंसल शामिल हैं। सचिन के खिलाफदो धाराओं 498 ए (दहेज उत्पीड़न), 34 (आपराधिक इरादा) और दहेज निषेध की धारा 3 और 4 के तहत एफआईआर दर्ज की गई हैं। सचिन और प्रिया की शादी वर्ष 2008 में हुई थी। प्रिया का कहना है कि शादी के बाद सचिन और ससुरालवालों ने दहेज की मांग की। अपनी शिकायत में प्रिया ने यह भी कहा कि उनके पिता ने शादी के लिए 50 लाख रुपये खर्च किए थे और सचिन को 11 लाख रुपये कैश दिए गए थे।

'प्रॉपर्टी ट्रांसफर करने का दबाव'

प्रिया बंसल पेशे से डेंटिस्ट हैं। प्रिया का आरोप है कि सचिन ने उनके साथ मारपीट की और पैसे की मांग भी की। प्रिया ने आरोप लगाया है कि सचिन ने उन पर प्रॉपर्टी ट्रांसफर करने का दबाव बनाया और जब उन्होंने ऐसा करने से मना कर दिया तो आरोपी ने पीड़िता के माता-पिता के साथ-साथ भाई को भी परेशान किया।

अधिकारियों के उड़े होश

समुद्र से निकला खजाना, 14 किलो से अधिक सोने के बिस्किट मिले

- **यह पहला ऐसा मामला बताया जा रहा है जहां समुद्र के गहरे पानी के अंदर से तस्करी का सोना बरामद किया गया**
- **इंडियन कोस्ट गार्ड (आईसीजी) और रेवन्यू इंटेलिजेंस (डीआरआई) के संयुक्त टीम ने इस ऑपरेशन को अंजाम दिया**

मदुरै(ए.)। तमिलनाडु के मन्नार खाड़ी में गोताखोरों ने गहरे पानी में छलांग लगाकर 14 किलो से भी ज्यादा का सोना बरामद किया है। यह शायद पहला ऐसा मामला है जहां समुद्र के गहरे पानी के अंदर से तस्करी का सोना बरामद किया गया। इंडियन कोस्ट गार्ड (आईसीजी) और रेवन्यू इंटेलिजेंस (डीआरआई) के संयुक्त टीम ने इस ऑपरेशन को अंजाम दिया।

यहां मन्नार खाड़ी में 14 किलो से अधिक वजन वाले सोने के बिस्किट एक कपड़े में लिपटे मिले। इनकी कीमत 6 करोड़ आंकी जा रही है। दो घंटे तक चले इस अभियान में समुद्र तल से 14.5 से 16.5 फीट अंदर सोने के बिस्किट मिले।

आईजीसी अधिकारियों ने बताया कि उन्होंने खुफिया सूत्रों से मिले इनपुट के आधार पर मंगलवार को समुद्र के अंदर सर्च ऑपरेशन चलाया। खुफिया सूत्रों के अनुसार, श्रीलंका से तस्करी किया हुआ तमिलनाडु के रामनाथपुरम सोना लाया जा रहा था। दोपहर करीब ढाई बजे को दो लोगों को अनरजिस्टर्ड नाव से गिरफ्तार किया गया। ऑपरेशन में शामिल एक अधिकारी ने बताया, 'हमें शक है कि उन्होंने हमें देखकर समुद्र में कुछ फेंका था क्योंकि नाव में कोई मछली नहीं थी। जाल भी सूखा हुआ था और पैक किया हुआ रखा हुआ था। फिशिंग के भी कोई संकेत नहीं मिल रहे थे।

सदन में हंगामा, आज भी नहीं आए लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला

नई दिल्ली(ए.)। लोकसभा स्पीकर ओम बिरला आज भी सदन नहीं पहुंचे। जानकारी दी गई कि वह हंगामे और धक्का मुक्की से नाराज हैं। उनकी जगह भर्तुहरी महताब हाउस चला रहे हैं। दरअसल, दिल्ली हिंसा के मुद्दे पर लोकसभा में हंगामे से परेशान होकर बिरला ने बुधवार को सदन की कार्यवाही का संचालन नहीं किया। संसद में फिलहाल देश में कोरोना वायरस की स्थिति को लेकर चर्चा चल रही है।

बुधवार को हुआ खूब हंगामा: सदन के कई सदस्यों ने कार्यस्थगन नोटिस भी दिया जबकि स्वास्थ्य मंत्री हर्षवर्धन को कोरोना वायरस को लेकर संबोधन देना था। इस बीच विपक्ष के सदस्य दिल्ली हिंसा के मुद्दे पर सदन में हंगामा करते रहे।

बेहद नाराज हैं बिरला

इससे पहले मंगलवार सुबह सर्वदलीय बैठक में इस बात पर सहमति बनी थी कि कोई भी सांसद सीटें क्रॉस नहीं करेंगे लेकिन सोमवार और फिर मंगलवार को सदन की कार्यवाही में विपक्षी सांसदों ने काफी हंगामा किया। इससे व्यथित होकर बिरला अपने चैंबर में जाकर बैठे रहे। उनकी नाराजगी इस कदर बनी है कि वह बुधवार को भी सदन की कार्यवाही के लिए नहीं पहुंचे।

याद आए... मध्य प्रदेश के नेता विपक्ष गोपाल भार्गव ने बगलामुखी मंदिर में की पूजा

'मिर्ची यज्ञ' के बावजूद हारे थे दिग्विजय सिंह...बीजेपी को 'शत्रुविजय' से मिलेगी जीत

- **नलखेड़ा स्थित इस मंदिर की देवी की सत्ता की देवी के रूप में मान्यता**
- **कमलनाथ सरकार खतरे में, अब भी कई विधायक भोपाल नहीं लौटे हैं**

भोपाल (वार्ता)। मध्य प्रदेश में चल रहे सियासी ड्रामे के बीच अब तंत्र-मंत्र की भी चर्चा है। बहुत से लोग लोकसभा चुनाव में दिग्विजय सिंह के लिए हुए मिर्ची यज्ञ की तस्वीर भूले नहीं हैं। प्रचार के दौरान हिंदुत्व और कथित हिंदू टेरर जैसे मुद्दे उछाले जा रहे थे। इसी बीच दिग्गी ने दांव खेला और कंप्यूटर बाबा की अगुआई में साधुओं ने धूनी रमाई। अब बीजेपी नेता गोपाल भार्गव का 'सत्ता की देवी' के दर पर जाना कई कयासों को बल दे रहा है।

क्या तंत्र-मंत्र के सहारे चुनावी वैतरणी पार की जा सकती है क्या वाकई तांत्रिक क्रिया और अनुष्ठानों से सत्ता के सिंहासन को हासिल किया जा सकता है। मध्य प्रदेश की राजनीति में इसकी सबसे ताजा मिसाल 2019 में भोपाल लोकसभा सीट का चुनाव है। बीजेपी ने मालेगांव ब्लास्ट में आरोपी साध्वी प्रज्ञा सिंह ठाकुर को टिकट दिया था। कांग्रेस से दिग्विजय सिंह मैदान में थे। सियासी फिज़ाओं में इसे 'धर्मयुद्ध' के रूप में प्रचारित किया जा रहा था। दिग्विजय खुद को सनातनी हिंदू बताकर जोर-आजमाइश कर रहे थे। इसी बीच एक बोर्ड पर लोगों की नजर टिक गई। इस पर लिखा था- दिग्विजय सिंह की जीत के लिए हजारों संतों का हठयोग।

चुनावी विश्लेषक संभावना जता रहे थे कि दिग्विजय को हिंदू वोटों का कम समर्थन मिलेगा। ऐसे में 'कट्टर हिंदुत्व' के रूप में प्रज्ञा की चुनौती से निपटने के लिए दिग्विजय ने नया कार्ड खेला। तेज गर्मी और चिलचिलाती धूप के बीच साधु अलग-अलग जलते हुए कंडों (गोबर के उपलों) का घेरा बनाकर उनके बीच बैठे। कंप्यूटर बाबा के नेतृत्व में साधुओं ने दिग्विजय की जीत के लिए मिर्ची यज्ञ भी किया। साधुओं ने दिग्विजय सिंह को आशीर्वाद दिया और उन्होंने अपनी पत्नी अमृता के साथ हवन कुंड में आहुतियां दीं। 8 मई को भोपाल में वोट पड़े और जब 23 मई को नतीजे आए तो साफ हो गया कि कंप्यूटर बाबा ईवीएम में 'तांत्रिक सेंध' नहीं लगा पाए। दिग्विजय साध्वी प्रज्ञा से यह चुनाव 3 लाख 64 हजार 822 वोटों के भारी अंतर से हार गए।

एक बार फिर सियासी ड्रामा जोरों पर

एमपी में एक बार फिर सियासी ड्रामा जोरों पर हैं। सूबे की सत्ता के केंद्र भोपाल से बहुत दूर गुरुग्राम और बेंगलुरु में पासे फेंके जा रहे हैं। कमलनाथ सरकार की कुर्सी खतरे में दिख रही है। 'ऑपरेशन लोटस' के आरोपों के बीच बीजेपी नेता और नेता प्रतिपक्ष गोपाल भार्गव पहुंच गए नलखेड़ा। मध्य प्रदेश में बगलामुखी देवी के दो मंदिर हैं- एक दतिया में और दूसरा आगर-मालवा के इस छोटे से कस्बे नलखेड़ा में। लखुंदर नदी के किनारे बगलामुखी के मंदिर में गोपाल भार्गव का पहुंचना कोई संयोग नहीं था। आगर-मालवा विधानसभा सीट पर उपचुनाव भी होना है।

न्यूज गैलरी

शहर के अंदर हेलमेट की अनिवार्यता खत्म हो : बाबी कश्यप

रायपुर। शहर भर में इन दिनों दो पहिया चालकों को हेलमेट चेकिंग के नाम पर चौक चौराहों पर रोककर यातायात अमले द्वारा जमकर वसूली की जा रही है। इस संबंध में भाजपा के जिला महामंत्री बाबी कश्यप ने जानकारी के दौरान बताया कि उक्त जांच शहर के अंदर नहीं होनी चाहिए। कश्यप के अनुसार शहर के चारों दिशाओं के भीतर के क्षेत्र को यातायात पुलिस को हेलमेट मुक्त करना चाहिए साथ ही उन्होंने गत वर्ष हुई सड़क दुर्घटनाओं के संबंध में तेज रफ्तार वाहन चालकों को राडार के माध्यम से नियंत्रित करने की मांग डीजीपी से की है। बाबी कश्यप के अनुसार शहर के चारों सेक्टरों में रायपुर, भिलाई के अंतर्गत टाटीबंध, महासमुंद रोड के अंतर्गत कृषि महाविद्यालय धमतरी रोड के अंतर्गत फल मार्केट रायपुर एवं बिलासपुर रोड के अंतर्गत रावांभाठा को शहर की अंतिम सीमा मानकर उस तरफ से आने जाने वाहनों को बिना हेलमेट पहनने पर जांच के दायरे में लेने का अनुरोध किया है।

नि :शुल्क कैंसर जांच शिविर का आयोजन 8 को

रायपुर। अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी संकल्प हास्पिटल जिला अस्पताल के पीछे मणीपुर मोहल्ले अंबिकापुर में महिलाओं के लिए निःशुल्क कैंसर जांच शिविर का आयोजन कर रहा है। अस्पताल की चिकित्सिका डॉ. अंकिता गोयल एवं डॉ. लता गोयल ने जानकारी देते हुए बताया कि उक्त अस्पताल में महिलाओं की कैंसर जांच शिविर के अंतर्गत महिलाओं के निःशुल्क स्तन कैंसर सरवाइकल (गर्भाशय) कैंसर की जांच आदि निःशुल्क की जाएगी। दोनों महिला डॉक्टरों ने अंबिकापुर की 30 से अधिक आयु की महिलाओं से उक्त शिविर में निःशुल्क जांच का लाभ लेकर संभावित कैंसर की बीमारी से बचने की अपील की है।

कृषि विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों ने वीडियो कान्फ्रेसिंग के जरिए की बार्क के वैज्ञानिकों से चर्चा

रायपुर। इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों ने एक अभिनव पहल के तहत वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से भाभा परमाणु अनुसंधान केन्द्र, मुम्बई के निदेशक डॉ. ए.के. मोहन्ती, नियंत्रक डॉ. पी. गोवर्धन एवं अन्य वैज्ञानिकों से चर्चा कर बार्क में संचालित कृषि अनुसंधान परियोजनाओं एवं वहां कृषि के क्षेत्र में उच्च शिक्षा कार्यक्रमों की जानकारी प्राप्त की। विद्यार्थियों ने बार्क में कृषि के विद्यार्थियों के लिए रोजगार की संभावनाओं के बारे में भी जानकारी ली। बार्क के बायोसाइंस विभाग के निदेशक डॉ. वेणुगोपालन एवं सहयोगी वैज्ञानिकों ने विद्यार्थियों को कृषि अनुसंधान की नई तकनीकों एवं भविष्य की योजनाओं से अवगत कराया तथा उनकी जिज्ञासाओं का समाधान किया। उल्लेखनीय है कि विगत दिनों बार्क के नियंत्रक डॉ. पी. गोवर्धन के रायपुर प्रवास के दौरान विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. एस.के. पाटील से मुलाकात में इस अभिनव पहल के संबंध में सहमति बनी थी। इस अवसर पर कृषि महाविद्यालय, रायपुर के अधिष्ठाता डॉ. एस.एस. राव और डॉ. दीपक शर्मा प्रमुख वैज्ञानिक एवं समन्वयक आई.जी.के.वी.-बी.ए.आर.सी. ने भाभा परमाणु अनुसंधान केन्द्र के अनुसंधान कार्यों से अवगत कराया। ज्ञात्वय हो कि पिछले पांच वर्षों से इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय के अनुसंधान कार्य भाभा परमाणु अनुसंधान केन्द्र, मुम्बई के पारस्परिक सहभागिता से चल रहा है एवं विश्वविद्यालय के विद्यार्थी वहां स्नातकोत्तर और शोध पाठ्यक्रमों के अंतर्गत अनुसंधान कार्य कर रहे हैं।

साम्प्रदायिकता का जहर छत्तीसगढ़ की तासीर में नहीं है : कांग्रेस

रायपुर (नव प्रदेश)। साम्प्रदायिकता का जहर छत्तीसगढ़ की तासीर में नहीं है। पत्रकारिता विश्वविद्यालय में आरएसएस विचारधारा के कुलपति की नियुक्ति का विश्वविद्यालय के छात्रों द्वारा विरोध का पुरजोर समर्थन करते हुये प्रदेश कांग्रेस के महामंत्री एवं संचार विभाग के

अध्यक्ष शैलेश नितिन त्रिवेदी ने कहा है कि राजभवन द्वारा की गयी राज्य सरकार की अनुशंसाओं की अवहेलना उचित नहीं है। स्पष्ट हो गया है कि छत्तीसगढ़ की तीन चौथाई बहुमत से निर्वाचित सरकार के कामों में किस तरह से अडंगेबाजी की जा रही है। यह सीधे-सीधे आरएसएस द्वारा केन्द्र राज्य संबंधों में हस्तक्षेप का मामला है। छत्तीसगढ़ में पत्रकारिता विश्वविद्यालय का कुलपति कोई जाना माना पत्रकार नियुक्त होता तो छत्तीसगढ़ के लोगों का सिर गर्व से ऊंचा हो जाता। पत्रकारिता विश्वविद्यालय को संघ की विचारधारा के प्रचार-प्रसार का केन्द्र बनाने की कोशिशों का कांग्रेस कड़ी निंदा करती है। कुलपति नियुक्ति के मामले में तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुये श्री त्रिवेदी ने कहा है कि नियुक्ति के दिन ही विरोध की वजह को स्वयं कुलपति ने जायज साबित कर दिया है। जिन कारणों से विरोध हो रहा है, वह पूरी तरह से सही और प्रासंगिक है। विश्वविद्यालय के छात्रों की चिंता कितनी सही है, यह स्पष्ट हो गया है। एबीवीपी कार्यकर्ताओं और संघ स्वयं सेवको के साथ कार्यभार ग्रहण के लिये जाकर पत्रकारिता विश्वविद्यालय के कुलपति ने अपने ऊपर लगे आरोपों की पुष्टि कर दी है। संघ के स्वयं सेवकों के साथ कार्यभार ग्रहण के लिये जाने से कुलपति पद की गरिमा तार-तार हो गयी है।

होली पर्व | रंग-गुलाल-पिचकारियों के साथ ही नगाड़ों का बाजार सजा

नव प्रदेश संवाददाता

रायपुर। रंगों के त्योहार होली को अब महज चार दिन का समय शेष रह गया है। राजधानी के मालवीय रोड, गोलबाजार, बंजारी रोड स्थित होली सामग्रियों के थोक दुकानों में फुटकर व्यापार तेज हो गया है। वहीं बाजारों के साथ ही शहर के गली-मोहल्लों में होली की खुमारी भी चढ़नी शुरू हो गई है।

राजधानी के थोक बाजार के साथ ही फुटकर बाजार में होली की खुमारी अब चढ़नी शुरू हो गई है। शहर के मालवीय रोड, गोलबाजार, बंजारी मंदिर क्षेत्र स्थित थोक दुकानों में रंग-गुलाल और पिचकारियों की दुकानें सजकर तैयार हैं और यहां फुटकर व्यापारियों के अलावा आम ग्राहकी भी शुरू हो गई है। शहर में रंग-गुलाल और पिचकारियों का व्यापार करने वाले व्यापारियों के अनुसार इस वर्ष भी होली में हर्बल और सिटेंट गुलाल की मांग ज्यादा है। इसके अलावा फुटकर ग्राहक भी मेड इन चाइना से परहेज कर रहे हैं। होली सामग्रियों की थोक में खरीददारी पहले से ही शुरू हो गई है। अधिकांश फुटकर व्यापारी होली पर्व के सप्ताह भर पहले से ही खरीददारी शुरू कर चुके हैं। लिहाजा थोक व्यापारियों के यहां से अब फुटकर व्यापारी लगातार माल उठा रहे हैं। हर बार की तरह इस बार भी होली सामग्रियों के थोक व्यापारी चाइना मेड पिचकारी और अन्य वस्तुएं रखने से परहेज कर रहे हैं। थोक व्यापारियों के अनुसार पिछले वर्ष भी अधिकांश व्यापारी चाइना मेड रंग-गुलाल और पिचकारियों के विक्रय से परहेज कर रहे थे, इस वर्ष भी यही ट्रेंड हैं। स्वदेशी रंग-गुलाल को सभी व्यापारी प्रोत्साहित कर रहे हैं। हर साल की तरह इस वर्ष भी हर्बल गुलाल की डिमांड बनी हुई है। इसके अलावा सेंटेट गुलाल, चूड़ी रंग के साथ ही अन्य रंगों की डिमांड फुटकर व्यापारी कर रहे हैं। इसी तरह पिचकारियों में भी इस वर्ष नई रेंज आई हुई है। पारंपरिक पंप पिचकारी के अलावा सिलेंडर पिचकारी और अन्य तरह की पिचकारियों की पूरी रेंज बाजार में उपलब्ध है। इसके अलावा रंग-बिरंगी विग्स ग्राहकों को लुभा रही है।

नगाड़ों की बिक्री में कोई खास इजाफा नहीं

रायपुर। फागुन के इस मौसम में होली और नगाड़ों का चोली दामन का साथ रहता है। रंगों के त्योहार के लिए अब सिर्फ चार दिन बाकी रह गये है लेकिन छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर में नगाड़ों की बिक्री में कोई खास इजाफा नहीं देखा जा रहा है। राजधानी में कालीबाड़ी के पास नगाड़ों की एक बड़ी खेप लेकर आए अशोक कुमार हठिले ग्राहकों के इंतजार में बैठे हैं। वे राजनांदगांव जिले के डोंगरगढ़ से यहां आए हैं। पिछले साल और इस साल की अब तक की बिक्री के बारे में पूछने पर वे कहते हैं- धंधे में उतार-चढ़ाव लगा रहता है। इससे यादा वे और कुछ नहीं बताना चाहते।

केटीयू में कुलपति की ज्वाइनिंग को लेकर एनएसयूआई-एबीवीपी टकराई

- **राजभवन और सरकार के बीच नियुक्ति को लेकर बढ़ी तनातनी**
- **आखिरकार पुलिस और ऐबीवीपी के सहयोग से हुई ज्वाइनिंग**

नव प्रदेश संवाददाता

रायपुर। राजभवन और राज्य सरकार की तनातनी के बीच ज्वाईन करने पहुंचे कुशाभाउ पत्रकारिता विश्वविद्यालय के नए कुलपति प्रो. बलदेवभाई शर्मा को आज ज्वाईन करने के लिए काफी मशक्कत करनी पड़ी। एनएसयूआई के कड़े विरोध और प्रदर्शन के चलते कुलपति अपने कक्ष में भी नहीं घुस पाए। एनएसयूआई नारे लगाती रही 'संघी कुलपति वापिस जाओ।' आलम ये हुआ कि उन्हें कवर देने के लिए अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ताओं को पहुंचना पड़ा।

पत्रकारिता विवि के कुलपति की नियुक्ति को लेकर राजभवन और राज्य सरकार में टकराव के हालात हैं। राज्यपाल अनसुईया उइके द्वारा बलदेव शर्मा को नया कुलपति अपाइंट किया गया है। उधर, कल जानकारी आई कि राज्य सरकार ने कुलपति के लिए जो पोस्ट विज्ञापित हुआ था, उसे ही निरस्त कर दिया है। सरकार ने अगर विज्ञापन ही निरस्त कर दिया तो जाहिर है, कुलपति की नियुक्ति ही सवालों के घेरे में आ गई है। उधर, इन विवादों के बीच नए कुलपति आज सुबह ज्वाइन करने विश्वविद्यालय पहुंचे। उनके पहुंचने से पहले ही एनएसयूआई ने उनके चेम्बर के सामने डेरा जमा लिया था। कुलपति वहां पहुंचे तो उग्र प्रदर्शन शुरू हो गया। उन्होंने अपने चेम्बर में घुसने का काफी प्रयास किया लेकिन वे नाकाम रहे। स्थिति भांपते ही कुलपति राजभवन चले गए। सूत्रों के मुताबिक स्थिति से उन्होंने राजभवन को भी अवगत करा मदद मांगी। आग्रह किया कि राजभवन सचिवालय में उनकी ज्वाईनिंग ले ली जाए। राज्यपाल ने अफसरों को निर्देशित भी किया। लेकिन, अफसरों ने उन्हें बताया कि यह नियम विरुध्द है। सचिवालय के अफसरों ने उन्हें फोन करके इस बारे में पूछा। बोरा ने कहा कि कुलपति को विश्वविद्यालय में ही जाकर ज्वाईनिंग करनी चाहिए।

बोरा ने इस बारे में बताया कि बताया कि राजभवन और विश्वविद्यालय दोनों अलग होते हैं। किसी संस्थान का मुखिया अपने संस्थान में ही ज्वाईनिंग देता है। राजभवन सचिवालय के इंकार के बाद बलदेव शर्मा दोपहर बाद फिर विश्वविद्यालय पहुंचे। एनएसयूआई का प्रदर्शन तब भी जारी था। इस दौरान बड़ी संख्या में पुलिस भी पहुंच गई थी। एनएसयूआई के जवाब में नए कुलपति को कवर देने बड़ी संख्या में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ता भी कैंम्पस पहुंच गए। इसके बाद दोनों ओर से प्रदर्शन शुरू हो गया। कुलपति चेम्बर के गेट से एनएसयूआई कार्यकर्ता हटने के लिए तैयार नहीं थे। लिहाजा, कुलपति रजिस्ट्रार के चेम्बर में चले गए। एबीवीपी कार्यकर्ता भी कुलपति को कवर देने के लिए रजिस्ट्रार आफिस के गेट पर बैठ गए और कुछ कुलपति के साथ अंदर चले गए। रजिस्ट्रार आफिस का दरवाजा बंद कर लिया गया। बंद कमरे में कुलपति ने ज्वाईनिंग ली।

मौसम विभाग का अलर्ट

छत्तीसगढ़ में इस वर्ष पड़ेगी भीषण गर्मी

नव प्रदेश संवाददाता

रायपुर। राज्य के मौसम में आ रहे उतार-चढ़ाव के बीच मौसम विभाग ने इस वर्ष प्रदेश में भीषण गर्मी पड़ने के आसार जताते हुए राहत व बचाव के लिए अभी से उपाय करने राहत आयुक्त को पत्र प्रेषित किया है। राहत आयुक्त को प्रेषित इस पत्र में इस वर्ष छत्तीसगढ़ राज्य में भीषण गर्मी पड़ने की संभावना जताई गई है। मौसम विभाग से जारी पत्र में कहा गया है कि इस वर्ष अप्रैल माह के शुरूआत से ही राज्य में भीषण गर्मी शुरू हो जाएगी। भीषण गर्मी में चलने वाली लू की स्थिति इस वर्ष अप्रैल से ही बनने की प्रबल संभावना बन गई है। लिहाजा अत्यधिक गर्मी और प्रबल लू चलने की संभावनाओं को देखते हुए राहत व बचाव के लिए अभी से उपाय करना आवश्यक हो गया है। मौसम विभाग ने अप्रैल माह में संचालित होने वाली शैक्षणिक संस्थानों के समय में भी परिवर्तन करने का उल्लेख करते हुए शैक्षणिक संस्थानों में सुबह की पाली में कक्षाएं संचालित करने तथा किसी भी स्थिति में दोपहर 12 बजे तक बच्चों को छुट्टी देने का उल्लेख किया है।

इधर राज्य में पड़ने वाली भीषण गर्मी के आसार अभी से नजर आने लगा है। मार्च माह के शुरूआत से ही गर्मी ने अपना असर दिखाना शुरू कर दिया है। हालांकि चक्रवाती सिस्टम के असर से प्रदेश में इस माह के शुरूआत से ही मौसम में उतार-चढ़ाव बना हुआ है। लेकिन अब मौसम में परिवर्तन के आसार कम नजर आ रहे हैं। लिहाजा मौसम विभाग ने पहले से ही अलर्ट जारी कर दिया है। ज्ञात हो कि केन्द्रीय मौसम विभाग ने भी फरवरी माह के अंत में एक अलर्ट जारी करते हुए छत्तीसगढ़ सहित देश के अधिकांश राज्यों में इस वर्ष भीषण गर्मी की संभावना जताई थी। जिस पर अब क्षेत्रीय मौसम विभाग ने भी स्थानीय आंकड़ों के विश्लेषण के बाद यह अलर्ट जारी कर दिया है।

भेंट | राज्यपाल अनुसुईया उइके से जनजाति हितरक्षा मंच के प्रतिनिधिमंडल ने मुलाकात की

समाज के लोग शिक्षित हों, जागरूक बनें: राज्यपाल

नव प्रदेश संवाददाता

रायपुर। राज्यपाल सुश्री अनुसुईया उइके से आज यहां राजभवन में जनजाति हितरक्षा प्रांत प्रमुख श्री कृष्ण कुमार वैष्णव के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल ने मुलाकात की। उन्होंने जनजातियों से संबंधित विभिन्न मुद्दों पर राज्यपाल से चर्चा की। राज्यपाल ने कहा कि संविधान में जनजातियों को अनेक अधिकार दिए गए हैं और उन सभी प्रावधानों एवं शासन की योजनाओं की जानकारी रखें तथा उनका लाभ उठाएं। अपने बच्चों को जरूर स्कूल भेजें। जो बच्चे स्कूल-कॉलेज जा रहे हैं वे किसी भी स्थिति में बीच में स्कूल जाना ना छोड़ें। समाज के लोग शिक्षित और जागरूक हों। जड़ीबूटियों से संबंधित उन्हें जो पारंपरिक ज्ञान हो उसे संरक्षित रखें और दूसरों को भी इसकी जानकारी दें। उन्होंने कहा कि वन समितियों को चार गुठली से चिरौंजीं निकालने की मशीन देने हेतु आवश्यक सहयोग देने का प्रयास किया जाएगा। राज्यपाल सुश्री उइके ने कहा कि जो वन समितियां कार्यरत हैं, वे वनोपज से संबंधित व्यवसाय को अपनाकर आर्थिक रूप से सशक्त हो सकती है। वनोपज की बाजार में इनके अच्छे दाम मिलते हैं। सुश्री उइके ने कहा कि प्रतिनिधिमण्डल की समस्याओं के समाधान के लिए शासन स्तर पर चर्चा की जाएगी। राज्यपाल ने कहा कि जनजातीय समाज के लोग संगठित रहें और अपनी समस्याओं को शासन के समक्ष रखें, उनकी बातें सुनी जाएगी और समाधान होगा। इस अवसर पर कवर्धा जिले के विभिन्न गांव के जनजाति समाज के सदस्य उपस्थित थे।

जनसंपर्क विभाग में कई अधिकारियों का ट्रांसफर

ज्यादातर ज्वाइंट डायरेक्टर, डिप्टी डायरेक्टर, असिस्टेंट डायरेक्टर रायपुर लौटे

रायपुर (नव प्रदेश)। राज्य सरकार ने जनसंपर्क विभाग में अधिकारियों के ट्रांसफर आर्डर जारी किये हैं। ज्वाइंट डायरेक्टर, डिप्टी डायरेक्टर व असिस्टेंट डायरेक्टर स्तर के अधिकारियों के ट्रांसफर किये गये हैं। ये वो अधिकारी है, जिन्हें राज्य सरकार ने पिछले साल राजधानी से बाहर भेजा था, करीब साल भर बाद ही सभी की राजधानी वापसी हो गयी है। संयुक्त संचालक विपिन किशोर तिग्गा को रायपुर से अंबिकापुर भेजा गया है, वहीं संयुक्त संचालक आलोक देव को सरगुजा से वापस रायपुर बुला लिया गया है। डीएस कुशराम की भी जगदलपुर से रायपुर वापसी हो गयी है। डिप्टी डायरेक्टर भगवती कुमार सिंह को जगदलपुर से रायपुर, उषा किरण बड़ाईक को रायगढ़ से राजनांदगांव, सहायक संचालक चंद्रशेखर कश्यप की रायपुर से जगदलपुर, नसीम अहमद खान की जशपुर से रायपुर और सहायक जनसंपर्क अधिकारी को रायगढ़ से जशपुर भेजा गया है।

संपादकीय

मध्यप्रदेश के सियासी बवाल

मध्यप्रदेश में आठ विधायकों के अचानक दिल्ली प्रवास से वहां सियासी बवाल मच गया। 6 कांग्रेसी विधायकों के अलावा सत्तारूढ़ के गठबंधन में शामिल समाजवादी पार्टी और बहुजन समाज पार्टी तथा निर्दलीय विधायक के कांग्रेस छोड़कर भाजपा जाने की अटकलें जोर पकड़ने लगी थी जिससे मध्यप्रदेश की कमलनाथ सरकार पर संकट के बादल गहराने लगे थे। बहरहाल समय रहते कांग्रेस के दिग्गज नेता दिग्विजय सिंह ने मोर्चा संभाल लिया और वे दिल्ली के पास हरियाणा में स्थिति मानेश्वर होटल पहुंच गए जहां आठ विधायक रूके हुए थे, उनमे से चार कांग्रेसी विधायकों को वो अपने साथ लेकर आ गए। इसके बाद मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री कमलनाथ ने विधायकों के साथ लंबी चर्चा की और समझा जा रहा है कि वे कुछ असंतुष्ट विधायकों को मंत्री बनाने पर विचार कर रहे है। उल्लेखनीय है कि मध्यप्रदेश विधानसभा में कांग्रेस को बहुत ही कमजोर बहुमत प्राप्त है। यदि सात-आठ विधायक भी पाला बदल लेते है तो कांग्रेस सरकार गिर सकती है। फिलहाल तो मध्यप्रदेश से सियासी संकट के बादल छट गए है लेकिन अभी खतरा पूरी तरह टला नहीं है। इस बीच कांग्रेस और भाजपा के बीच जुबानी जंग शुरू हो गई है। कांग्रेस नेता दिग्विजय सिंह ने आरोप लगाया है कि भाजपा कांग्रेस के विधायकों की खरीद फरोक्त में लगी हुई है। कांग्रेसी विधायकों को 25 से 35 करोड़ रूपए देने का प्रलोभन दिया जा रहा है। उनके इस आरोप का खंडन करते हुए मध्यप्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि भाजपा इस तरह जोड़-तोड़ कर सरकार बनाने में विश्वास नहीं रखती। कांग्रेस पार्टी में ही गुटबाजी बढ़ गई है और उनकी आंतरिक कलह के कारण ही सियासी उठा पटक हो रही है इससे भाजपा कोई लेना देना नहीं है। गौरतलब है कि 26 मार्च को 17 राज्यों की 55 सीटों के लिए राज्यसभा सदस्यों का चुनाव होने जा रहा है इसमें मध्यप्रदेश की भी सीटें शामिल है इसमें भाजपा को एक सीट का नुकसान होने जा रहा है। गुजरात में भी जब पिछले साल राज्यसभा के लिए चुनाव हुए थे तो उस समय भी भाजपा पर कांग्रेसी विधायकों को लुभाने का अरोप लगा था और कांग्रेसी विधायकों को कर्नाटक ले जाना पड़ा था। दरअसल राज्यसभा चुनाव के पहले इस तरह का बवाल मचता रहा है। रही बात कांग्रेस की तो उसे इस समय नेतृत्व संकट से जूझना पड़ रहा है। कांग्रेस की अंतरीम अध्यक्ष सोनिया गांधी अश्वस्त है और उनकी जगह पार्टी के पूर्ण कालिक अध्यक्ष का पेंच अभी तक फंसा हुआ है। राहुल गांधी ने एक बार फिर अध्यक्ष पद संभालने से स्पष्ट इंकार कर दिया है। यही वजह है कि कांग्रेस पार्टी में अंतरकलह और गुटबाजी बढ़ती जा रही है। जिसके चलते कांग्रेसी विधायकों का असंतोष सामने आ रहा है।

विचार

सीएए: सवाल दर सवाल

संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार परिषद (यूएनएचआरसी) ने संशोधित नागरिकता कानून (सीएए) पर सुप्रीम कोर्ट में हस्तक्षेप याचिका दायर की है। संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार उच्चायुक्त मिशेल बैश्लेट जेरिया की ओर से दायर इस याचिका में कहा गया है कि वह इस मामले में मानवाधिकारों की रक्षा करने, उसे बढ़ावा देने और उस संबंध में आवश्यक वकालत करने के लिए मिले अधिदेश (मैंडेट) के आधार पर न्यायमित्र (तीसरे पक्ष) के तौर पर हस्तक्षेप करना चाहती हैं। उनकी दलील है कि भारत जनतंत्र और मानवाधिकारों के मामले में सभी अंतरराष्ट्रीय मानदंडों का पालन करता रहा है और भारतीय संविधान जनतंत्र और समानता का पक्षधर है, लेकिन यह कानून कहीं न कहीं इन मूल्यों से मेल नहीं खाता। कोर्ट से उनका आग्रह इस बात की जांच करने का है कि यह कानून जनतांत्रिकता और हर किसी को समान नजरिए से देखने की मूल भावना के अनुरूप है या नहीं। ऐसा पहली बार हुआ है जब यूएनएचआरसी ने भारत के किसी कानून के खिलाफ उसकी शीर्ष अदालत का दरवाजा खटखटाया है। इसके पहले 27 फरवरी को यूएनएचआरसी उच्चायुक्त कार्यालय ने अपनी रिपोर्ट में कश्मीर और सीएए, दोनों पर गहरी चिंता जताई थी। रिपोर्ट में कहा गया था कि 'भारत में बहुत बड़ी तादाद में लोगों ने सीएए का विरोध किया है और इनमें सभी समुदायों के लोग शामिल हैं। यह विरोध मोटे तौर पर शांतिपूर्ण रहा है मगर चिंता की बात है कि पुलिस ने इन विरोध प्रदर्शनों से निपटने में ज्यादतियां की हैं। इसके बाद सांप्रदायिक दंगे हुए, जिनमें लोग मारे गए हैं।' मानवाधिकार उच्चायुक्त ने यह रिपोर्ट संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार परिषद को सौंपी है। बहरहाल, सीएए के मामले में यूएनएचआरसी की इस पहल पर भारत सरकार ने गहरी आपत्ति जताई है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रवीश कुमार ने कहा कि हमारा स्पष्ट रूप से मानना है कि भारत की संप्रभुता से जुड़े मुद्दों पर किसी विदेशी पक्ष का कोई अधिकार नहीं बनता। भारत का रुख साफ है कि सीएए संवैधानिक रूप से सही है। एक बात तय है कि पिछले साल दिसंबर में पारित नागरिकता संशोधन कानून (सीएए) देश में अब तक पारित सबसे विवादास्पद कानूनों में से एक है। यह ऐसा कानून है जिसका बढ़-चढ़कर विरोध और समर्थन, दोनों हो रहा है। विरोध की घटनाएं देश के बाहर भी देखी जा रही हैं। कई अंतरराष्ट्रीय संस्थाएं इसे भेदभावपूर्ण मानती हैं। अभी पिछले महीने यूरोपीय संसद में सीएए को लेकर पेश पांच विभिन्न संकल्पों से संबंधित संयुक्त प्रस्ताव पर मतदान होना था, जिसे ऐन मौके पर टाल दिया गया। यह वाकई एक असाधारण मौका है, जब बाहर के

कोरोना का आतंक: घबराएं नहीं पर सतर्क रहें

योगेश कुमार गोयल

> विश्व स्वास्थ्य संगठन ने कोरोना वायरस के संक्रमण से बचने अथवा उसे कम करने के लिए जो सावधानियां बरतने की सलाह दी है और इस वायरस के संक्रमण के खतरे को कम करने के जो उपाय बताए हैं,उनके अनुसार अपने हाथ साबुन और पानी या अल्कोहल युक्त हैंड रब से साफकरें, खांसते या छींकते समय अपनी नाक और मुंह को टिश्यू या मुड़ी हुई कोहनी से ढ़कें। कोरोना को लेकर भले ही पूरी दुनिया में दहशत का माहौल है लेकिन ऐसा भी नहीं है कि कोरोना का संक्रमण हो जाने का सीधा अर्थ मौत ही है। अगर कोरोना से संक्रमित हुए लोगों के मामले देखें तो जहां भारत में केरल में मिले तीनों मरीज उपचार के बाद ठीक हो गए, वहीं चीन में अभी तक काफी लोगों को इलाज के बाद ठीक किया जा चुका है। हालांकि कोरोना वायरस के संक्रमण का अभी तक कोई पुख्ता इलाज नहीं है क्योंकि अब तक इसकी कोई वैक्सीन या टीका नहीं बना है। कोरोना से बचने का एकमात्र तरीका इससे बचने के लिए सुरक्षा के पर्याप्त उपाय अपनाया जाना ही है। बहरहाल, कोरोना के बढ़ते खतरे को देखते हुए बेहद जरूरी है कि भारत में अब कोरोना की दस्तक को हल्के में न लिया जाए और हर व्यक्ति को इससे बचने के तौर-तरीकों और

दिसम्बर माह में चीन से शुरू हुआ कोरोना वायरस का आतंक अब एक-एक कर दुनिया के 70 से भी अधिक देशों में पैर पसार चुका है और दर्जन भर देशों में इसके चलते मौतें भी हो चुकी हैं। चीन में कोरोना संक्रमण के 80 हजार से भी ज्यादा मामले सामने आ चुके हैं और तीन हजार से अधिक मौतें हो चुकी हैं। संक्रमण के मामले में चीन, ईरान, इटली, कोरिया तथा सिंगापुर की स्थिति ज्यादा चिंताजनक है। दूसरी ओर कुछ दिनों पहले भारत में मिले तीन कोरोना मरीजों के ठीक होने के बाद अब दो दिनों के भीतर 11 राज्यों में कोरोना के कई संदिग्ध मरीजों के मिलने से हड़कंप मचा है। इनमें से लगभग सभी दूसरे देशों की यात्रा करके भारत लौटे थे। यही कारण है कि सरकार द्वारा आनन-फानन में सक्रियता दिखाते हुए इटली, ईरान, कोरिया और जापान के वीजा निलंबित कर 12 से भी अधिक देशों से आने वाले यात्रियों की जांच का निर्णय लिया गया है।

चीन के बाहर भी करीब नौ गुना तेजी से फैल रहे कोरोना के बढ़ते खतरे को लेकर लोगों की चिंता बढ़ना तो स्वाभाविक है लेकिन इससे घबराने के बजाय इससे बचने के लिए विशेष सतर्कता और एहतियात बरतना सबसे जरूरी है। संतोषजनक स्थिति यह है कि भारत में कोरोना के नए मामले सामने आने के बाद भारत में भी चीन जैसे हालात न बनने पाएं, इसके लिए सरकार और स्वास्थ्य तंत्र तुरंत सतर्क हो गए हैं और इस वायरस का प्रसार रोकने के लिए सभी जरूरी कदम उठाए जा रहे हैं। दुनिया के अन्य देशों के मुकाबले अगर कोरोना का आतंक हमारे यहां अब तक इस कदर नहीं गहराया तो इसका सबसे बड़ा कारण यही रहा कि जहां चीन ने इस संक्रमण के सामने आने के बाद खबर को दबाने में काफी समय गंवा दिया, वहीं भारत ने समय रहते संक्रमण से बचाव के तरीकों पर कार्य करना शुरू कर दिया था। केरल में कोरोना संक्रमण के तीन मामले सामने आने के बाद ही सरकार द्वारा तमाम एहतियाती कदम उठाए गए थे और भारतीय नागरिकों को चीन न जाने की सलाह देते हुए वहां से आने वाले व्यक्तियों को ई-वीजा नहीं देने का निर्णय लिया गया था। दरअसल भारत व्यापार, कांफ्रेंस, पर्यटन, स्वास्थ्य और मरीजों के सहयोगी के लिए ई-वीजा जारी करता है।

दुनियाभर में कोरोना के आतंक को देखें तो इसने मौतों के मामले में वर्ष 2003 में कहर बनकर बरपे 'सार्स' (गंभीर तीव्र श्वसन सिंड्रोम) को भी काफी पीछे छोड़ दिया है। कोरोना वायरस के संबंध में चीन के राष्ट्रीय स्वास्थ्य आयोग का मानना है कि कोरोना वायरस का करीब 17 साल पहले चीन में आतंक मचा चुके सार्स से जुड़ाव खतरनाक है। कुछ वर्षों पहले सार्स नामक खतरनाक बीमारी का संबंध भी चीन से ही था, जिसके चलते करीब आठ सौ लोगों की मौत हुई थी। कोरोना संक्रमण को लेकर पूरी दुनिया में दहशत के माहौल को देखते हुए विश्व स्वास्थ्य संगठन द्वारा पहले ही वैश्विक स्वास्थ्य आपातकाल घोषित कर दिया गया था और संगठन द्वारा कोरोना वायरस संक्रमण को आतंकवाद से भी गंभीर बताया जा चुका है। दरअसल कोई नहीं जानता कि



कोरोना संक्रमण से विश्वव्यापी दहशत और हो रही मौतों का यह सिलसिला कहां जाकर थमेगा? विश्व स्वास्थ्य संगठन ने कोरोना वायरस को 'कोविड-19' (सीओवीआईडी-19) नाम दिया है, जिसका अर्थ है कोरोना वायरस डिजीज। चिंताजनक स्थिति यह है कि विश्व स्वास्थ्य संगठन स्वयं यह स्वीकार कर रहा है कि विश्वभर में संक्रामक रोग अब पहले से कहीं ज्यादा तेजी से फैल रहे हैं और 1970 के दशक से प्रतिवर्ष नए-नए रोगों के बारे में जानकारी मिल रही है।

विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार अब तक छह प्रकार के कोरोना वायरस की ही जानकारी थी लेकिन वुहान में नए प्रकार के कोरोना वायरस का पता चलने के बाद इनकी संख्या बढ़कर सात हो चुकी है। कोरोना वास्तव में वायरसों का एक बड़ा समूह है, जो कुछ जंगली जानवरों में पाया जाना एक आम बात है। कोरोना वायरस वैसे तो कई किस्म के होते हैं लेकिन अभी तक कुल छह किस्म के इन वायरसों को ही इंसानों को संक्रमित करने के लिए जाना जाता रहा था। अमेरिका के सेंटर फॉर डिजीज कंट्रोल एंड प्रिवेंशन (सीडीएस) के मुताबिक यह वायरस जानवरों से मनुष्यों तक पहुंच जाता है लेकिन इसके मनुष्य से मनुष्य में फैलने की नई प्रवृत्ति ने इसे अत्यंत घातक बना दिया है। इस वायरस से संक्रमित किसी व्यक्ति के सम्पर्क में आने पर यह आसानी से फैल सकता है। एक अध्ययन से यह तथ्य भी सामने आया है कि नया कोरोना वायरस औसतन एक मरीज से दस लोगों में फैल रहा है। लंदन के इंपीरियल कॉलेज के संक्रमण रोग विशेषज्ञ नील फर्ग्यूसन का कहना है कि नया कोरोना वायरस इतना खतरनाक है कि संक्रमण के 60 फीसदी मामलों में सफलता पाकर ही इसे मंद किया जा सकेगा। नए कोरोना वायरस के संक्रमण का अभी तक कोई इलाज नहीं है क्योंकि अब तक इसकी कोई वैक्सीन या दवा नहीं बनी है। कोरोना वायरस के प्रकोप के चलते दुनियाभर में निवेशकों की चिंता भी बढ़ी है। इस वायरस के खौफ के चलते चीन के साथ-साथ वैश्विक अर्थव्यवस्था को भी बहुत बड़ा नुकसान हो रहा है, जिसका असर आने वाले समय में लंबे समय तक देखा जाता रहेगा। जनवरी माह से लेकर अभी तक 11 लाख करोड़ रुपये डूबने का अनुमान लगाया जा रहा है। भारत में चीन से आने वाले कच्चे माल की उपलब्धता न होने के कारण उद्योगों पर बुरा असर पड़ रहा है। इसके अलावा पर्यटन उद्योग और विमानन क्षेत्र को भी काफी घाटा हो रहा है। भारत में रोजगार के क्षेत्र में पर्यटन क्षेत्र का करीब दस फीसदी योगदान है और डीजीपी में इसकी करीब सात फीसदी हिस्सेदारी है। क्वार्ट्ज इंडिया की एक रिपोर्ट के मुताबिक पिछले साल भारत में 1.09 करोड़ विदेशी पर्यटक आए थे लेकिन कोरोना के वैश्विक आतंक के चलते पर्यटकों की संख्या में इस साल बहुत बड़ी गिरावट आना तय है। पिछले साल विदेशी पर्यटकों से भारत को करीब 28 अरब डॉलर की आय हुई थी लेकिन कोरोना के कारण इस वर्ष पर्यटन क्षेत्र पर बहुत बुरा असर पड़ेगा।

कोरोना इतना संक्रामक है कि खांसी, छींक अथवा हाथ मिलाना भी इसके जोखिम का कारण बन सकते हैं। किसी संक्रमित व्यक्ति के छूने और फिर अपने मुंह, नाक अथवा आंखों को छूने से भी इस वायरस का संक्रमण हो सकता है। इसके संक्रमण के बाद सामने आने वाले लक्षणों में तेज बुखार, खांसी, जुकाम, सांस लेने में तकलीफ, नाक बहना और गले में खराश, कभी-कभी सिरदर्द इत्यादि प्रमुख हैं। निमोनिया, फेफड़ों में सूजन, छींक आना, अस्थमा का बिगड़ना भी इसके लक्षण हैं। कुछ ऐसे मामले भी सामने आए हैं, जिनमें कोरोना संक्रमण के बाद भी कई दिनों तक कोई लक्षण नजर नहीं आए।

कलयुग के अवतार खाटू के श्री श्याम

रमेश सर्राफ

> बर्बरीक के शीश ने उत्तर दिया कि कृष्ण ही युद्ध मे विजय प्राप्त कराने में सबसे महान पात्र हैं। उनकी शिक्षा, उनकी उपस्थिति, उनकी युद्धनीति ही निर्णायक थी। उन्हें युद्धभुमि में सिर्फउनका सुदर्शन चक्र घूमता हुआ दिखायी दे रहा था जो कि शत्रु सेना को काट रहा था। महाकाली दुर्गा कृष्ण के आदेश पर शत्रु सेना के रक्त से भरे प्यालों का सेवन कर रही थीं। कृष्ण वीर बर्बरीक के महान बलिदान से काफी प्रसन्न हुये और वरदान दिया कि कलियुग में तुम श्याम नाम से जाने जाओगे, क्योंकि कलियुग में हारे हुये का साथ देने वाला ही श्याम नाम धारण करने में समर्थ होगा। ऐसा माना जाता है कि एक बार एक गाय उस स्थान पर आकर अपने स्तनों से दुग्ध की धारा स्वतः ही बहा रही थी बाद में खुदायी के बाद वह शीश प्रकट हुआ। एक बार खाटू के राजा को स्वप्न में मन्दिर निर्माण के लिये और वह शीश मन्दिर में सुशोभित करने के लिये प्रेरित किया गया।

हमारे देश में बहुत से ऐसे धार्मिक स्थल हैं जो अपने चमत्कारों व वरदानों के लिए प्रसिद्ध हैं। उन्हीं मंदिरों में से एक है राजस्थान में शेखावाटी क्षेत्र के सीकर जिले का विश्व विख्यात प्रसिद्ध खाटू श्याम मंदिर। यहां फाल्गुन माह के शुक्ल पक्ष की द्वादशी को श्याम बाबा का विशाल वार्षिक मेला भरता है जिसमें देश-विदेशों से आये करीबन 25 से 30 लाख श्रृद्धालु शामिल होते हैं। खाटू श्याम का मेला राजस्थान के बड़े मेलों में से एक है। इस मंदिर में भीम के पौत्र और घटोत्कच के पुत्र बर्बरीक की श्याम यानी कृष्ण के रूप में पूजा की जाती है। इस मंदिर के लिए कहा जाता है कि जो भी इस मंदिर में जाता है उन्हें श्याम बाबा का नित नया रूप देखने को मिलता है। कई लोगों को तो इस विग्रह में कई बदलाव भी नजर आते है। कभी मोटा तो कभी दुबला। कभी हंसता हुआ तो कभी ऐसा तेज भरा कि नजरें भी नहीं टिक पातीं। श्याम बाबा का धड़ से अलग शीष और धनुष पर तीन वाण की छवि वाली मूर्ति यहां स्थापित की गईं। कहते हैं कि मन्दिर की स्थापना महाभारत युद्ध की समाप्ति के बाद स्वयं भगवान कृष्ण ने अपने हाथों की थी।

श्याम बाबा की कहानी महाभारत काल से आरम्भ होती है। वे पहले बर्बरीक के नाम से जाने जाते थे तथा पान्डव भीम के पुत्र घटोतकच्छ और नाग कन्या अहिलवती के पुत्र थे। बाल्यकाल से ही वे बहुत वीर और महान यौद्धा थे। उन्होने युद्ध कला अपनी मां से सीखी। भगवान शिव की घोर तपस्या करके उन्हें प्रसन्न किया और उनसे तीन अभेध्य बाण प्राप्त कर तीन बाणधारी के नाम से प्रसिद्ध हुये। अग्नि देव ने प्रसन्न होकर उन्हें धनुष प्रदान किया जो कि उन्हें तीनो लोकों में विजयी बनाने में समर्थ थे। कौरवों और पाण्डवों के मध्य महाभारत युद्ध का समाचार बर्बरीक को प्राप्त हुये तो उनकी भी युद्ध में सम्मिलित होने की इच्छा जागृत हुयी। जब वे अपनी मां से आशीर्वाद प्राप्त करने पहुंचे तब मां को हारे हुये पक्ष का साथ देने का वचन दिया। महाभारत के युद्ध में भाग लगने के लिये वे अपने नीले रंग के घोडे पर सवार होकर

धनुष व तीन बाणों के साथ कुरूक्षेत्र की रणभूमि की और अग्रसर हुये। सर्वव्यापी कृष्ण ने ब्राह्मण वेश धारण कर बर्बरीक से परिचित होने के लिये उसे रोका और यह जानकर उनकी हंसी भी उड़ायी कि वह मात्र तीन बाण से युद्ध में सम्मिलित होने आया है। ऐसा सुनने पर बर्बरीक ने उत्तर दिया कि मात्र एक बाण शत्रु सेना को ध्वस्त करने के लिये पर्याप्त है और ऐसा करने के बाद बाण वापिस तरकस में ही आयेगा। यदि उन्होने तीनो बाणों को प्रयोग में ले लिया गया तो तीनो लोकों में हाहाकार मच जायेगा। इस पर कृष्ण ने उन्हें चुनौती दी की इस पीपल के पेड के सभी पत्रों को छेद कर दिखलाओ, जिसके नीचे दोनो खड़े थे। बर्बरीक ने चुनौती स्वीकार की और अपने तुणीर से एक बाण निकाला और इश्वर को स्मरण कर बाण पेड़ के पत्तो की और चलाया। तीर ने क्षण भर में पेड के सभी पत्तों को भेद दिया और कृष्ण के पैर के इर्द-गिर्द चक्कर लगाने लगा, क्योंकि एक पत्ता उन्होनें अपने पैर के नीचे छुपा लिया था। तब बर्बरीक ने कृष्ण से कहा कि आप अपने पैर को हटा लीजिये वर्ना ये आपके पैर को चोट पहुंचा देगा। कृष्ण ने बालक बर्बरीक से पूछा कि वह युद्ध में किस और से सम्मिलित होगा तो बर्बरीक ने अपनी मां को दिये वचन दोहराते हुये कहा कि वह युद्ध में निर्बल हो और हार की और अग्रसर पक्ष की तरफ से भाग लेगा। कृष्ण जानते थे कि युद्ध में हार तो कौरवों की ही निश्चित है और इस पर अगर बर्बरीक ने उनका साथ दिया तो परिणाम उनके पक्ष में ही होगा। ब्राह्मण बने कृष्ण ने बालक बर्बरीक से दान की अभिलाषा व्यक्त की, इस पर वीर बर्बरीक ने उन्हें वचन दिया कि अगर वो उनकी अभिलाषा पूर्ण करने में समर्थ होगा तो अवश्य करेगा। कृष्ण ने उनसे शीश का दान मांगा। बालक बर्बरीक क्षण भर के लिये चकरा गया परन्तु उसने अपने वचन की दृढ़ता जतायी। बालक बर्बरीक ने ब्राह्मण से अपने वास्तिवक रूप में आने की प्रार्थना की और कृष्ण के बारे में सुन कर बालक ने उनके विराट रूप के दर्शन की अभिलाषा व्यक्त की। तब कृष्ण ने उन्हें अपना विराट रूप दिखाया। उन्होने बर्बरीक को समझाया कि युद्ध आरम्भ होने से पहले युद्धभूमी की पूजा के लिये एक वीर क्षत्रिय के शीश के दान की आवश्यक्ता होती है। उन्होनें बर्बरीक को युद्ध में सबसे बड़े वीर की उपाधि से अलंकृत कर उनका शीश दान में मांगा। बर्बरीक ने उनसे प्रार्थना की कि वह अंत तक युद्ध देखना चाहता है। श्री कृष्ण ने उनकी यह बात स्वीकार कर ली। फाल्गुन माह की द्वादशी को उन्होनें अपने शीश का दान दिया। उनका सिर युद्धभुमि के समीप ही एक पहाडी पर सुशोभित किया गया जहां से बर्बरीक सम्पूर्ण युद्ध का जायजा ले सकते थे। युद्ध की समाप्ति पर पांडवों में ही आपसी खींचाव-तनाव हुआ कि युद्ध में विजय का श्रेय किसको जाता है। इस पर कृष्ण ने उन्हें सुझाव दिया कि बर्बरीक का शीश सम्पूर्ण युद्ध का साक्षी है। उससे बेहतर निर्णायक भला कौन हो सकता है। सभी इस बात से सहमत हो गये।

पाठकों की बात

पत्र, प्रतिक्रियाएं, सोशल मीडिया

सत् के साधक लुलुवा

सत् के साधक लुलुवा हो जाय फेर रद्दा ले टरय नहीं कतकों लोभ, छल-बल आवय तभो कोनो ल डरय नहीं कोंच-हुदर ले परछो खातिर फेर गुस्सा म बरय नहीं इही चिन्हारी आय वोकर वो बात ककरो ल धरय नहीं।

- सुशील भोले

मित्र अगर गहरे दुःख

कोई मित्र अगर गहरे दुःख में आनेवाला हो तो प्रकृति संकेत देती रहती है लगातार आसमान साफ रहते हुये भी उसकी रौशनी तालाब के तलछट के गँदले पानी जैसा हो जाता है.मन या की पूरा अस्तित्व इंतज़ार करता है,रौशनी को अपने सच्चे स्वरूप में आने का।

- शेष अमित

खास पाती

ज्योतिष का विधान देखो

ज्योतिष का विधान देखो, गुणों को मिलाते हैं अवगुणों के साथ लेकिन जिंदगी बिताते हैं गुणों की रफ्तार, धीमी रहती ही सदा से आई गुणों का गुणगान केवल करके ही रिझाते हैं बहुत से गुणीजनों से करके देखी बात हमने राहु-केतु मंगल-शनि सभी को डराते हैं दुनियां भरी पड़ी है, सज्जनों और दुर्जनों से जायेंगे कहां फिर, ये ही लोग तो टकराते हैं दुविधा सभी को रहती कैसा होगा जीवनसाथी तभी तो अधिकतर लोग, कुंडली मिलाते हैं।

- जे डी कुदाल

होता नशा इतना शराब में क्यो



होता नशा इतना शराब में क्यो न फिर गम जाता घुल होता सुरूर इतना शराब में क्यों न फिर प्यार जाता भूल शराब तो बस यूं ही है बदनाम न मिलता सुकून न खोता होश किसी के लिए है ये आदत किसी के लिए है ये ज़रूरत किसी के लिये है मन बहलाना किसी के लिए है ये फैशन है बस शराब वो शय जो बना लेती गुलाम अपना दे कर दिलासे झूठे सच्चे होता नशा शराब में तो फिर क्यों न घुल जाते दुख और गम सारे।।

- मीनाक्षी सुकुमारन

दिल की दुकान पर छान लिया

दिल की दुकान पर छान लिया न सब सिर्फ तस्वीरे नजर आईं .... कोई आवाज नहीं आई ..... दिल तेरा धड़क रहा था तस्वीरें चुप थीं चुप तो तू भी था .... आंखें कुछ बोल रहीं थीं कहां है तू ...... बोल न .... कुछ बोल तो सही और वो मौन टकटकी लगा देखती रही चुपचाप बोलती क्या वो तस्वीर थी।

- प्रतीमा शर्मा

अपना बनकर बहुत दर्द देने लगे हो

अपना बनकर बहुत दर्द देने लगे हो तुम इससे तो पहले पराये ही ठीक थे जरूरत नहीं थी किसी की मुझको जानबूझ कर लगता है जरूरी बन गये समेंट कर तुम्हारी यादों को बैठी हूँ कबसे फुरसत मिले तुम्हें तो इन्हें बिखरने से पहले ले जाओ न चाहा नहीं था चाहूं तुमको फिर चाह कर कैसे भुला दूँ भला सुना था पता नहीं था दिल का टूटा तब जाकर मालूम हुआ दिल था।

- लक्ष्मी माहौर

डिलीट जितना तेजी से होता है

डिलीट जितना तेजी से होता है उतनी तेजी से डाऊनलोड नही होता। क्योकि ..समय सर्जन में ही लगता है। विसर्जन में नही, वो चाहे कोई एप्लिकेशन हो या फिर रिश्ते।।

- धीरज सिंह धीरू

रूठने और मनाने का वक्त अब

रूठने और मनाने का वक्त अब जा चुका है अब बात आर-पार की होगी हम इतने ज्यादा नीचे नहीं गिर सकते कि हम खुद से ही नजर ना मिला सके इसीलिए आप दफा हो जाइए हमारी नजरों से।

- प्रवीण माटी

दिल में मेरे चुभा वो नश्तर अजीब

दिल में मेरे चुभा है, वो नश्तर अजीब है। आँखों में मेरे आज समंदर अजीब है। ग़लती मेरी नहीं है , सज़ा मिल रही मगर , ये देखिये मेरा भी मुक़द्दर अजीब है।

- 'ऐनुल' बरौलवी

QUIZ TIME

1) यदि कोई क्रिकेट गेंद को अधिकतम दूरी तक फेंकना चाहता है, तो उसे किस कोण पर फेंकना चाहिए?
(क) 30 डिग्री (ख) 45 डिग्री (ग) 60 डिग्री (घ) 90 डिग्री

2) संयुक्त राष्ट्र संघ द्वारा विश्व रक्तदाता दिवस कब मनाया जाता है? (14 जून / 14 अगस्त)

3) पैथोलॉजिस्ट थॉमस हार्वे ने 240 टुकड़ों में क्या काटकर निकाला था?

4) फिरोज गांधी पुरस्कार, खेल में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए दिया जाता है। (सही / गलत)

5) स्विट्जरलैंड में स्थित इस संगठन का नाम बतायें ?

उत्तरमाला- (1) 45 डिग्री (2) 14 जून (3) अल्बर्ट आइंस्टीन का मस्तिष्क (4) गलत, पत्रकारिता (5) विश्व चर्च परिषद

Ramaquiz

आज का इतिहास

नई दिल्ली (वार्ता)। 1508 - मुगल शासक नसीरुद्दीन मुहम्मद हुमायूँ का जन्म हुआ। 1775 - मराठा साम्राज्य के पूर्व पेशवा रघुनाथ राव ने अंग्रेजों के साथ सूरत की संधि पर हस्ताक्षर किये जिसके कारण पहला एंग्लो-मराठा युद्ध शुरू हुआ। 1886 - नर्सों की पहली पत्रिका नाइटिन्गेल प्रकाशित हुई। 1902 - मशहूर फुटबॉल क्लब स्पेन के 'मैड्रिड क्लब' की स्थापना हुई थी। 1915 - राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और रवीन्द्रनाथ टैगोर पहली बार शांति निकेतन में मिले। 1924 - इस्मत इनोनु ने तुर्की में एक नयी सरकार बनायी। 1931 - महात्मा गांधी जी ने सिविल अवज्ञा आंदोलन खत्म किया। 1944 - द्वितीय विश्व युद्ध के दौरान अमेरिका ने मित्र देशों के साथ मिलकर बर्लिन पर भारी बमबारी की।

■ न्यूज गैलरी

आज बजट बैठक

दुर्ग। महापौर एवं अध्यक्ष मेयरइन कांउसिल धीरज बाकलीवाल के निर्देशानुसार 6 मार्च 2020 को अपरान्ह 3 बजे निगम के सेन्ट्रल लायब्रेरी स्थित डाटा सेंटर में वर्ष 2020-21 की बजट पर बैठक आयोजित किया गया है। एमआईसी बजट बैठक में सभापति राजेश यादव, निगम आयुक्त इंद्रजीत बर्मन, समस्त विभागीय प्रभारीगण, कार्यपालन अभियंता, एवं सभी विभागीय अधिकारी उपस्थित रहेगें। बैठक में वित्तीय वर्ष 2020-21 पर विभागवार विस्तार से चर्चा कर निर्णय लिया जावेगा।

बालकृष्ण होंगे सहा. राजस्व अधिकारी

भिलाई नगर। कार्यालयीन व्यवस्था को सुचारू रूप से संपादन करने निगम में पदस्थ राजस्व निरीक्षकों के स्थानों में आयुक्त ऋतुराज रघुवंशी ने फेरबदल करते हुए मलखान सिंह सोरी राजस्व निरीक्षक को जोन 4 से स्थानांतरित करते हुए जोन 5 का प्रभारी सहायक रा. अधिकारी, प्रकाश अग्रवाल रा. निरीक्षक तोड़फोड़ को रा. विभाग से स्थानांतरित करते हुए जोन 1 का प्रभारी सहायक रा. अधिकारी, अनिल मेश्राम रा. निरीक्षक को जोन 5 से स्थानांतरित कर जनगणना विभाग मुख्य कार्यालय भेजा।

लावारिस बच्चे को इटली की दंपति ने लिया गोद

अब तक 54 बच्चों को मिला अपना नया परिवार

नवप्रदेश संवाददाता

दुर्ग। जिसका कोई नहीं होता है, उसका भगवान होता है। यह कथन बोरसी में संचालित मातृछाया सेवा भारती संस्था में पले बढ़े 4 वर्षीय मासूम बच्चे कुमार गोलू पर सौ फीसदी फीट बैठती है। मेडिकली रूप से अनफिट इस बच्चे को कुछ वर्ष पूर्व किसी ने लावारिस अवस्था में संस्था में छोड़ दिया था। जिसे इटली के माल्टा शहर के मिस्टर करस्टीन स्कारबस एडवर्ड व मिसेज जानी स्कारबस एडवर्ड दंपति ने गोद लेकर अपने सुने घर आंगन को खुशियों से रौशन किया है। जिससे बच्चे की अब विदेश में नए सिरे से बेहतर जीवन की शुरुआत होगी। गोदनामा कि इस प्रक्रिया में मातृछाया सेवाभारती संस्था का अहम योगदान रहा। यह संस्था पिछले 6 वर्षों से संचालित है। संस्था के माध्यम से अब तक 54 बच्चों को अपना नया परिवार मिल चुका है। जिनमें चार बच्चों को विदेशी माता-पिता का नाम मिला है। मातृछाया सेवाभारती संस्था के चहेते बच्चे कुमार गोलू की गोदनामा प्रक्रिया संस्था में उल्लास भरे कार्यक्रम में पूरी की गई। इस दौरान इटली के माल्टा शहर के एडवर्ड दंपत्ति को बाकायदा भारतीय संस्कृति के अनुरूप गोदनामा की सारी रस्में व रिवाज का अनुशरण करवाया गया। तत्पश्चात महापौर धीरज बाकलीवाल, श्री साईं मंदिर समिति अध्यक्ष श्रीकांत समर्थ. मातृछाया सेवाभारती संस्था अध्यक्ष डॉ सुधीर हिशीकर की मौजूदगी में विदेशी दंपति को बच्चा सुपूर्दनामा किया गया। जिससे विदेशी दंपति के चेहरे खिल उठे।

रूंगटा में व्योम 2020 का आगाज

नवप्रदेश संवाददाता

भिलाई। संतोष रूंगटा ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस के तकनीकी सांस्कृतिक एवं खेल महोत्सव व्योम 2020 का आकाश में बलून छोड़कर उद्घाटन किया गया। इस बार की थीम हैरीपॉटर फिल्म के किरदार पर आधारित है। जहां हैरीपॉटर, हर्माइनी ग्रेंजर और रॉनविज्ली, गरुड़ द्वार, नाग वंश, नाग द्वार जैसे अनेक रहस्यमयी सेटों से पूरा परिसर कल्पनालोक में तब्दील हो गया है। विशालकाय स्पॉइडर, दमपिशाच, उल्लू, खोपडियों का जंगल जीवन के अंतिम दिनों की वास्तविकता को इंगित कर रहा हैए तो दूसरी ओर बाज सफ्लता की ऊंचाइयों को दर्शा रहा है। कॉलेज परिसर के चारों ओर चिंतामुक्त माहौल में विद्यार्थियों की कला दिखाई दे रही है। कहीं देशभक्ति गीतों पर झूमते नजर आ रहे हैंए तो कहीं खेल में दम दिखा रहे हैं। आडिटोरियम में व्यक्तित्व को निखारने मिले अवसर का युवा पूरा लाभ उठा रहे हैं। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि चेयरमैन संतोष रूंगटा व श्रीमति शकुंतला रूंगटा के साथ अन्य अतिथियों में समूह के निदेशक डा. सौरभ रूंगटा, एफ एंड सोनल रूंगटा, प्राचार्य डॉ. मोहन अवस्थी, डॉ. डीके त्रिपाठी, प्राचार्य डॉ. नीमा एस बालन, प्रो. एसबी बुर्जे, प्रो. एजाजुद्दीन, डॉ. मनोज वर्गिस, प्रो. एस भारती, के जोएल आदि मौजूद थे। इस आयोजन के माध्यम से विद्यार्थियों में रचनात्मक सोच के साथ जहां अलग.अलग वर्गों में 50 से अधिक प्रतियोगिताएं रखी गई हैं।

निगम टीम ने नेहरू नगर के दो स्थानों पर की कुर्की

कार्रवाई देख बकायादारों ने जमा की राशि

नवप्रदेश संवाददाता

भिलाई नगर। नगर पालिक निगम भिलाई क्षेत्र अंतर्गत आने वाले नेहरू नगर में 2 बकायादारो की संपत्ति कुर्क करने निगम की टीम, पुलिस बल के साथ मुख्य कार्यालय से प्रातः 11 बजे रवाना हुई। बकायादारो ने कुर्की की कार्रवाई होते देखकर बकाया राशि जमा करने की बात कही, तब कुर्की टीम को प्रभारी राजस्व अधिकारी तरुण पाल ने राशि जमा करवाने के निर्देश दिए। गौरतलब है कि निगम भिलाई क्षेत्र अंतर्गत स्थित भवन, भूमियों पर बकाया राशि की वसूली के लिए नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 175 के अधीन कुर्की वारंट जारी किए गए हैं इन्हें पहले 173 एवं 174 के तहत नोटिस भी दिया जा चुका है तथा कई बार राशि वसूली के लिए संपर्क भी किया गया फ्रि भी बकाया कर जमा नहीं किया गया जिस पर निगम ने कुर्की करने का सख्त निर्णय लिया। कुर्की, वसूली के लिए निगम के कुर्की अधिकारी एवं कुर्की दल नेहरू नगर व्यवसायिक कांप्लेक्स स्टेट बैंक के समीप प्लॉट नंबर 3 सविता सोनी पति बलराम प्रसाद सोनी के यहां पहुंचे और दुकान के मुख्य द्वार पर ताला लगाना प्रारंभ कर दिया तब आनन.फानन में बकायादार ने पहुंचकर राशि जमा करने की बात कही जिस पर बकाया राशि में से 60000 का चेक बकायादार ने जमा किया। तब कुर्की दल के अधिकारी साकेत नगर कुरूद रोड कोहका मैसर्स मित्रा इंटीरियर पहुंचे जहां पर कार्यवाही प्रारंभ की गई तब बकायादार ने बकाया राशि जमा करने की बात कही जिस पर बकाया राशि में से बकायादार से 6 लाख का चेक प्राप्त किया गया।

एहतियात बरतने की अपील

नवप्रदेश संवाददाता

दुर्ग। जिला प्रशासन द्वारा कोरोना वायरस की आशंका को देखते हुए नागरिकों को एहतियात बरतने के निर्देश दिए गए हैं। कलेक्टर अंकित आनंद द्वारा आम. जनता से अपील की गयी है कि इस संबंध में स्वास्थ्य विभाग द्वारा जारी किये गए उपायों पर विशेष ध्यान दें। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ गंभीर सिंह ठाकुर ने बताया कि कोरोना (एनसीओवीआई डी 19) वायरस से बचाव हेतु अपनी व्यक्तिगत स्वच्छता पर ध्यान दें, साबुन से लगातार हाथ धोते रहें, मुंह ढंके और हैण्ड सेनेटाईजर का उपयोग करें। डॉ. ठाकुर एवं डॉ. आरके खण्डेलवाल जिला नोडल अधिकारी आईडीएसपी दुर्ग द्वारा जन जागरूकता लाया जा रहा है। जिले में विदेशों से आये हुए यात्रियों से संपर्क कर स्वास्थ्य की जानकारी तथा होम आईसोलेशन की प्रक्रिया की जा रही है। जिला चिकित्सालय एवं अन्य चिन्हांकित निजी चिकित्सालयों में आईसोलेशन वार्ड बनाकर कुल 28 बेड आरक्षित किया गया है।

फाउंडेशन ने किए 6 विद्यार्थी पुरस्कृत

नवप्रदेश संवाददाता

कुम्हारी। विचक्षण जैन विद्यापीठ के विद्यार्थियों ने संस्था में मिलें संस्कारों का प्रतिफ्ल दिखाया और नयी दिल्ली की संस्था '' स्माइल फाउंडेशन '' को 95281 रूपये की राशि का सहयोग कर अनुकरणीय उदाहरण प्रस्तुत किया। माता-पिता की प्रेरणा का भी बच्चों पर असर हुआ और एक बड़ी राशि एकत्रित हो गयी। स्माइल फाउंडेशन ने ऐसे 6 विद्यार्थियों को पुरस्कृत भी किया जिन्होंने सर्वाधिक राशि का अर्थ सहयोग दिया। जिनमें माध्यमिक स्तर पर कक्षा- सातवीं ''अ ''के हर्षित झाबक ने 2700,जैनम रामपुरिया ने 2100 , धैर्य चोपड़ा ने 2000, प्राथमिक स्तर पर कक्षा- चार के धैर्य जैन ने 5000 ,कक्षा- दो के आर्य जैन ने 2100 ,कक्षा- एक के जशवर्धन ने 1800 की राशि प्रदत की। विचक्षण जैन विद्यापीठ की प्राचार्या श्रीमती नंदिनी चतुर्वेदी ने बताया कि - उन कक्षा शिक्षिकाओं को भी स्माइल फाउंडेशन ने सम्मानित किया जिन्होंने बच्चों को प्रेरित कर बड़ी राशि एकत्रित करने में सहयोग दिया जिनमें कक्षा- चार की श्रीमतीअनुराधा चटर्जी ,कक्षा- सात की डॉ. खुश्बू यादव है। इस अवसर पर उप प्राचार्या श्रीमती के जी मिनी कुरुप सहित समस्त स्टाफ उपस्थित था।

स्माइल फाउंडेशन के जोन प्रमुख जितेन्द्र कुमार व कोवाडीनेटर संतोष खंडूजा ने बताया कि यह वह संस्था है ,जो ऐसे गरीब बच्चों को पालक संस्था के रुप में सहयोग करती हैं जो आर्थिक रूप से कमजोर होते हैं।

न्यायालय नायब तहसीलदार दुर्ग-1 (छ.ग.)
उद्घोषणा
रा.प्र.क्र.//अ-06/वर्ष 2019-20
एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है आवेदिका तारीणी साहू पति प्रीतम कुमार साहू साकिन डुण्डेरा के द्वारा ग्राम डुण्डेरा प.ह.न. 41 रा.नि.मं. अण्डा तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 1023 रकबा 1525 वर्गफुट. हे. भूमि विक्रेता पूर्णिमा पति श्री चंद्रिका प्रसाद से रजिस्टर्ड बैनामा दिनांक 20.02.2020 को क्रय किया गया है। उक्त आवेदित भूमि को क्रेता के नाम पर प्रमाणीकरण किए जाने हेतु आवेदन पत्र इस न्यायालय मे प्रस्तुत किया गया है।
अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर दावा हो तो व नियत पेशी दिनांक 16.03.2020 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम ये इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नहीं किया जावेगा
आज दिनांक 29.02.2020 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया है।
मुहर — नायब तहसीलदार दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय नायब तहसीलदार दुर्ग-1 (छ.ग.)
उद्घोषणा
रा.प्र.क्र.//अ-06/वर्ष 2019-20
एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है आवेदक खिलावन प्रसाद आ. चंद्रिका साकिन डुण्डेरा के द्वारा ग्राम डुण्डेरा प.ह.न. 41 रा.नि.मं. अण्डा तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 882/1 रकबा 1089 वर्गफुट हे. भूमि विक्रेता पूर्णिमा पति श्री चंद्रिका प्रसाद से रजिस्टर्ड बैनामा दिनांक 24.02.2020 को क्रय किया गया है। उक्त आवेदित भूमि को क्रेता के नाम पर प्रमाणीकरण किए जाने हेतु आवेदन पत्र इस न्यायालय मे प्रस्तुत किया गया है।
अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर दावा हो तो व नियत पेशी दिनांक 16.03.2020 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम ये इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नहीं किया जावेगा
आज दिनांक 28.02.2020 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया है।
मुहर — नायब तहसीलदार दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय नायब तहसीलदार दुर्ग-1 (छ.ग.)
उद्घोषणा
रा.प्र.क्र.//अ-06/वर्ष 2019-20
एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है आवेदिका लता सोनवानी पति सुखेन लाल साकिन उतई के द्वारा ग्राम उतई प.ह.न. 42 रा.नि.मं. अण्डा तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 1137/1 रकबा 1358.11 हे. भूमि विक्रेता रुपनारायण पिता स्व. लूमचंद से रजिस्टर्ड बैनामा दिनांक 18.02.2020 को क्रय किया गया है। उक्त आवेदित भूमि को क्रेता के नाम पर प्रमाणीकरण किए जाने हेतु आवेदन पत्र इस न्यायालय मे प्रस्तुत किया गया है।
अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर दावा हो तो व नियत पेशी दिनांक 19.03.2020 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम ये इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नहीं किया जावेगा
आज दिनांक 02.03.2020 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया है।
मुहर — नायब तहसीलदार दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय नायब तहसीलदार दुर्ग-1 (छ.ग.)
उद्घोषणा
रा.प्र.क्र.//अ-06/वर्ष 2019-20
एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है आवेदक ईश्वरी प्रसाद आ. स्व. जागेश्वर साकिन उतई के द्वारा ग्राम उतई प.ह.न. 42 रा.नि.मं. अण्डा तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 134 रकबा 0.090 हे. भूमि विक्रेता ममता जैन पति राजेश जैन से रजिस्टर्ड बैनामा दिनांक 27.02.2020 को क्रय किया गया है। उक्त आवेदित भूमि को क्रेता के नाम पर प्रमाणीकरण किए जाने हेतु आवेदन पत्र इस न्यायालय मे प्रस्तुत किया गया है।
अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर दावा हो तो व नियत पेशी दिनांक 17.03.2020 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम ये इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नहीं किया जावेगा
आज दिनांक 02.03.2020 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया है।
मुहर — नायब तहसीलदार दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)
उद्घोषणा
रा.प्र.क्र./721/अ-06/वर्ष 2019-20
एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदिका श्रीमती शोभा यादव अन्य 02 पति स्व. तुमेश्वर यादव उर्फ तामेश्वर यादव निवासी ग्राम बोरसी तहसील व जिला दुर्ग के द्वारा ग्राम बोरसी तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 241/139 रकबा 0.007 हे. भूमि जो कि आवेदक/ शामिलात सहखातेदार के नाम पर वर्तमान राजस्व अभिलेख में दर्ज है। आवेदित भूमि के खातेदार तुमेश्वर यादव उर्फ तामेश्वर यादव, पुनीत राम यादव की मृत्यु हो जाने पर फौती दर्ज कर मृतक खातेदार के सभी विधिक वारिसानों का नाम राजस्व अभिलेख में दर्ज किए जाने हेतु आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।
अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 23.03.2020 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।
आज दिनांक 27.02.2020 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।
मुहर — तहसीलदार दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)
उद्घोषणा
रा.प्र.क्र./726/अ-06/वर्ष 2019-20
एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक चुरामन बंछोर पिता स्व. कालिया सोना बंछोर निवासी ग्राम गंजपारा दुर्ग तहसील व जिला दुर्ग के द्वारा ग्राम कसारीडीह तह. व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 217/5 रकबा 0.008 हें भूमि को विक्रेता श्रीमती गोदावरी बाई अन्य पति दयालुराम यादव निवासी ग्राम रुआबांधा भिलाई से रजिस्टर्ड बैनामा दिनांक 18.02.2020 को क्रय किया है। उक्त आवेदित भूमि को रजिस्टर्ड बैनामा के आधार पर क्रेता के पक्ष में प्रमाणीकरण किये जाने हेतु आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।
अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 17.03.2020 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।
आज दिनांक 28.02.2020 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।
मुहर — तहसीलदार दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)
उद्घोषणा
रा.प्र.क्र./741/अ-06/वर्ष 2019-20
एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदिका श्रीमती पूनम मौर्य पति दिनेश कुमार मौर्य निवासी ग्राम विराट नगर बोरसी तहसील व जिला दुर्ग के द्वारा ग्राम बोरसी तह. व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 227/52 रकबा 0.012 हें भूमि को विक्रेता राजमणी वर्मा पति आर.एस. वर्मा निवासी कसारीडीह से रजिस्टर्ड बैनामा दिनांक 26.02.2020 को क्रय किया है। उक्त आवेदित भूमि को रजिस्टर्ड बैनामा के आधार पर क्रेता के पक्ष में प्रमाणीकरण किये जाने हेतु आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।
अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 18.03.2020 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।
आज दिनांक 03.03.2020 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।
मुहर — तहसीलदार दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)
ईश्तहार
रा.प्र.क्र./34/अ-06 अ/वर्ष 2019-20
एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि आवेदिका गोदावरी बाई पति जगतुराम साकिन पोटियाकला के द्वारा ग्राम पोटियाकला प.ह.न. 23 तहसील व जिला दुर्ग में स्थित भूमि स्वामी हक की भूमि खसरा नंबर 831/2, 365/13, 438/4, रकबा कुल 0.563 हें. भूमि दर्ज अंकित नाम नाबालिक रोशन एवं दुखितराम आ. जगतु राम में सुधार कर बालिक रोशन एवं दुखितराम आ. जगतुराम पटवारी अभिलेख में दर्ज किए जाने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है।
अतः जिस किसी भी व्यक्ति अथवा संस्था को इस संबंध में आपत्ति दावा या उजर पेश करना हो तो पेशी दिनांक 19.03.2020 तक स्वयं अथवा अपने द्वारा अधिकृत व्यक्ति के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति/आक्षेप पेश कर सकते है। बाद में प्राप्त आपत्ति आवेदन पर कोई विचार नही किया जावेगा।
आज दिनांक 03.03.2020 को मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय के पद मुद्रा से यह उद्घोषणा पत्र प्रकाशन हेतु जारी किया गया है।
मुहर — तहसीलदार दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)
उद्घोषणा
रा.प्र.क्र./212/अ-74/वर्ष 2019-20
एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक रमेश साहू वगै. पिता श्रीराम साहू निवासी ग्राम शिवपारा तहसील व जिला दुर्ग के द्वारा ग्राम दुर्ग तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 671/3 रकबा 0.0040 हे. भूमि जो कि आवेदक/ शामिलात सहखातेदार के नाम पर वर्तमान राजस्व अभिलेख में दर्ज है। आवेदक द्वारा मूल ऋण पुस्तिका गुम हो जाने पर डुप्लीकेट ऋण पुस्तिका प्रदाय करने हेतु आवेदन पत्र चालान की मूल प्रति, बैंको द्वारा प्रस्तुत अनापत्ति प्रमाण पत्र, थाना की रिपोर्ट व राजस्व अभिलेख सहित इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।
अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 13.03.2020 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।
आज दिनांक 26.02.2020 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।
मुहर — तहसीलदार दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय नायब तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)
उद्घोषणा
रा.प्र.क्रं./11/अ-27/वर्ष 2019-20
पंजी. 202001101400020
एतद द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक भूखनलाल पटेल आ. बुदुराम पटेल निवासी उतई तह. व जिला दुर्ग के द्वारा ग्राम उतई तह. व जिला दुर्ग स्थित खसरा नंबर 716/1 रकबा 0.150 हे. मे से आवेदक को 0.110 हे. तथा अनावेदक को 0.040 हे. भूमि जो कि आवेदक एवं बिजेन्द्र के नाम पर शामिलात रुप से वर्तमान राजस्व अभिलेख में दर्ज है। उक्त भूमि का पूर्व में हुए आपसी बंटवारा एवं कास्त कब्जा के आधार पर पृथक- पृथक सामान हिस्सो में खाता विभाजन किए जाने हेतु आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।
अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 14.03.2020 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।
आज दिनांक 27.02.2020 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।
मुहर — नायब तहसीलदार दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय नजूल जांच अधिकारी दुर्ग (छ.ग.)
उद्घोषणा
एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि श्री जगदीश प्रसाद गुप्ता आ. स्व. श्री गणेशीलाल निवासी शनिचरी बाजार दुर्ग के द्वारा नजूल शीट क्रमांक 4 अ भूखण्ड क्रमांक 29 रकबा 3300 वर्गफीट का स्थायी पट्टा दिया गया है। पट्टा धारक श्री गणेशीलाल, रमेश कुमार गुप्ता की मृत्यु दिनांक 30.04.2010 को हो जाने के फलस्वरुप उक्त भूखण्ड की वारिसान हक में आवेदक के नाम पर दर्ज करने हेतु नामांतरण आवेदन- पत्र प्रस्तुत किया है। प्रकरण लोक अदालत में आपसी राजीनामा के आधार पर नामांतरण हेतु विचाराधीन है।
अतः उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति को किसी प्रकार का उजर या दावा पेश करना हो तो नियत पेशी दिनांक 13.03.2020 तक स्वयं या अधिकृत व्यक्ति के माध्यम से दावा या आपत्ति प्रस्तुत करें। नियत समयावधि पश्चात प्राप्त दावा आपत्तियां विचारणीय नही होगा।
मेरे हस्ताक्षर व न्यायालय मुद्रा से आज दिनांक 24.02.2020 को जारी किया गया।
मुहर — नजूल जांच अधिकारी दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)
उद्घोषणा
रा.प्र.क्र.//अ-06/वर्ष 2019-20
एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक अब्दुल कबीर कुरैशी पिता स्व. अब्दुल जब्बार निवासी ग्राम तकियापारा दुर्ग तहसील व जिला दुर्ग के द्वारा ग्राम दुर्ग तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 1007/3 शामिल 1009/6 रकबा 0.009 हें. भूमि को हकत्यागकर्ता मोहम्मद अब्दुल रहमान कुरैशी अन्य 04 पिता स्व. अब्दुल जब्बार निवासी ग्राम तकियापारा दुर्ग से रजिस्टर्ड हकत्याग दिनांक 27.02.2020 द्वारा प्राप्त हुआ है। उक्त आवेदित भूमि को रजिस्टर्ड हकत्यागपत्र के आधार पर स्वयं का नाम राजस्व अभिलेख में यथावत रखते हुए शेष खातेदारों का नाम राजस्व अभिलेख से विलोपित किये जाने हेतु आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।
अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 19.03.2020 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।
आज दिनांक 03.03.2020 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।
मुहर — तहसीलदार दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)
उद्घोषणा
रा.प्र.क्र.//अ-06/वर्ष 2019-20
एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक ज्ञानेन्द्र, त्रिवेन्द्र देवांगन पिता स्व. गयाराम देवांगन निवासी ग्राम मुकुट नगर तहसील व जिला दुर्ग के द्वारा ग्राम तितुरडीह तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 32/30 रकबा 0.0220 हें. भूमि को हकत्यागकर्ता खुशाल सिंह देवांगन पिता स्व. गयाराम देवांगन निवासी ग्राम मुकुट नगर तह. व जिला दुर्ग से रजिस्टर्ड हकत्याग दिनांक 27.02.2020 द्वारा प्राप्त हुआ है। उक्त आवेदित भूमि को रजिस्टर्ड हकत्यागपत्र के आधार पर स्वयं का नाम राजस्व अभिलेख में यथावत रखते हुए शेष खातेदारों का नाम राजस्व अभिलेख से विलोपित किये जाने हेतु आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।
अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 23.03.2020 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।
आज दिनांक 03.03.2020 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।
मुहर — तहसीलदार दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय नायब तहसीलदार भिलाई 03 जिला- दुर्ग (छ.ग.)
ईश्तहार
रा.प्र.क्र.//ब-121/वर्ष 2019-20
एतद् द्वारा सर्वसाधारण आम जनता ग्राम भिलाई 03 प.ह.नं. 01 रा.नि.मं. भिलाई 03 तह. पाटन जिला दुर्ग (छ.ग.) को सूचित किया जाता है कि आवेदक शिव कुमार ढीमर पिता देव सिंह ढीमर निवासी इंदिरा पारा भिलाई 03 द्वारा अपने पिता देव सिंह ढीमर का मृत्यु दिनांक 06.02.1983 को हुआ है। जिसका जन्म/ मृत्यु प्रमाण पत्र प्राप्त करने बाबत् है। जिस पर किसी भी व्यक्ति को आपत्ति दावा पेश करना हो तो व दिनांक 09.03.2020 तक मेरे समक्ष उपस्थित होकर लिखित रुप से नियत दिनांक तक आपत्ति पेश कर सकते है। तिथि पश्चात आने वाले आपत्तियों पर विचार नहीं किया जावेगा।
आज दिनांक 04.03.2020 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी।
मुहर — नायब तहसीलदार भिलाई-3 जिला दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय नायब तहसीलदार दुर्ग अण्डा सर्किल (छ.ग.)
उद्घोषणा
रा.प्र.क्र./316/अ-06/ वर्ष 2019-20
एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक संतोष लाल आ. श्री भुलऊराम ढीमर साकिन कुथरेल के द्वारा ग्राम भानपुरी प.ह.न 38 रा.नि.मं. अण्डा तह व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 97 रकबा 0.20 हे. भूमि को विक्रेता मुरलीधर पिता श्री कांशीराम निवासी ग्राम भानपुरी से रजिस्टर्ड बैनामा दिनांक 16.03.2020 को क्रय किया गया है। उक्त आवेदित भूमि को क्रेता के नाम पर प्रमाणीकरण किये जाने हेतु आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।
अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत दिनांक 12.03.2020 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।
आज दिनांक 18.02.2020 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।
मुहर — नायब तहसीलदार दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)
उद्घोषणा
रा.प्र.क्र./1036/अ-2/ वर्ष 2019-20
आनलाईन पंजी. 202003100400098
एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदिका श्रीमती दीपमाला पाटले पति शत्रुहन पाटले निवासी राजेन्द्र प्रसाद नगर दुर्ग द्वारा अपने भूमिस्वामित्व की ग्राम जामुल प.ह.न. 18 तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नं. 266/13 रकबा 0.016 हें अर्थात 1720 वर्ग. भूमि का आवासीय प्रयोजन हेतु व्यपवर्तन के लिए छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 59(2) के तहत् पुर्ननिर्धारण बाबत् आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है। जिसके संबंध में प्रकरण विचाराधीन है।
अतएव इस संबंध में आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का दावा -आपत्ति हो तो प्रकरण में उद्घोषणा प्रकाशन से 15 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।
यह उद्घोषणा आज दिनांक 05.03.2020 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।
मुहर — अनुविभागीय अधिकारी दुर्ग जिला, दुर्ग (छ.ग.)

कार्यालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) पाटन जिला दुर्ग (छ.ग.)
ईश्तहार
प्र.क्र.//अ-2/ वर्ष 2019-20
एतद् द्वारा सर्व आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदक मेघराज सोनकर पिता श्री मनहरन लाल निवासी डंगनिया रायपुर तहसील व जिला रायपुर के द्वारा अपने भूमि स्वामित्व की भूमि ग्राम अमलेश्वर प.ह.न. 05 तहसील पाटन व जिला दुर्ग की स्थित भूमि खसरा नंबर 619/18 रकबा 0.010 हें. अर्थात 756 वर्गफीट की आवासीय मद हेतु डायवर्सन किये जाने के लिये आवेदन पत्र छ.ग.भू.रा. संहिता 1959 की धारा 172 के तहत् प्रस्तुत किया हैं।
अतः जिस किसी भी व्यक्ति या संस्था को उजर दावा आपत्ति हो तो स्वयं या अपने अधिकृत व्यक्ति के माध्यम से नियत दिनांक 20.03.2020 को न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति पेश कर सकतें हैं। नियत दिनांक के पश्चात् प्राप्त आवेदन कोई विचार नहीं किया जावेगा।
आज दिनांक 05.03.2020 को मेरे हस्ताक्षर व न्यायालय की मुहर लगाकर जारी किया गया।
मुहर — अनुविभागीय अधिकारी पाटन जिला, दुर्ग (छ.ग.)

कार्यालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) पाटन जिला दुर्ग (छ.ग.)
ईश्तहार
प्र.क्र.//अ-2/ वर्ष 2019-20
एतद् द्वारा सर्व आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदक सुधाकर जामुलकर पिता श्री बी.आर. जामुलकर निवासी रिसाली तहसील व जिला दुर्ग के द्वारा अपने भूमि स्वामित्व की भूमि ग्राम उरला प.ह.न. 03 तहसील पाटन व जिला दुर्ग की स्थित भूमि खसरा नंबर 39/30 रकबा 0.02 हें. अर्थात 2400 वर्गफीट की आवासीय मद हेतु डायवर्सन किये जाने के लिये आवेदन पत्र छ.ग.भू.रा. संहिता 1959 की धारा 172 के तहत् प्रस्तुत किया हैं।
अतः जिस किसी भी व्यक्ति या संस्था को उजर दावा आपत्ति हो तो स्वयं या अपने अधिकृत व्यक्ति के माध्यम से नियत दिनांक 20.03.2020 को न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति पेश कर सकतें हैं। नियत दिनांक के पश्चात् प्राप्त आवेदन कोई विचार नहीं किया जावेगा।
आज दिनांक 05.03.2020 को मेरे हस्ताक्षर व न्यायालय की मुहर लगाकर जारी किया गया।
मुहर — अनुविभागीय अधिकारी पाटन जिला, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार भिलाई नगर जिला दुर्ग (छ.ग.)
मामले की श्रेणी-राजस्व
ईश्तहार
मा.क्रं. 20200210100135/392 वर्ष 2019-20
विषयः अ-6
कोहका प.ह.न. 00019(925(0.0200हें.)
पक्षकारों का विवरण :
आवेदक पक्षकार- श्री गोमती प्रीतम
अनावेदक पक्षकार- खेमराज ठाकुर
आवेदक श्रीमती गोमती प्रीतम पति यमराज प्रीतम निवासी बजरंग पारा कोहका भिलाई द्वारा ग्राम कोहका प.ह.न. 19 रा.नि.मं. कोहका तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि स्वामी हक की भूमि खसरा नंबर 925 रकबा 0.020 हें अर्थात 2400 वर्गफीट भूमि को रजिस्टर्ड बैनामा के आधार पर विक्रेता खेमराज ठाकुर आ. बी.आर. ठाकुर से क्रय किया है कि नामांतरण किए जाने बाबत् आवेदन पत्र मय बैनामा की छायाप्रति प्रस्तुत किया गया है।
अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 13.03.2020 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।
यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 27.02.2020 को जारी किया जाता है।
मुहर — अतिरिक्त तहसीलदार भिलाई नगर (छ.ग.)

न्यायालय नायब तहसीलदार भिलाई 03 जिला- दुर्ग (छ.ग.)
उद्घोषणा
रा.प्र.क्र./116/अ-06/वर्ष 2019-20
एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदिका मालती निर्मलकर पति राजेश निर्मलकर निवासी ग्राम लालबाग रायपुर तहसील व जिला रायपुर के द्वारा ग्राम मगरघटा प.ह.न 58 रा.नि.मं. अमलेश्वर तहसील पाटन जिला दुर्ग छ.ग. में स्थित भूमि खसरा नंबर 74, 75, 108, 241 रकबा 0.5700, 0.5200, 0.2700 हे. भूमि जो कि आवेदक/शामिलात सहखातेदार के नाम पर वर्तमान राजस्व अभिलेख में दर्ज है। आवेदित भूमि के खातेदार राजेश निर्मलकर पिता गेंदलाल की मृत्यु हो जाने पर फौती दर्ज किए जाने हेतु आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।
अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर दावा हो तो व नियत पेशी दिनांक 19.03.2020 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम ये इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नहीं किया जावेगा
आज दिनांक 03.03.2020 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद्र मुद्रा के साथ जारी किया गया।
मुहर — नायब तहसीलदार भिलाई-3 जिला दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)
उद्घोषणा
रा.प्र.क्र./1032/अ-02/2019-20
पंजी. नं. 202003100400
एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता है आवेदक श्री संतोष आ. श्री बिसौहा निवासी चंदखुरी द्वारा अपने स्वामित्व की भूमि ग्राम चंदखुरी प.ह.न. 29 तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 435/1 रकबा 0.02 हें/ 2200 वर्गफीट के आवासीय प्रयोजन हेतु डायवर्सन के लिए छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 59(2) के तहत् पुर्ननिर्धारण बाबत् आवेदन प्रस्तुत किया है। जिसके संबंध में प्रकरण विचाराधीन है।
अतएव इस संबंध में आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का दावा आपत्ति- हो तो प्रकरण में उदघोषणा प्रकाशन से 15 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/ आपत्ति पर कोई विचार नही किया जावेगा।
यह उद्घोषणा आज दिनांक 04.03.2020 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुदा के साथ जारी किया गया।
मुहर — अनुविभागीय अधिकारी दुर्ग जिला, दुर्ग (छ.ग.)

गुणवत्ताहीन कार्यों में नहीं लग पा रही है रोक, अधिकारी नहीं दे रहे ध्यान

नव प्रदेश संवाददाता

देवभोग। राज्य में सरकार बदल गई लेकिन सिंचाई विभाग की गुणवत्ताहीन कार्यों पर रोक नहीं लगा पा रही है। जबकि ग्रामीणों द्वारा लगातार विभागीय अधिकारियों के समक्ष शिकायत कर गुणवत्ता पूर्वक निर्माण करने की मांग कर रहे हैं। ऐसे ही अमाड डायवर्सन के जरिए नदीपार माडागांव से लेकर खोकसरा सहित 16 गांव से अधिक किसानों के 16 सौ हेक्टेयर खेत में पानी देने के लिए अमाड से लेकर खोकसरा तक नहर एवं छोटे बड़े पुलिया की स्वीकृति 6 करोड़ 50 लाख से अधिक राशि के तहत किया गया है और ठेकेदार द्वारा अमाड, करलागुड़ा, जामगांव, नवागुड़ा, सहित अन्य गांव के चिन्हांकित जगहों पर पुलिया बनाना शुरू कर दिया। लेकिन विभागीय अधिकारियों की उदासीनता के चलते ठेकेदार द्वारा गुणवत्ताहिन कार्य को अंजाम दिया जा रहा है निर्माण कार्य में साफ-सुथरी क्रेशर गिट्टी का इस्तेमाल होना चाहिए वहां पर हार्टफोर्ड लोकल गिट्टी का उपयोग किया जा रहा है। साथ ही निर्धारित मापदंड अनुसार सीमेंट की मात्रा भी कम डाली जा रही है जिसके चलते निर्माण पुलिया फटने लग रही है। ग्रामीणों का कहना है कि ठेकेदार स्थानीय लोगों से लोकल गिट्टी मंगवा कर उपयोग कर रहे हैं अमाड डायवर्सन के समक्ष बनाए गए पुलिया में पूरा लोकल गिट्टी का उपयोग हुआ है मतलब ठेकेदार को गिट्टी से ही लाखों का मुनाफा हो रहा है जिसका चढ़ावा अधिकारियों तक भी पहुंचता है। शायद यही वजह है कि अधिकारी गुणवत्ताहिन कार्य को अनदेखा कर रहे हैं ग्रामीणों ने आशंका जताते हुए कहा कि ठेकेदार द्वारा जिस तरह गुणवत्ताहीन मटेरियल का इस्तेमाल किया जा रहा है उससे पुलिया ज्यादा दिन तक टिक नहीं पाएगा क्योंकि अमाड डायवर्सन से तेज बहाव पानी से पुलिया एवं वॉल क्षतिग्रस्त होने की पूरी संभावना है।

ठेकेदार द्वारा अमाड डायवर्सन के करीब बनाए गए पुलिया में अभी से ही दरार पड़ गई है जिसका प्रमुख कारण पानी की तरह को माना जाता है। क्योंकि ठेकेदार द्वारा स्ट्रक्चर खड़ा करने के बाद बिल्कुल भी पानी की तरह नहीं किया जा रहा है जबकि पानी की तराई से मजबूती होती है लेकिन ठेकेदार द्वारा पैसा बचाने के लिए पानी की तरह बिल्कुल भी नहीं क्या जा रहा है जिसके चलते निर्माण किए गए पुलिया मैं दरार के अलावा जगह-जगह फट रहा है जिसे लेकर ठेकेदार द्वारा लीपापोती किया जा रहा है छोटे-छोटे दरार में फिर से प्लास्टर कर छुपाने कि कोशिश किया जा रहा है इससे अंदाजा लगाया जा सकता है कि किस तरह गुणवत्ताहीन मटेरियल का इस्तेमाल किया जा रहा है सबसे खास बात तो यह है कि मौके पर लोकल गिट्टी पडा होता है और साइड इंजीनियर के गायब होते ही उक्त गिट्टी का उपयोग किया जाता है यह बात इंजीनियर भी स्वीकारते हैं लेकिन हाथ फोड गिट्टी मे रोक लगाने की बात कहकर अपना अपना पल्ला झाड़ लेते हैं तुम्हें तो वही गुणवत्ता इन कार्य को देख ग्रामीणों के साथ साथ क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों में भी खासी नाराजगी देखी जा रही है क्योंकि स्थानीय इंजीनियर एसडीओ गुणवत्ताहीन मटेरियल उपयोग करने से अवगत होने के बावजूद किसी तरह की कार्यवाही नहीं कर रहे हैं बल्कि ठेकेदार को लाभ पहुंचाने के लिए जल्द से जल्द बिल बना कर राशि भुगतान करने की तैयारी में नजर आ रहे हैं जिसके विरुद्ध ग्रामीणों और क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों द्वारा सिंचाई मंत्री रविंद्र चौबे से शिकायत कर जांच एवं ठेकेदार की राशि रोकने की मांग किया जाएगा ताकि गुणवत्ता पूर्वक कार्य हो सके।

इनका कहना है

खोदाई के बाद नीचे पानी आता है और दलदल होता है। उसको लेवल करने के लिए लोकल गिट्टी का इस्तेमाल हुआ है और ठेकेदार द्वारा हाथफोड गिट्टी का उपयोग बीच में किया जा रहा था जिसे मना कर दिया गया है अगर अभी भी चल रहा है तो बिल्कुल उसके खिलाफ कार्यवाही की जाएगी।

-आर के सिंघई,
एसडीओ सिंचाई विभाग

न्यूज गैलरी

पंचायत प्रतिनिधियों ने देखी विधानसभा की कार्रवाई



लवन। छत्तीसगढ़ विधानसभा भवन में विधानसभा सत्र के दौरान विधानसभा की कार्यवाही देखने ग्राम पंचायत कोनारी, तिल्दा एवं बनगबौद के पदाधिकारी पहुंचे हुए थे। विधानसभा की कार्यवाही देखने के पश्चात कसडोल विधानसभा क्षेत्र के विधायक सुश्री शकुंतला साहू से सौजन्य मुलाकात कर विकास कार्यों की मांग की गई जिस पर विधायक द्वारा विकास कार्यों के लिए राशि स्वीकृत की गई। इस दौरान बनगबौद के सरपंच टीकाराम गिरी, कोनारी के सरपंच विश्राम पटेल, तिल्दा के उपसरपंच दुर्गा प्रसाद बंदे प्रमुख रूप से उपस्थित थे।

सरस्वती शिशु मंदिर में मातृ सम्मेलन

महासमुंद। सरस्वती शिशु मंदिर बेलसोंडा में बुधवार को मातृ सम्मेलन का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि पूर्व जनपद सदस्य डॉ वाणी तिवारी व अध्यक्षता सरपंच श्रीमती भामिनी चंद्राकर ने की। विशिष्ट अतिथि के रूप में उपसरपंच हुलसी चंद्राकर, ममता चंद्राकर सुखबती कन्नौजे, पंच जमुलकर थीं। डॉ वाणी तिवारी ने कहा कि माता ही संसार की रचना करने वाली होती हैं। बच्चों के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका मां की होती है। मां की जागरूकता से बच्चों के स्वास्थ्य, शिक्षा पर स्पष्ट प्रभाव दिखता है। डॉ वाणी ने कविता के माध्यम से कहा कि 'हर इंसान की जिंदगी में वो खास होती है, दूर होते हुए भी वो दिल के पास होती है । जिसके सामने मौत भी अपना सर झुकाए, वो कोई और नहीं बस मां होती हैं।' इस कार्यक्रम को भामिनी चंद्राकर व ममता चंद्राकर ने भी संबोधित किया

जूनियर राज्य स्तरीय तीरंदाजी प्रतियोगिता में प्रथम स्थान आने पर बधाई एवं शुभकामनाएं दी

राजनांदगांव। बीजापुर में आयोजित जूनियर राज्य स्तरीय तीरंदाजी प्रतियोगिता में संस्कारधानी राजनांदगांव की रश्मि साहू ने छत्तीसगढ़ में प्रथम स्थान प्राप्त कर परचम लहराया है। प्रथम स्थान प्राप्त करने के बाद वे जूनियर नेशनल तीरंदाजी प्रतियोगिता में हिस्सा लेंगी। कलेक्टर जयप्रकाश मौर्य ने रश्मि साहू को प्रथम स्थान प्राप्त करने पर बधाई एवं शुभकामनाएं दी। रश्मि साहू ने आज श्री मौर्य से कार्यालय में मुलाकात कर अपनी उपलब्धि के बारे में बताया। रश्मि साहू डॉ. बल्देव प्रसाद मिश्र बसंतपुर राजनांदगांव की छात्रा है। जो संस्कारधानी तीरंदाजी संघ की तरफ से अभ्यास करती है। इस प्रतियोगिता में छत्तीसगढ़ के सभी जिलों के प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया था। प्रत्येक जिले से 8 प्रतिभागी शामिल हुए थे।

लापता बालक बीजापुर पुलिस के सुपुर्द

महासमुंद। बीजापुर से भागकर बसना व सरायपाली क्षेत्र में घूम रहे बालक को बसना पुलिस ने बुधवार सुबह ढूंढकर बीजापुर पुलिस के सुपुर्द किया। बताया जा रहा है कि बालक 2 मार्च से परिजन को बिना बताए निकला था। जिसकी पतासाजी बीजापुर पुलिस कर रही थी। बसना थाना प्रभारी वीणा यादव ने बताया पुलिस से सूचना मिली कि 14 वर्षीय बालक बसना व सरायपाली में घूम रहा है। वह 2 मार्च को घर से रुपए निकालकर ट्यूशन जाने के बहाने से निकला था। परिजनों ने बताया कि उसके पास मोबाइल भी है। मोबाइल के सहारे बीजापुर पुलिस बालक की लोकेशन ट्रेस कर रही थी जो सरायपाली व बसना क्षेत्र में मिली। बुधवार सुबह सरायपाली बस स्टैंड के पास लोकेशन मिली। जिस पर टीम ने मौके पर जाकर बालक को अपने कब्जे में लिया।

ट्रैक्टर की चपेट में युवक मृत

महासमुंद। ग्राम अछोली के पास बुधवार दोपहर ट्रैक्टर की चपेट में एक युवक की मौत हो गई, वहीं एक घायल हो गया। पुलिस ने चालक के खिलाफ अपराध दर्ज कर लिया है। ग्राम रामपुर नैकीन जिला सीधी निवासी सनत कुमार पांडे (25) की ट्रैक्टर के पीछे चक्के में दबने से मौत हो गई। उनके साथी रमाकांत घायल हो गया। मृतक अछोली स्थित एक बिल्डर्स कंपनी में काम करता है। वह साथी रमाकांत के साथ दोपहर 12 बजे मोबाइल में रिचार्ज कराने तुमगांव आया था।

बच्चों और महिलाओं को मिलेगा गर्म भोजन

महासमुंद। जिला पंचायत की सामान्य सभा की बैठक चार मार्च दोपहर 12 बजे से प्रारंभ हुई। उक्त बैठक में मुख्यमंत्री सुपोषण आहार योजना जिले में क्रियान्वित करने विषय पर विशेष रूप से चर्चा हुई, कुपोषण मुक्त करने की दृष्टि से एक से तीन वर्ष तक के 5938 कुपोषित बच्चों तथा 5375 शिशुवती एनीमिक महिलाएं इस प्रकार कुल 11313 हितग्राहियों के लिए आंगनबाड़ी केंद्र के माध्यम से पौष्टिक एवं गरम भोजन उपलब्ध कराने के लिए छह माह की अवधि के लिए उक एक करोड़, 35 लाख 60 हजार 554 रुपये जिला पंचायत के लघु गौण खनिज मद अंतर्गत उपलब्ध राशि में से व्यय की स्वीकृति उपस्थित सर्व सहमति से दी गयी।

युवक से शराब बरामद

महासमुंद। लालदाढ़ी पारा तिराहा के पास दोपहिया से शराब ले जा रहे युवक से पुलिस ने सवा तीन लीटर देशी प्लेन शराब बरामद की। जानकारी के मुताबिक दो मार्च की रात साढ़े 10 बजे लालदाढ़ी तिराहा के पास दोपहिया क्रमांक सीजी 06 ए 1946 को रोक कर तलाशी ली। जिसमें सवार सुभाष नगर निवासी पुरूषोत्तम सिंह चौहान के कब्जे से 3.240 लीटर देशी प्लेन शराब बरामद की। जिस पर आबकारी एक्ट 34 ए के तहत अपराध दर्ज किया गया है।

शून्य निवेश नवाचार पर जिले को मिला सम्मान

■ **हेमन्तकुमार एवं अवधेशनन्दन हुए सम्मानित**

नव प्रदेश संवाददाता

कवर्धा। कलेक्टर श्रीअवनीश कुमार शरण एवम श्री विजय दयाराम के. सीईओ जिला पंचायत के मार्गदर्शन में जिले के शिक्षकों द्वारा शिक्षा में गुणात्मक सुधार के लिये अनेक नवाचार किये जा रहे हैं। जिनमें से उत्कृष्ट नवाचार के लिए चयनित शिक्षक हेमंतकुमार ठाकुर एवम सक्रिय सहभागिता के लिए एपीसी अवधेशनन्दन श्रीवास्तव आई.आई.टी. नई दिल्ली में सम्मानित हुए। इस आयोजन में बी आर सी हरेकृष्ण नायक बोड़ला, सुनील मेहरा सहसपुर लोहारा एवम रमाशंकर राजपूत पंडरिया भी सम्मिलित हुए। ज्ञातव्य हो कि शिक्षा में शून्य निवेश नवाचार के लिए श्री अरोबिंदो सोसायटी द्वारा राष्ट्रीय स्तर पर व्यापक कार्यक्रम चलाया जा रहा है जिसके अन्तर्गत इस वर्ष देश भर से 20 लाख शिक्षकों ने भाग लिया था जिनमें से चयनित एक हजार शिक्षकों के साथ जिले से चयनित शिक्षक हेमन्त कुमार ठाकुर शासकीय प्राथमिक शाला पटुआ केंद्रीय मानव संसाधन मंत्री श्री रमेश पोखरियाल 'निशंक' के द्वारा सम्मानित हुए।

भूमि स्वामी हक में परिवर्तन के लिए शिविर का आयोजन

राजनांदगांव। राजनांदगांव नगर पालिक निगम क्षेत्र के अंतर्गत 7500 वर्गफीट तक शासकीय भूमि आबंटन, अतिक्रमित भूमि का भूमि स्वामी हक में व्यवस्थापन तथा नजूल पट्टों को फ्रीहोल्ड (भूमि स्वामी हक में परिवर्तन) करने की योजना का व्यापक प्रचार-प्रसार करने एवं आवेदन प्राप्त किये जाने के लिए वार्डवार शिविर का आयोजन किया गया है। कार्यालय कलेक्टर नजूल शाखा से प्राप्त जानकारी के अनुसार वार्ड नंबर 41 से 45 के लिए 4 मार्च से 7 मार्च तक शिविर का आयोजन किया गया है।

महापौर ने किया रानी सागर, बूढ़ा सागर सौदर्यीकरण कार्य का निरीक्षण

नव प्रदेश संवाददाता

राजनांदगांव। महापौर श्रीमती हेमा सुदेश देशमुख द्वारा रानी सागर, बुढा सागर सौंदर्यीकरण कार्य का निरीक्षण किया गया और कार्य के संबंध में जानकारी लेकर कार्य में तेजी लाने के निर्देश कार्यपालन अभियंता दीपक जोशी को दिये। सौदर्यीकरण कार्य के संबंध में कार्यपालन अभियंता श्री जोशी ने जानकारी देते हुये बताया कि नगर सौंदर्यीकरण के तहत बुढासागर रानी सागर सौंदर्यीकरण के लिये शासन द्वारा स्वीकृति दी गई थी, स्वीकृति के तारतम्य में नगर निगम द्वारा बुढासागर क्षेत्र से सौंदर्यीकरण कार्य प्रारंभ किया गया और गत ग्रीष्म ऋतु में बुढासागर गहरीकरण कार्य कराया गया।

उन्होंने बताया कि सौदर्यीकरण के तहत बुढासागर के चारो ओर मेराईन ड्राईव के तर्ज पर पाथवे का निर्माण कराया जाना है, जिसका कार्य प्रारंभ है और चौपाटी के बाजू से त्रिवेणी परिसर तक खराब रोड में कांक्रीट किया जा रहा है। नेहरू उद्यान व पुष्प वाटिका को दुरूस्त कर पुष्पवाटिका में योगा हाल का निर्माण किया जा रहा है। साथ ही चित्रकुट फॉल की प्रतिवृत्ति के रूप में त्रिवेणी परिसर के पास 100 फीट लंबा और 31 फीट ऊंचा वाटर फाल का निर्माण किया जा रहा है,

रोजगार उपलब्ध कराने पर जोर दे रही है कांग्रेस सरकार : तुकाराम चंद्रवंशी

नव प्रदेश संवाददाता

कवर्धा। आज ग्राम पंचायत भागुटोला में स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण के अंतर्गत ठोंस एवं तरल अपशिष्ट संग्रहण केंद्र का उद्घाटन में विशिष्ट अतिथि के रूप में शामिल होकर गाँव के महिला स्वसहायता समूह को ट्राई सायकल एवं अन्य सामग्री वितरण किया साथ ही जिला पंचायत सदस्य तुकाराम चंद्रवंशी ग्रामवासियों को संबोधित करते हुए कहा कि राष्ट्रपिता महात्मा गाँधी जी के सपने को साकार करने की जिम्मेदारी न केवल सरकार की बल्कि हम सबकी जिम्मेदारी है अपने आस पास व गाँव को स्वच्छ व सुंदर बनाएं का संदेश दिया साथ ही श्री चंद्रवंशी ने कहा राज्य में बैठी भूपेश बघेल की सरकार की उपलब्धियों को गिनाते हुए कहा सरकार स्वच्छता के साथ गांव के लोगो को स्वसहायता समूह के माध्यम से रोजगार के संसाधन उपलब्ध करा रहे है श्री चंद्रवंशी ने ग्रामवासियों को स्वच्छ व सुंदर रखने के लिये संकल्पित किया। जिला महामंत्री कलीम खान ने कहा राज्यसरकार गाँव मे बसने वाले आमजनों की सरकार सरकार हमेशा लोगो के हितों को ध्यान में रखकर कार्य रही है साथ ही कहा कि गांव के साथ साथ क्षेत्र में मूलभूत सुविधा उपलब्ध कराने के लिए हम सब प्रतिबद्ध है ।

छात्रावास में मनाया गया वाल्मिकी वर्मा का जन्मदिन

नव प्रदेश संवाददाता

कवर्धा। जिला सरकारी अस्पताल कवर्धा में सर्वप्रथम रक्तदान हस्ब्ध के द्वारा किया गया। तत्पश्चात वृद्धा आश्रम में जाकर ईश्वरतुल्य वृद्धजनों से फल वितरण कर आशीर्वाद लिया गया। एनएसयूआई के कवर्धा विधानसभा अध्यक्ष वाल्मिकी वर्मा ने स्ष्ट व स्ज्ञ छात्रावास में जाकर सभी छात्रों को सबसे पहले शिक्षा के क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया।साथ ही सबको वार्षिक परीक्षा की बधाई भी दिया।सबके साथ केक काटकर व मुँह मीठा करा कर जन्मदिन उनके साथ मनाया और रक्तदान करने के संदेश को सर्व धर्म,समाज मे जागरूकता लाने व जरूरत मंद लोगों को समय मे रक्त मिले सके।इसी उद्देश्य को लेकर लगातार रक्तदान के क्षेत्र कार्य किया जा रहा है। युवा कांग्रेस के अश्वनी वर्मा ने बताया कि स्वैच्छिक रक्तदान से प्राप्त रक्त ही सबसे सुरक्षित होता है,प्रेग्नेंशी माताओ एवम अन्य गम्भीर रूप से बीमार जैसे है,दिल की बीमारी,केंसर, विटामिन की कमी,कुपोषण ग्रसित बच्चों को रक्त देकर उनके जीवन का उपहार दिया जा सकता है,हमारे द्वारा किया रक्तदान कई जीवन को बचाता है।

नयापारा की छात्राओं को मिली साइकिल

नव प्रदेश संवाददाता

महासमुंद। शासकीय हाईस्कूल नयापारा महासमुंद में सरस्वती साइकिल योजना के तहत कक्षा नौवीं की छात्राओं को साइकिल वितरित की गई। कार्यक्रम में शाला विकास समिति अध्यक्ष खिलावन, विधायक प्रतिनिधि विजय बघेल, शाला विकास समिति के सदस्य नरेंद्र चंद्राकर, लोकनाथ ध्रुव उपस्थित थे। कक्षा नौंवी की ज्योति, वैशाली, मनीषा, रानी, बबीता, निर्जला, अंजली, खुशबू, सोनिया, श्वेता, लक्ष्मी, पूजा, आरती, ईश्वरी, मोहमाई, लोकेश्वरी, दिव्या, आरजू बानो, रेणुका, बरखा, खुशबू, मिनी नेथन को दिया गया। संस्था की प्राचार्या अमी रूफस ने सभी छात्राओं को प्रतिदिन साइकिल में आने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर संस्था के वरिष्ठ व्याख्याता यशवंत चंद्राकर, प्रमोद कुमार कन्नौजे, प्रभा पंडा, प्रणीता शर्मा, सुधा शर्मा, कल्पना सेठी, कार्यालयीन स्टॉफ शनिदेवसिंह ठाकुर, तेजेश्वरी साहू, दुलारी चंद्राकर सहित छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

अवैध शराब परिवहन करते दो आरोपी पुलिस की गिरफ्त में

■ **35 पौवा अंग्रेजी शराब सहित बिक्री की नगदी रकम एंव मोटर सायकल जप्त**

नव प्रदेश संवाददाता

राजनांदगांव। शासकीय शराब दुकान में घंटों लाईन लगाकर करता था शराब इकट्ठा। गांव में महंगे दाम में करता था शराब की अवैध बिक्री। थाना लालबाग की कार्यवाही जिले के पुलिस कप्तान बीएस ध्रुव के मार्गदर्शन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक जीएन बघेल के दिशा-निर्देश पर अवैध शराब विक्रेताओं के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के दौरान नगर पुलिस अधीक्षक एमएस चंद्रा के नेतृत्व में शासकीय शराब दुकान से शराब विक्रेता द्वारा बार-बार लाईन में लगकर शराब खरीद एवं एकत्रित कर अवैध रुप से परिवहन कर बिक्री करने की सूचना पर थाना प्रभारी लालबाग द्वारा टीम गठन कर ट्रांसपोर्ट नगर पेंड्री में मुखबिर की सूचना पर बिक्री हेतु मोटर सायकल में अवैध शराब परिवहन करते दो व्यक्तियों को घेराबंदी कर पकडा गया।

अब नहीं होगी पानी की समस्या, तीन दिन में खोदे 15 बोर

नव प्रदेश संवाददाता

महासमुंद। लंबे समय से अयोध्या नगर, देवारपारा के लोग जल संकट से जूझ रहे थे। लेकिन अब लोगों की समस्या को दूर कर दी गई है। बुधवार को नगर पालिका अध्यक्ष प्रकाश चंद्राकर ने बोर खनन का भूमिपूजन पार्षद कुमारी बाई देवार की उपस्थिति में किया। देवारपारा के नागरिकों ने बताया कि पूर्व में भी पेयजल आपूर्ति के लिए नगर पालिका में गुहार लगा चुके हैं, लेकिन देवारपारा के लोगों की सुध किसी ने नहीं ली। पहला अवसर है कि यहां के नागरिकों की चिंता करते हुए पेयजल की व्यवस्था की गई है। नगर पालिका ने पिछले तीन दिनों में करीब 15 स्थानों पर बोर खनन किया है। इसी कड़ी में वार्ड चार, 11, 17, 18 तथा वार्ड 23 में बोर खनन किया गया है। इस दौरान सभापति राजेंद्र चंद्राकर, संदीप घोष, पार्षद द्वय अमन चंद्राकर, मीना वर्मा, जगतराम महानंद, हफीज कुरैशी, मुन्ना देवार, प्रदीप चंद्राकर, मेघनाथ साहू, लक्ष्मी सिंह, मुन्ना साहू, मनराखन ध्रुव, जीवन सोनी, कुमारी बैरागी, प्रीति साहू, अनिता चंद्राकर, संतोष वर्मा, कृष्ण चंद्राकर, मोहन मदनकार, महेंद्र सिका सहित वार्डवासी उपस्थित थे।

स्ट्रेस मैनेजमेंट विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला संपन्न

राजनांदगांव। शासकीय कमलादेवी राठी स्नातकोत्तर महिला महाविद्यालय, राजनांदगांव में 3 मार्च 2020 को महाविद्यालयीन आईक्यूएसी एवं साईकोलॉजिकल फोरम छत्तीसगढ़ के संयुक्त तत्वाधान में स्ट्रेस मैनेजमेंट विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया था। महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. सुमन सिंह बघेल ने इस अवसर पर कहा कि महाविद्यालय की छात्राएं एवं स्टाफ अपने जीवन में लगातार विभिन्न प्रकार के तनाव का सामना करते रहते है, जिसकी मात्रा अधिक होने पर इनका कार्य निष्पादन प्रभावित होता है, जिसका प्रभाव महाविद्यालय के निष्पादन पर पड़ता है।

स्वास्थ्य केंद्र में प्रोत्साहन राशि आबंटन में अनियमितता

■ **विधायक के सवाल पर स्वास्थ्य मंत्री ने दी जानकारी**

नव प्रदेश संवाददाता

महासमुंद। स्मार्ट कार्ड से उपचार बाद प्राप्त राशि के आबंटन में अनियमितता मिली है। विधायक श्री चंद्राकर के सवाल पर जवाब देते हुए स्वास्थ्य मंत्री टीएस सिंहदेव ने बताया कि सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र तुमगांव के प्रभारी चिकित्सक द्वारा वर्ष 2016 से प्रश्नावधि तक स्मार्ट कार्ड से उपचार बाद प्राप्त राशि के आबंटन में अनियमितता की शिकायत की गई थी। शिकायत की प्रारंभिक जांच जिला चिकित्सालय के चिकित्सा अधिकारी डा छत्रपाल चंद्राकर के नेतृत्व में तीन व्यक्तियों की संयुक्त टीम द्वारा कराई गई। जांच टीम से प्राप्त प्रतिवेदन व अभिमत के अनुसार प्रोत्साहन राशि आबंटन में अनियमितता पाई गई। जांच प्रतिवेदन के पश्चात खंड चिकित्सा अधिकारी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र तुमगांव तथा प्रभारी चिकित्सा अधिकारी, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पटेवा से स्पष्टीकरण चाहा गया है। प्रभारी चिकित्सा अधिकारी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पटेवा को वितरित प्रोत्साहन राशि का अधिक भुगतान की वसूली कर नियमानुसार प्रोत्साहन राशि वितरित करने के लिए निर्देशित किया गया है। उन्होंने बताया कि शासकीय अस्पतालों में स्मार्ट कार्ड से उपचार बाद प्राप्त राशि का आबंटन 35 प्रतिशत शासकीय अस्पतालों में स्मार्ट कार्ड के मरीजों के उपचार व शासकीय अस्पतालों में सेवाओं की गुणवत्ता सुधार के लिए आबंटित राशि का 40 प्रतिशत मुख्यमंत्री अस्पताल उन्नयन कोष में संधारित किया जाता है तथा शेष आबंटित राशि का 25 प्रतिशत शासकीय अस्पतालों में कार्यरत कर्मचारी को प्रोत्साहन राशि के रूप में वितरित की जाती है।

पांच पर्यटन स्थल चिन्हांकित

महासमुंद जिले में पांच पर्यटन स्थल चिन्हांकित हैं। विधायक श्री चंद्राकर के सवाल पर मंत्री ताम्रध्वज साहू ने बताया है कि सिरपुर, खल्लारी, कनेकेरा, सुअरमारगढ़ व बावनकेरा पर्यटन स्थल चिन्हांकित है। वर्ष 2020 में पर्यटन स्थल सिरपुर में पर्यटन क्षेत्रों में विभिन्न विकास कार्यों के अंतर्गत पूंजीगत परिसंपत्तियों का निर्माण अनुदान मद से दो लाख रूपए की स्वीकृति दी गई है। इसके लिए कार्यों का प्रस्ताव मांगा गया है। क्रियान्वयन एजेंसी कलेक्टर एवं अध्यक्ष, सिरपुर विशेष क्षेत्र विकास प्राधिकरण महासमुंद हैं।

आधी आबादी की समस्याओं की शिनाख्त



■ **विश्व महिला दिवस पर विशेष : तूलिका शर्मा**

कवर्धा। सदियां बदल गईं लेकिन महिलाओं की कुछ समस्याओं में बदलाव नही आया। प्राचीन भारत की नारी का सम्बल मध्य भारत के आते-आते मिटा दिया गया। वर्तमान आधुनिक नारियों की अपनी अलग ही समस्याएं हैं। एक तरफ दोहरी जिम्मदारियों की समस्या है, जहां पारिवारिक जिम्मेवारियों के साथ दफ्तर में कंधे से कंधा मिलाकर सबको अपना लोहा मनवाने के लिए मेहनत करनी है तो दूसरी तरफ इन दोनों जिम्मेवारियों के बीच सामंजस्य की समस्या है। अगर महिला किसी छोटे से कस्बे की है और मिडिल क्लास की है तब पहनावे से लेकर खान-पान बोलचाल की समस्याएं तो बेहद आम है। बहुत से मध्यम परिवारों में आज भी शादी के बाद महिलाओं को साड़ी ही पहनना चाहिए इस पर जोर दिया जाता है। साड़ी में लिपटी महिला जॉब भी करे, घर की आदर्श बहु की भूमिका में बदलाव भी न आये, घर का खर्च भी चलता रहे और घरेलू कामकाज भी निपटता रहे।

न्यूज गैलरी

बजट काफी निराशाजनक - सहदेव जोशी

लवन। बजट पर अपनी प्रतिक्रिया देते हुए नगर पंचायत लवन के पूर्व एल्डरमेन व भाजपा नेता सहदेव जोशी ने कहा कि कांग्रेस सरकार द्वारा पेश किया गया यह बजट दिशाहीन एवं निराशाजनक है। किसानों के हित पर कोई ठोस आश्वासन नहीं दिया गया है। इसके अलावा बेरोजगार युवाओं के लिए मासिक भत्ता देने का वादा भी सरकार ने पूरा नहीं किया। यह बजट किसानों, युवाओं तथा व्यापारियों के साथ छलावा है। श्री जोशी ने आगे कहा कि बजट में न तो युवाओं के लिए है, न महिलाओं के लिए और न ही मजदुर किसानों के लिए। यह बजट कांग्रेस के चुनाव पूर्व घोषणा पत्र में उल्लेख किए गए वादों से कोसो दूर है। गंगाजल शराबबंदी की घोषणा करने वाले अपने किए हुए वादों से मुकर रहे है। बेरोजगार युवाओं को नौकरी तो दूर 2500 रूपये बेरोजगारी भत्ते का जिक्र तक इस बजट में नहीं है।

चश्मों का नि :शुल्क वितरण

कवर्धा। राष्ट्रीय अंधत्व निवारण कार्यक्रम के तहत स्वास्थ्य विभाग के सेक्टर दशरंगपुर के अंतर्गत शामिल शासकीय पूर्व माध्यमिक विद्यालयों के बच्चों को नेत्र जांच उपरांत चश्में का निःशुल्क वितरण किया गया। मुख्यचिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ एस के तिवारी के निर्देश सेक्टर प्रभारी एस के चंद्रवंशी के मार्गदर्शन और सेक्टर सुपवाइजर सी बी विश्वकर्मा के ठ्ठद्गह्लद्बह्ल1 में स्वास्थ्य कार्यकर्ता राजनंदनी भोई , धनंजय, सरोज झारिया, दुर्गेश खरे, इंदिरा झारिया पुरषोत्तम जायसवाल के द्वारा इन्दौरी पूर्व माध्यमिक विद्यालय कक्षा 8 वी की रूखमणी, सरस्वती, चांदनी, प्रतिमा, 7 वी की अरुणा, रानी, लक्ष्मी, 6 वी कक्षा से अगन , अलका, भारती, मोहित को चश्मा दिया गया। इसी तरह से ग्राम अगरीकला , गुढ़ा, बिटकुली खुर्द, हीरापुर और लिटीपुर में एक एक बच्चों को ग्राम दूधिया , बाघामुड़ा, तमरूवा में चार चार बच्चों दशरंगपुर तीन ,जिंदा मानिकचौरी, केशली, बहरमुड़ा में दो दो बच्चों को चश्मा दिया गया।

शिक्षक क्रिकेट प्रतियोगिता का शुभारंभ कल

कवर्धा। बोड़ला ब्लाक अंतर्गत ग्राम पोंडी के मिनी स्टेडियम में टीपीएल (टीचर्स प्रीमियर लीग) जिला स्तरीय शिक्षक क्रिकेट प्रतियोगिता का शुभारंभ कल 7 मार्च शनिवार को दोपहर 12 बजे से होगा। इसकी तैयारियां पूरी की जा चुकी है। आयोजन समिति के संयोजक गजराज सिंह राजपूत ने बताया कि विगत वर्षों की भांति इस वर्ष भी शिक्षकों की प्रतिभा को निखारने, उचित अवसर प्रदान करने व शिक्षकों में खेल भावना का विकास करने के उद्देश्य से यह आयोजन कराया जा रहा है। शुभारंभ कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जनपद सदस्य विजय सिंह होंगे। अध्यक्षता बोड़ला के सहायक विकासखंड शिक्षा अधिकारी व बीआरसी हरिकृष्ण नायक करेंगे। विशिष्ट अतिथि के रूप में ग्राम पंचायत पोंडी के सरपंच शशि नंदकुमार कुर्रे, ग्राम पंचायत प्रभाटोला के सरपंच गणेश गुप्ता, ग्राम पंचायत रहंगी के सरपंच राजूदास मानिकपुरी, ग्राम पंचायत बघर्रा के सरपंच शिव साहू, ग्राम पंचायत पोंड़ी के उपसरपंच इदरीश खान, शाउमावि पोंड़ी के एसएमसी अध्यक्ष रवि अवस्थी, पूर्व विधायक प्रतिनिधि जयराम साहू, पंच विनायक द्विवेदी, समाजसेवी शांतिलाल साहू, पुलिस चौकी पोंड़ी के प्रभारी विश्राम सिन्हा उपस्थित रहेंगे।

किचन गार्डन से सजा स्कूल, बच्चों की मेहनत लाई रंग

कवर्धा। शासकीय प्राथमिक शाला ढोंगईटोला के शिक्षको और बच्चो की मेहनत रंग लाने लगी है। शाला के शिक्षको और बच्चों ने मिल कर

शाला परिसर में कीचन गार्डन लगाया गया जिसमे धनियां, मेथी, प्याज, पालक, लालभाजी ,बैंगन और केले के पौधे लगाए गए है जिसका प्रयोग बच्चों के लिए मध्यान भोजन में किया जा रहा है। शाला के प्रधान पाठक वोकेश नाथ योगी ने बताया कि शाला परिवार बच्चो के साथ मिल कर इस हेतु हमेशा से प्रयासरत रहे है। इस होली के पावन पर्व में शाला को हराभरा होने का उपहार मिला,शाला के शिक्षक श्वेता दुबे,सती मरकाम,और भुनेश्वर धुर्वे की मेहनत का असर दिख रहा है।

चंगोरी पूरी संत समागम समारोह में शामिल हुए पूर्व विधानसभा अध्यक्ष गौरीशंकर अग्रवाल

लवन। लवन से 15 किमी की दूरी पर स्थित त्रिवेणी संगम चंगोरी पुरी धाम में 3 मार्च से चल रहे चार दिवसीय संत समागम समारोह के तीसरे दिन पूर्व विधानसभा अध्यक्ष गौरीशंकर अग्रवाल शामिल हुए इस दौरान समिति के सदस्यों ने उपस्थित अतिथियों का स्वागत किया मुख्य अतिथि श्री अग्रवाल ने कहा कि सदगुरु कबीर साहब का आशीर्वाद मुझे हमेशा प्राप्त हुआ है उन्हीं की प्रेरणा से यहां विकास कार्य कराए गए।

क्राइम मिटिंग का आयोजन

कवर्धा। 4 मार्च को पुलिस अधीक्षक कार्यालय में डॉ लाल उमेद सिंह पुलिस अधीक्षक कबीरधाम के निर्देशन में क्राईम मिटींग का आयोजन किया गया, क्राईम मिटिगं में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अनिल कुमार सोनी ,उप पुलिस अधीक्षक (मुख्यालय) बी.आर. मण्डावी, पुलिस अनुविभागीय अधिकारी पंडरिया नरेन्द्र सिंह बेन्ताल, प्रषिक्षु उप पुलिस अधीक्षक निमितेष सिंह, प्रशिक्षु उप पुलिस अधीक्षक नेहा पवार, रक्षित निरीक्षक ख्रिष्ट नरगिस तिग्गा बघेल एवं जिले के सभी थाना/चौकी प्रभारी एंव कार्यालयीन स्टाफउपस्थित रहे। पुलिस अधीक्षक द्वारा जिले के सभी थाना/चौकी प्रभारियों को निर्देशित किया गया कि सभी थाना क्षेत्रों में अधिक से अधिक प्रतिबंधात्मक एवं माईनर एक्ट की कार्यवाही किया जाये ताकि अपराधों की रोकथाम की जा सके।

क्रिकेट प्रतियोगिता का हुआ समापन

कवर्धा। डॉ लाल उमेद सिंह, पुलिस अधीक्षक कबीरधाम के निर्देषन एवं उप पुलिस अधीक्षक नक्सल पी.आर. कुजुर के दिषा-निर्देष में थाना प्रभारी रेंगाखार निरीक्षक राकेष लकड़ा के द्वारा कम्युनिटी पुलिसिंग के तहत थाना क्षेत्रांतर्गत ग्राम पंचायत कन्हारी मे दिनांक 15.02.2020 को क्रिकेट प्रतियोगिता का शुभांरभ किया गया था। उक्त प्रतियोगिता में वनांचल ग्राम के 15 टीमों ने हिस्सा लिया जिसमे क्रमषः ग्राम कन्हारी, विजयटोला (म.प्र.), सरईटोला (म.प्र.), करमेदा, धानीखुटा, छितपुरी, कोयलारझोरी, जुनवानी, तेलीटोला, खारा, डोंगरिया, रेंगाखार, केजवारपुर, ग्राम बोदा, कन्हारी बी. ग्राम के टिमों ने भाग लिया। प्रतियोगिता की प्रतिस्पर्धा में ग्राम बीजाटोला (म.प्र.) और ग्राम कन्हारी की टीम फाईनल में पहूंची। जिसका फाईनल मैच एवं प्रतियोगिता का समापन दिनांक 01.03.2020 को किया गया। फाईनल मैच में उत्कृष्ठ खेल का प्रदर्षन करते हुये ग्राम बीजाटोला की टीम को विजय प्राप्त हुआ तथा इसी कड़ी में द्वितीय स्थान पर ग्राम कन्हारी की टीम रही।

भोरमदेव महोत्सव की तैयारियां शुरू

कवर्धा। जिले के एतिहासिक पुरात्व, पर्यटन और जन आस्था के महत्व पर हर साल आयोजित होने वाले भोरमदेव महोत्सव का आयोजन इस वर्ष तीन दिनों का 21, 22 और 23 मार्च को होगा। भोरमदेव महोत्सव की आयोजन की तैयारियां शुरू हो गई है। कलेक्टर अवनीश कुमार शरण ने महोत्सव के आयोजन की तैयारी के संबंध में गुरूवार को मंदिर परिसर में अधिकारियों की बैठक ली।

करोड़ों की हेराफेरी करने वाला चिटफंड डायरेक्टर गिरफ्तार

■ **मुख्य आरोपी की तलाश**

नव प्रदेश संवाददाता

धमतरी। लोगों की मेहनत की कमाई पर चिटफंड कंपनी द्वारा लोकलुभावन का लालच देकर ठगी करने वाले महानदी एडवाइजरी चिटफंड कंपनी के तीन आरोपी को गिरफ्तार किया वही चिटफंड कंपनी के मुख्य आरोपी की सरगर्मी से पुलिस तलाश में जुटी हुई है।

पुलिस द्वारा सिकंदराबाद में कोरियर कर्मचारी बनकर धमतरी पुलिस ने ऐसा जाल फेंका की महानदी एडवाइजरी चिटफंड कंपनी के दो डायरेक्टर उस जाल में फस गए। पुलिस ने दो आरोपियों को सिकंदराबाद से और एक आरोपी को छुरा गरियाबंद से गिरफ्तार कर लिया है जिसका खुलासा मंगलवार को पुलिस अधीक्षक बीपी राजभानू ने किया। थाना सिटी कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत कुशल कांप्लेक्स बठेना अस्पताल के सामने 2010 से 2016 तक महानदी एडवाइजरी कंपनी का ब्रांच ऑफिस खोलकर लोगों से लोकलुभावन वादा कर ज्यादा पैसा का रिटर्न देने का प्रलोभन देकर लोगों से निवेश कराया गया ।इस मामले में प्रार्थी मोरध्वज कुंभकार निवासी सेमरा भखारा की रिपोर्ट पर डायरेक्टर कुलेश्वर सोनकर एवं यशवंत सोनकर मयंक सोनकर हेमंत देवांगन और चित्रसेन साहू की पता तलाशी की जा रही थी ।इनके विरुद्ध धारा 420,34 आईपीसी और इनामी चिटफंड एवं धन परिचालन स्कीम अधिनियम की धारा 4,5,6 एवं निक्षेपकों के हितों के संरक्षण अधिनियम की धारा 6,10 दर्ज किया गया था ।रिपोर्ट के बाद सभी आरोपी लगातार गिरफ्तारी से बचने अपना पता ठिकाना बदलते हुए लुक छिप कर

रह रहे थे ।पुलिस हर स्थान की तलाश कर रही थी ।कई बार इसकी शिकायत उच्च अधिकारियों से भी की गई मुख्यमंत्री तक भी निवेशक पहुंचे थे ।स्थिति की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में एएसपी मनीषा ठाकुर के मार्गदर्शन में संयुक्त टीम गठित कर मिशन शुरू किया गया ।इस दौरान लगभग 80 मोबाइल आरोपियों के द्वारा बदले गए ।लगातार लोकेशन ट्रेस किए जा रहे थे ।बार.बार मोबाइल नंबर बदलने की वजह से स्थिति स्पष्ट नहीं हो पा रही थी। दिल्लीए नागपुर महबूबनगर बेंगलुरु हैदराबाद सिकंदराबाद में यह अपनी पहचान बदलकर निवास कर रहे थे।

पुलिस को सूचना मिली कि आरोपी तेलंगाना राज्य के सिकंदराबाद क्षेत्र में कॉलोनी चंद्रलोक रेसीडेंसी के पांचवी मंजिल के फ्लैट पर रुके हुए हैं। पुलिस ने वहां के साइबर डीसीपी अविनाश मोहंती की मदद से स्थिति का जायजा लिया। पहले धमतरी पुलिस सुनियोजित ढंग से कोरियर कर्मचारी बनकर फ्लैट में दरवाजा खुलवाने का प्रयास किया ।दरवाजा नहीं खोलने पर फ्लैट में पीछे से कूदकर अंदर प्रवेश कर आरोपियों को पकड़ा गया। जिसमें यशवंत सोनकर कोलियारी और चित्रसेन साहू धमतरी मौजूद थे ।सिकंदराबाद से ट्रांजिट रिमांड लेकर लाया गया। सूचना मिलने पर एक अन्य टीम छुरा गरियाबंद के लिए रवाना हुई जहां आरोपी हेमंत देवांगन ब्रांच मैनेजर मौजूद था। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि इस कंपनी के द्वारा 3 हजार निवेशकों से लगभग 24 करोड़ की धोखाधड़ी की गई है। आगे अन्य आरोपियों की तलाश की जा रही है ।इस मुहिम में टीआई भावेश गौतमए एएसआई संजय लांजे अमित सिंह युवराज सिंह राज कुमार शुक्ला मेचका थाना प्रभारी आरएन सेंगर साइबर टीम से प्रदीप सिंह प्रहलाद बंछोर कुलदीप सिंह कमल जोशी धीरज डडसेना दीपक साहू सितलेश पटेल एझमेल सिंह मुकेश मिश्रा का योगदान रहा पुलिस अधीक्षक ने इस कार्य पर 10000 इनाम की घोषणा की है महानदी चिटफंड कम्पनी के फरार डायरेक्टरों में तीन पकड़े जा चुके है जबकी मुख्य आरोपी अभी तक फरार है इसके साथ ही एक अन्य आरोपी भी अंडरग्राउंड है। मालूम हो कि महानदी चिटफंड कंपनी ने जिले के तीन हजार लोगों को 24 करोड़ रूपये का चूना लगाया और अपना दफ़्तर बन्द कर रातों रात बोरिया बिस्तर समेटकर इसके जिम्मेदार लोग फरार हो गये। 05 आरोपी डायरेक्टरों पर धोखाधड़ी की विभिन्न धाराओं के तहत अपराध दर्ज करने के बाद काफी मुश्किल से 03 डायरेक्टर को गिरफ्तार कर लिया गया है जबकी इस मामले का मुख्य आरोपी कुलेश्वर सोनकर अब भी फरार है। इसके अलावा मयंक सोनकर की भी गिरफ्तारी नहीं हो पाई है।

नीम के पेड़ से निकलने लगा झागनुमा पदार्थ, लोगों ने शुरू की पूजा-अर्चना

नव प्रदेश संवाददाता

भटगांव। नगर भटगांव से महज 5 किलो मीटर की दूरी पर स्थिति ग्राम पंचायत रिकोटार मे नीम की पेड़ मे सफेद झागनुमा पदार्थ निकलने के बाद लोगो की भीड़ उमड़ पड़ी जहां इसे देखने के लिए आसपास के ग्रामीण सहित स्थानीय लोगो ने शीतला देवी का स्वरूप समझ पूजा अर्चना करना शुरू कर दिया और आस्था में पूरा रिकोटार सराबोर हो गया ।

ग्रामीणों ने अपनी अपनी मन्नत मांगनी शुरू कर दिये। जहां ग्रामीणों द्वारा बताया जा रहा है कि यह दुध रूपी पदार्थ लगातार 3 घंटे से बह रहा है। वही रिकोटार गांव की एक महिला श्मशान से लगे खलिहान मे गोबर के कण्डे बिन रही थी तभी अचानक उसे श्मशान मे लगे नीम के पेड़ मे सफेद

झागनुमा पदार्थ निकलते देखी जिसे देख गोबर के कण्डे को बिनना छोड़ शीतला माता प्रकट होना समझ आस्था रख पूजा अर्चना कर अपनी मन्नत मांगने लगी जिसके बाद गांव के लोगो को इसकी जानकारी दी तब धीरे धीरे ये जानकारी आसपास के गांवों मे फैलने लगी फिर स्थानीय ग्रामीणों सहित आसपास के गांव के ग्रामीणों का हुजूम नीम पेड़ को देखने के लिए उमड़ पड़ी, लोग अपनी आस्था से देवी स्वरूप समझ पूजा अर्चना करनी शुरू कर दी है। अब लोगो की हूजूम देख झांझ मांदर के थाप पे भजन किर्तन करनी शुरू कर दी है। वही दूसरी ओर जब इस बात की जानकारी मिडिया को मिली तो मिडिया की टीम मौके पर पहुच आस्था मे डूबी ग्रामीणों से बातचीत की तभी ग्रामीणों ने बताया की यहां नीम के पेड़ से दुधरूपी पदार्थ निकल रहा है जिसे शीतला देवी का रूप समझ पूजा अर्चना कर रहे है।

सम्पूर्ण संविलियन पर मुख्यमंत्री से मिलकर जताया आभार

नव प्रदेश संवाददाता

कवर्धा। छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष रमेश कुमार चन्द्रवंशी एव प्रांतीय उपाध्यक्ष विनोद गुप्ता ने बताया कि एसोसिएशन के प्रांताध्यक्ष संजय शर्मा के नेतृत्व में प्रांतीय प्रतिनिधिमंडल ने विधानसभा के मुख्यमंत्री कक्ष में प्रदेश के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल से मुलाकात कर शिक्षा कर्मियों के सम्पूर्ण संविलियन की घोशणा किये जाने पर अभिनंदन व स्वागत करते हुए आभार व्यक्त किया। मुख्यमंत्री के संविलियन की घोशणा को ऐतिहासिक बताते हुए कहा गया कि अब प्रदेश में शिक्षा कर्मी प्रथा समाप्त हो जायेगा। इसके साथ ही एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने मुख्यमंत्री से आग्रह किया कि शिक्षकों के क्रमोन्नति, वेतन विसंगति, पुरानी पेंशन बहाली, पदोन्नति व अनुकम्पा नियुक्ति शेश है। जनघोशणा पत्र 2018 में उल्लेखित प्रथम विशय सम्पूर्ण संविलियन को आपने पूर्ण

किया है। प्रतिनिधियों ने शीघ्र ही शेश विशयों पर भी निर्णय की मांग की, जिस पर मुख्यमंत्री ने कहा कि वे शिक्षकों के विशय में सकारात्मक विचार करेंगें। टीचर्स एसोसिएशन ने प्रदेश के शिक्षा मंत्री डॉ. प्रेमसाय सिंह टेकाम एवं पंचायत मंत्री टी.एस. सिंहदेव से भी भेंट कर आभार व्यक्त करते हुए धन्यावद ज्ञापित किया।

होली के पहले मांगा वेतन- छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन ने जिले के समस्त शिक्षकों को होली के पहले माह फरवरी तक का वेतन भुगतान किये जाने की मांग किया है।

गांव, गरीब और किसान की सरकार : कलीम खान

कवर्धा। ग्राम पंचायत भागुटोला में स्वच्छ भारत मिशन अंतर्गत ठोंस एवं तरल अपशिष्ट संग्रहण केंद्र का उद्घाटन में मुख्य अतिथि के रूप में जिला पंचायत के उपाध्यक्ष पुष्पा होरीराम साहू, विशिष्ट अतिथि के रूप में मोहम्मद कलीम खान शामिल हुए और महिला स्वसहायता समूह को ट्राईसीकल सहित अन्य सामग्रीयो का वितरण किया। साथ

ही जिला पंचायत सदस्य तुकाराम चंद्रवंशी भी कार्यक्रम में शामिल हुए। जिला महामंत्री कलीम खान ने ग्रामवासियों को संबोधित करते हुए कहा कि राष्ट्रपिता महात्मा गाँधी के सपने को साकार करने की जिम्मेदारी न केवल सरकार की बल्कि हम सबकी जिम्मेदारी है। अपने आसपास व गाँव को स्वच्छ तथा सुंदर बनाएं रखने का संदेश दिया। साथ ही कलीम खान ने कहा राज्य में बैठी भूपेश बघेल की सरकार की उपलब्धियों को गिनाते हुए कहा सरकार स्वच्छता के साथ गांव के लोगो को स्वसहायता समूह के माध्यम से रोजगार के संसाधन उपलब्ध करा रहे है।

युवती से छेड़छाड़, युवक गिरफ्तार

नव प्रदेश संवाददाता

लवन। लवन पुलिस चौकी क्षेत्र अंतर्गत एक गांव में अपनी बुआ के घर शादी मनाने गई युवती छेड़छाड़ की शिकार हो गई । पीड़ित युवती की रिपोर्ट पर पुलिस द्वारा मामला दर्ज कर आरोपी युवक को गिरफ्तार कर लिया गया हैं।

लवन पुलिस चौकी से मिली प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम दतान (खैंरा) की रहने वाली 20 वर्षीय युवती अपनी बुआं के घर ग्राम बनगबौद शादी में शामिल होने पहुंची थी। युवती अपनी बुआं के घर में दीवाल की लिपाई-पोताई कर रही थी इसी दौरान 4 मार्च की सुबह करीब 11 बजे ग्राम बनगबौद का ही रहने वाला व्यक्ति कृष्ण कुमार गिरी पिता रघुनाथ गिरी उम्र 29 वर्ष ने युवती को घर में अकेली पाकर पीछे तरफ से अपने दोनों हाथों से पकड़कर प्रेम प्रसंग का इजहार करते हुवे गंदी-गंदी हरकते करने लगा। जिस पर युवती ने विरोध करते हुए जोर-जोर से चिल्लाने लगी। युवती की चिल्लाने की आवाज को सुनकर उक्त युवक वहां से भाग निकला। युवक के चले जाने के बाद डरी सहमी युवती ने अपने साथ हुए अश्लील हरकत के बारे में अपने बुआ सहित अपने माता-पिता को बताई। जिसके बाद पीड़ित युवती ने लवन पुलिस चौकी पहुंचकर बनगबौद निवासी कृष्ण कुमार गिरी के द्वारा की गई छेड़छाड़ के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई गई। पुलिस ने युवती की रिपोर्ट के आधार पर धारा 354 के तहत कार्रवाई की गई ।

कभी बदहाली का आंसू बहा रहा अस्पताल अब दे रहा है अच्छी सुविधाऐं

डौंडी। सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में अब इतनी अच्छी सुविधाऐं की अधिकारियों के भी इलाज कराने की कतार लगने लगी ,जी हा जहा एक और लोग सरकारी स्वास्थ्य केन्द्र मे जाना तक पसंद करते है और इलाज कराने कतराते है तो वही इन्ही सभी बातो को गलत साबित कर रहा है डौंडी सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र यहा अच्छा इलाज होना शुरू हो गया है।

छापामार कार्रवाई को लेकर प्रदेश युवा कांग्रेस ने पीएम का पुतला फूंका

नव प्रदेश संवाददाता

देवभोग। प्रदेश युवा कांग्रेस के आवाहन पर देवभोग मैं युवा कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष भविष्य प्रधान के नेतृत्व में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का पुतला दहन किया गया युवाओं ने केंद्र सरकार भाजपा के खिलाफ जमकर नारेबाजी भी किया उल्लेखनीय हो कि राज्य सरकार के करीबी और वरिष्ठ अधिकारियों के घरों पर आयकर विभाग द्वारा छापामार

कार्रवाई क्या गया जिसके बाद से कांग्रेस नरेंद्र मोदी सरकार पर जमकर हमला कर रही है, प्रदेश युवा कांग्रेस के निर्देशानुसार मुख्यालय के ग्राम पंचायत समक्ष प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का पुतला दहन किया गया साथ ही नरेंद्र मोदी मुर्दाबाद नारे लगाए गए ब्लॉक अध्यक्ष भविष्य प्रधान ने भाजपा की आलोचना करते हुए कहा कि केंद्र सरकार राज्य में शासित कांग्रेश के साथ बदलापुर की राजनीति कर रही है, बीते भाजपा सरकार कार्यकाल के दौरान कभी इतनी बड़ी कार्यवाही एक साथ करते हुए नहीं देखा गया जबकि हजारों करोड़ों के भ्रष्टाचार को अंजाम देकर घोटाला किया गया है लेकिन छत्तीसगढ़ में भाजपा सरकार रहने के चलते छापामार कार्यवाही नहीं हो पाया।

शिक्षक की विदाई में समूचे गांव की आंखें हुई नम

नव प्रदेश संवाददाता

गरियाबंद। शिक्षा के क्षेत्र में इस शिक्षक ने ऐसा किया कमाल की उनकी विदाई में समूचे गांव के लोगों की आँखे हो गई नम। भीगे पलकों के साथ ग्रामीणों ने व स्कूल स्टॉप सहित सभी बच्चों ने रुहांसे आवाज में सांस्कृतिक कार्यक्रम का समापन किया। यही नहीं समूचे गांव के लोग शिक्षक महेश सिन्हा को उनके गांव कोपरा तक छोड़ने भी गए। जिला

मुख्यालय से 4 किमी दूर माध्यमिक शाला तांवरबहरा के शिक्षक प्रधान पाठक महेश कुमार सिन्हा के सेवानिवृत्त के पश्चात शाला परिवार एवं समस्त ग्रामवासियों द्वारा संयुक्त रूप से विदाई व सम्मान समारोह आयोजित किया गया ।

कार्यालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) पाटन जिला दुर्ग (छ.ग.)

ईश्तहार

प्र.क्र.//अ-2/ वर्ष 2019-20

एतद् द्वारा सर्व आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदिका श्रीमती ममता सिंह जौ. दिनेश सिंह साकिन पर्सीया पारा मध्यप्रदेश तह. व जिला रीवा के द्वारा अपने भूमि स्वामित्व की भूमि ग्राम सिरसाकला प.ह.न. 02 तहसील पाटन व जिला दुर्ग की स्थित भूमि खसरा नंबर 1184/27 रकबा 0.014 हें. अर्थात 1553 वर्गफीट की आवासीय प्रयोजन हेतु डायवर्सन किये जाने के लिये आवेदन पत्र छ.ग.भू.रा. संहिता 1959 की धारा 172 के तहत् प्रस्तुत किया हैं।

अतः जिस किसी भी व्यक्ति या संस्था को उजर दावा आपत्ति हो तो स्वयं या अपने अधिकृत व्यक्ति के माध्यम से नियत दिनांक 20.03.2020 को न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति पेश कर सकतें हैं। नियत दिनांक के पश्चात् प्राप्त आवेदन कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 05.03.2020 को मेरे हस्ताक्षर व न्यायालय की मुहर लगाकर जारी किया गया।

मुहर

अनुविभागीय अधिकारी
पाटन जिला, दुर्ग (छ.ग.)

कार्यालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) पाटन जिला दुर्ग (छ.ग.)

ईश्तहार

प्र.क्र.//अ-2/ वर्ष 2019-20

एतद् द्वारा सर्व आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदक आकाश कुमार माली आ. रामकुमार निवासी केम्प 2 भिलाई तह. व जिला दुर्ग के द्वारा अपने भूमि स्वामित्व की भूमि ग्राम सिरसाकला प.ह.न. 02 तहसील पाटन व जिला दुर्ग की स्थित भूमि खसरा नंबर 1184/24 रकबा 0.004 हें. अर्थात 450 वर्गफीट की आवासीय प्रयोजन हेतु डायवर्सन किये जाने के लिये आवेदन पत्र छ.ग.भू.रा. संहिता 1959 की धारा 172 के तहत् प्रस्तुत किया हैं।

अतः जिस किसी भी व्यक्ति या संस्था को उजर दावा आपत्ति हो तो स्वयं या अपने अधिकृत व्यक्ति के माध्यम से नियत दिनांक 20.03.2020 को न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति पेश कर सकतें हैं। नियत दिनांक के पश्चात् प्राप्त आवेदन कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 05.03.2020 को मेरे हस्ताक्षर व न्यायालय की मुहर लगाकर जारी किया गया।

मुहर

अनुविभागीय अधिकारी
पाटन जिला, दुर्ग (छ.ग.)

कार्यालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) पाटन जिला दुर्ग (छ.ग.)

ईश्तहार

प्र.क्र.//अ-2/ वर्ष 2019-20

एतद् द्वारा सर्व आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदिका श्रीमती अनिता राय जौ. राजकुमार राय साकिन भोजपुन बिहार तह. व जिला बिहार के द्वारा अपने भूमि स्वामित्व की भूमि ग्राम सिरसाकला प.ह.न. 02 तहसील पाटन व जिला दुर्ग की स्थित भूमि खसरा नंबर 1184/21 रकबा 0.013 हें. अर्थात 1368 वर्गफीट की आवासीय प्रयोजन हेतु डायवर्सन किये जाने के लिये आवेदन पत्र छ.ग.भू.रा. संहिता 1959 की धारा 172 के तहत् प्रस्तुत किया हैं।

अतः जिस किसी भी व्यक्ति या संस्था को उजर दावा आपत्ति हो तो स्वयं या अपने अधिकृत व्यक्ति के माध्यम से नियत दिनांक 20.03.2020 को न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति पेश कर सकतें हैं। नियत दिनांक के पश्चात् प्राप्त आवेदन कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 05.03.2020 को मेरे हस्ताक्षर व न्यायालय की मुहर लगाकर जारी किया गया।

मुहर

अनुविभागीय अधिकारी
पाटन जिला, दुर्ग (छ.ग.)

कार्यालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) पाटन जिला दुर्ग (छ.ग.)

ईश्तहार

प्र.क्र.//अ-2/ वर्ष 2019-20

एतद् द्वारा सर्व आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदिका श्रीमती कांती साव जौ. मनोज कुमार साव निवासी शास्त्री चौक केम्प 1 तह. व जिला दुर्ग के द्वारा अपने भूमि स्वामित्व की भूमि ग्राम सिरसाकला प.ह.न. 02 तहसील पाटन व जिला दुर्ग की स्थित भूमि खसरा नंबर 1184/13 रकबा 0.004 हें. अर्थात 460.92 वर्गफीट की आवासीय प्रयोजन हेतु डायवर्सन किये जाने के लिये आवेदन पत्र छ.ग.भू.रा. संहिता 1959 की धारा 172 के तहत् प्रस्तुत किया हैं।

अतः जिस किसी भी व्यक्ति या संस्था को उजर दावा आपत्ति हो तो स्वयं या अपने अधिकृत व्यक्ति के माध्यम से नियत दिनांक 20.03.2020 को न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति पेश कर सकतें हैं। नियत दिनांक के पश्चात् प्राप्त आवेदन कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 05.03.2020 को मेरे हस्ताक्षर व न्यायालय की मुहर लगाकर जारी किया गया।

मुहर

अनुविभागीय अधिकारी
पाटन जिला, दुर्ग (छ.ग.)

कार्यालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) पाटन जिला दुर्ग (छ.ग.)

ईश्तहार

प्र.क्र.//अ-2/ वर्ष 2019-20

एतद् द्वारा सर्व आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदिका श्रीमती संगीता माण्डले जौ. शिवकुमार माण्डले साकिन बिम्लेश्वरी कालोनी बोरसी तह. व जिला दुर्ग के द्वारा अपने भूमि स्वामित्व की भूमि ग्राम सिरसाकला प.ह.न. 02 तहसील पाटन व जिला दुर्ग की स्थित भूमि खसरा नंबर 886/2 रकबा 0.017 हें. अर्थात 1800.74 वर्गफीट की आवासीय प्रयोजन हेतु डायवर्सन किये जाने के लिये आवेदन पत्र छ.ग.भू.रा. संहिता 1959 की धारा 172 के तहत् प्रस्तुत किया हैं।

अतः जिस किसी भी व्यक्ति या संस्था को उजर दावा आपत्ति हो तो स्वयं या अपने अधिकृत व्यक्ति के माध्यम से नियत दिनांक 20.03.2020 को न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति पेश कर सकतें हैं। नियत दिनांक के पश्चात् प्राप्त आवेदन कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 05.03.2020 को मेरे हस्ताक्षर व न्यायालय की मुहर लगाकर जारी किया गया।

मुहर

अनुविभागीय अधिकारी
पाटन जिला, दुर्ग (छ.ग.)

कार्यालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) पाटन जिला दुर्ग (छ.ग.)

ईश्तहार

प्र.क्र.//अ-2/ वर्ष 2019-20

एतद् द्वारा सर्व आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदिका श्रीमती डी. पार्वती आ. डी. कामराजू साकिन मरोदा सेक्टर भिलाई तह. व जिला दुर्ग के द्वारा अपने भूमि स्वामित्व की भूमि ग्राम सिरसाकला प.ह.न. 02 तहसील पाटन व जिला दुर्ग की स्थित भूमि खसरा नंबर 1184/33 रकबा 0.004 हें. अर्थात 424 वर्गफीट की आवासीय प्रयोजन हेतु डायवर्सन किये जाने के लिये आवेदन पत्र छ.ग.भू.रा. संहिता 1959 की धारा 172 के तहत् प्रस्तुत किया हैं।

अतः जिस किसी भी व्यक्ति या संस्था को उजर दावा आपत्ति हो तो स्वयं या अपने अधिकृत व्यक्ति के माध्यम से नियत दिनांक 20.03.2020 को न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति पेश कर सकतें हैं। नियत दिनांक के पश्चात् प्राप्त आवेदन कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 05.03.2020 को मेरे हस्ताक्षर व न्यायालय की मुहर लगाकर जारी किया गया।

मुहर

अनुविभागीय अधिकारी
पाटन जिला, दुर्ग (छ.ग.)

जिंदा किसान को बता दिया मृत, नहीं बेच पा रहा धान

■ कलेक्टर से की जांच व कार्रवाई व धान खरीदी किए जाने की मांग

नव प्रदेश संवाददाता

कवर्धा। जिले में धान खरीदी को लेकर किसानों द्वारा किए गए आंदोलनों के बाद यहां दोबारा धानी खरीदी शुरू होने वाली है। लेकिन इसके बावजूद भी पटवारी की लापरवाही से महका गांव का एक किसान अपना धान नहीं बेच पाएगा। दरअसल पंडरिया विकासखंड के महका गांव निवासी किसान भागवत चंद्राकर को धान पंजीयन में मृत बता दिया गया है जिसके चलते वह इस साल अब तक धान का एक दाना भी खरीदी केंद्र पर नहीं बेच पाया और उसके द्वारा आगे भी धान बेच पाना मुश्किल हो गया है। अब भागवत चंद्राकर अफसरों के कार्यालयों के चक्कर लगाने को मजबूर हैं। भागवत के पास करीब 7 एकड़ खेती है। पिछले वर्ष उन्होंने अपने खेत का धान, धान खरीदी केन्द्रों पर बेचा था। लेकिन इस बार पटवारी की लापरवाही के चलते धान पंजीयन में ही उन्हें मृत घोषित कर दिया गया है। ऐसी स्थिति में किसान भागवत धान का एक भी दाना नहीं बेच पा रहे हैं। अपनी समस्या को लेकर आखिरकार किसान ने जिला मुख्यालय पहुंचकर कलेक्टर से इस मामले की जांच कर कार्रवाई करने व अपने धान की खरीदारी किए जाने की मांग की है।

कार्यालयों के चक्कर काटने को मजबूर कवर्धा के महका गांव के किसान

आंदोलनों के बाद मिला है दोबारा खरीदी का ऐलान

बता दें कि जिले समेत पूरे राज्य में धान खरीदी बंद हो चुकी है। लेकिन कवर्धा जिले में बीते दिनों हुए किसानों के आंदोलन व चक्काजाम के मद्देनजर राज्य सरकार ने जिले में 20 तारीख के बाद सचिव की नियुक्ति कर दोबारा धान खरीदी शुरू करने करने का ऐलान किया है। लेकिन भागवत चंद्राकर के सामने सवाल ये खड़ा हो गया है कि जब वे पंजीयन में जीवित ही नहीं है तो उनके नाम के धान की खरीदी कैसे होगी।

गिरौदपुरी में चला विशेष स्वच्छता अभियान

बलौदाबाजार। जिला कलेक्टर कार्तिकेया गोयल के मार्गदर्शन में आज जिला पंचायत के द्वारा गिरौदपुरी में विशेष स्वच्छता अभियान चलाया गया। इस विशेष स्वच्छता अभियान का नेतृत्व स्वयं जिला पंचायत सीईओ आशुतोष पाण्डेय ने किया। उन्होंने हाथों मे झाडू लेकर मुख्य मंदिर के आसपास सड़कों की सफाई किए। इस सफाई में उनके साथ आज पूरा जिला पंचायत बलौदाबाजार-भाटापारा कार्यालय के समस्त अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने हाथ बंटाया। साथ ही साथ इस विशेष स्वच्छता अभियान में गिरौदपुरी ग्राम के जनप्रतिनिधी सरपंच,पंच, गणमान्य नागरिक,महिला स्व सहायता समूहों ने बड़ी संख्या में बढ़ चढ़ कर भाग लिया। इसमें न केवल गिरौदपुरी बल्कि उसके आस पास ग्राम मटिया,मड़वा, बरपाली, कोटियाडीह, मानाकोनी, नरधा,मोहतरा के महिला स्व सहायता समूह के द्वारा भी स्वच्छता अभियान में श्रमदान कर भाग लिया। पिछले दिनों बाबा गुरु घासीदास की तपोभूमि गिरौदपुरी में 28 मार्च से 1 मार्च तक गुरुदर्शन मेला का आयोजन किया गया था। इस मेले में राज्य के कोने कोने से लेकर देश विदेश से भारी संख्या में श्रद्धालु दर्शन के लिए गिरौदपुरी पहुँचते हैं।

3 दिवसीय रामचरितमानस का आयोजन

खरोरा। ग्राम पंचायत मोहमेला विकासखंड आरंग जिला रायपुर में भगवान मर्यादा पुरुषोत्तम श्री रामचंद्र जी के असीम कृपा से 3 दिवसीय रामचरितमानस का आयोजन किया गया है इस कार्यक्रम के शुभारंभ पर मुख्य अतिथि केसरी मोहन साहू जिला पंचायत सदस्य रायपुर विशिष्ट अतिथि जनपद सदस्य आरंग खेदू राम डहरिया अध्यक्षता ग्राम पंचायत मोहमेला के प्रथम सरपंच खेमीचंद साहू ग्राम पंचायत कुटेला के सरपंच ममता पवन चन्द्राकर पंच योगेश कुर्रे गफ्फार उद्दीन खान धन सिंह ध्रुव केसरी वीर सिंह निषाद जया भुनेश्वर ध्रुव रामायण समिति के अध्यक्ष लोकेश यादव उपाध्यक्ष लिकेश्वर यादव संरक्षक गणेश यादव बेणुधर साहू विजय कुमार साहू नेतराम ध्रुव मोहन निषाद उमेश सिन्हा रोहित ध्रुव भारी संख्या में समस्त ग्रामवासी मोहमेला उपस्थित मैं इस पावन अवसर का शुभारंभ किया गया जय जय श्री राम

शांति समिति की बैठक संपन्न

खरोरा। नगर सहित पुरेपरिक्षेत्र मे होली पर्व शांति पूर्वक मनाने थाना के सभागार मे शांति समिति की बैठक आयोजित किया गया जहाँ उपस्थित जनप्रतिनिधियों के अलावा स्वास्थ विभाग विधुत विभाग ,नगर पंचायत कर्मचारियों के बीच थाना प्रभारी ने होली पर्व मे पालन करने आवश्यक दिशानिर्देश के बारे मे जानकारी देते जहाँ अवैध शराब बेचने व हुडदंग करने वालो के उपर कडी कार्यवाही करने बात कही । नगर सहित पूरे परिक्षेत्र मे होली पर्व के मद्देनजर रायपुर के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक आरिफ़ शेख के निर्देश पर खरोरा नगर के पार्षद सहित थाना क्षेत्र मे आने वाले गांव के सरपंच के अलावा जनप्रतिनिधियों के साथ समाज प्रमुखो की उपस्थिति मे थाना सभागार मे शांति समिति की बैठक लिया गया।

हवन के धुए से नष्ट होंगे कोरोना के विषाणु

खरोरा। 77 देशों में हाहाकार मचा देने के बाद कोरोना अब भारत में भी दस्तक दे चुका है। परहमे इससे डरने की जरूरत नही । हमारे ऋषि-मुनियों के द्वारा इजाद किए कई ऐसे नुस्खे हैं जिससे कोरोना जैसे खतरनाक वायरस को भी नष्ट किया जा सकता है। खरोरा के ज्योतिषाचार्य पंडित धनंजय शर्मा के अनुसार ऋषि-मुनियों के द्वारा अनुसन्धान सेप्राप्त किए हुए कुछ नुक्से ऐसे हैं जिससे कोरोनावायरस पूर्ण रूप से नष्ट हो जाता है ।वह नुस्खा है हवन और धूप का धुआ। हवन और धूप के धुए से कोरोनावायरस पूरी तरह से नष्ट हो जाता है। इसके लिए आयुर्वेद में बताए हुए कुछ जड़ी बूटियां जिससे हवन करने से कोरोना के वायरस और और खतरनाक विषाणु नष्ट हो जाते हैं।

कलेक्टर से मिले हटरी बाजार के व्यापारी

भाटापारा। हटरीबजार के व्यापरियो ने अपनी समस्या और भविष्य के व्यापार को सुरक्षित रखने के उद्देश्य को लेकर प्रदेश कांग्रेस सचिव गणेश धुव के नेतृत्व में कलेक्टर कार्तिकेय गोयल से मुलाकात करते हुए उन्हें अपनी समस्या से अवगत कराया,जिस पर कलेक्टर ने उन्हें हर संभव सहयोग का आश्वासन दिया। गुरुवार को हटरी बाजार के व्यापरियो ने कलेक्टर से मुलाकात करते हुए निर्माणाधीन अंडर ब्रिज को लेकर व्यवहारिक दिक्कत को उनके समक्ष प्रमुखता से रखा।प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सचिव गणेश सिंह ध्रुव के नेतृत्व मे मिलने वालो में व्यापारी संघ के अध्यक्ष श्रीचंद छाबड़िया सभापति सुशील सबलानी पार्षद राजेश छाबड़िया पार्षद मुकेश सोनी पूर्व पार्षद सुदामा मनधान नानक गंगवानी सहित काफी व्या पारी गण साथ थे।

भूतपूर्व सैनिकों के लिए 2 पदों में होंगी सीधी भर्ती

बलौदाबाजार। संचालनालय सैनिक कल्याण रायपुर के माध्यम से रिक्त 2 पदों के लिए सीधी भर्ती किया जा रहा है। जिसमें पंजीकृत भूतपूर्व सैनिकों से आवेदन मंगाया गया हैं। दो रिक्त पदों में एक पद कल्याण संयोजक का हैं।जिसके लिए भूतपूर्व सूबेदार एवं सूबेदार मेजर पात्र होंगे। इनकी नियुक्ति जिला सैनिक कल्याण कार्यालय अम्बिकापुर में होंगा। उसी तरह 1 पद चौकीदार- सह -फर्राश का हैं। जिसके लिए ट्रेडमेन भूतपूर्व सैनिक पात्र होंगे। इनका नियुक्ति जिला सैनिक कल्याण कार्यालय जगदलपुर में होंगा। इच्छुक आवेदक निर्धारित प्रारूप में जिला सैनिक कल्याण कार्यालय रायपुर में कार्यकालीन समय में 9 मार्च 2020 तक अपना आवेदन जमा कर सकते हैं।

प्रथम पृष्ठ का शेष...

ढाई लाख से अधिक...

बाकि से इथेनॉल बनाने की अनुमति सरकार को मिलनी चाहिए। आज स्थिति ये है कि लोग शहर से गांव की ओर आने लगे हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री पूरी दुनिया में घूमकर आ गए हैं, लेकिन एक भी उद्योग नहीं आया और जो है उसे भी बेचे जा रहे हैं। नरवा, गरुवा योजना पर मुख्यमंत्री ने विपक्ष पर आरोप लगाया कि इन लोगों से गाय छूट गई है और गौशाला बच गई है। सबसे ज्यादा यूपी के किसान मवेशियों से त्रस्त हैं। हमने छत्तीसगढ़ के किसानों की समस्या का समाधान गौठान योजना से निकाला है कि गांव में तीन से पांच एकड़ जमीन गौठान के लिए और पांच से 10 एकड़ जमीन चारे के लिए सुरक्षित रखने से इस समस्या का समाधान होगा और गोबर से पैसा कमाया जा सकेगा। शराब बंदी को लेकर सीएम ने कहा कि अवैध शराब की बात विपक्ष कर रहा है। अलीगढ़ से आई हुई शराब हमारी सरकार ने पकड़ी है। रहा सवाल शराब बंदी का तो नीति आपने बनाई है हमने कोई परिवर्तन नहीं किया है तो हल्ला किस बात का है। हम तो शराब बंद करना चाहते हैं। जब यहां सरकार शराब बेच रही है तब बाहर से आ रही है तो बाकी हाल क्या होगा। इसी बीच पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह ने उठकर कहा कि एक बार बोल दीजिए कि आप शराब बंदी नहीं कर सकते। इस पर भूपेश बघेल ने कहा कि सवा साल में ही आप धैर्य क्यों खो रहे हैं। आपने शिक्षाकर्मियों का संविलियन किया, पैसा एक नहीं दिया। बोनस की घोषणा की पैसा नहीं दिया। कर्ज आपने लिया पटाना हमको पड़ रहा है। संघवाद पर मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा जिस सीबीआई पर आपने 2012 में बैन लगा दिया था, लेकिन भारत के राजपत्र में प्रकाशित नहीं किया था, वही तो हमने किया है। इंकम टैक्स छापों के बारे में बघेल ने कहा कि हम आईटी के छापों का विरोध नहीं कर रहे हैं, लेकिन संघीय ढांचा यह कहता है कि संबंधित जिलों के एसपी को सूचना मिलनी चाहिए। सीआरपीएफ की फोर्स लेकर आप उस समय आ रहे हैं, जब यहां राष्ट्रपति का प्रवास हो, नक्सल प्रभावित क्षेत्र हो, आईटी का छापा मारने के तत्काल बाद प्रेस को बयान जारी होता है, लेकिन वह भी नहीं। 2 करोड़ 56 लाख रुपए छापे में मिलने की खबर है। आप करना क्या चाह रहे हैं। मध्य प्रदेश में भी आपने कोशिश की। आपका काम है षड्यंत्र करो बदनाम करो, वही काम अब हो रहा है। सीएम ने सदन में पत्रकारों से भी अपील की कि जिसके यहां छापा ही नहीं पड़ा उसका भी नाम छाप दिया। ऐसे मामलों में सावधानी बरतने की जरूरत है। सभी अधिकारियों को भ्रष्ट कहना उचित नहीं है। बहुत से अफसर ईमानदार भी हैं। उन्होंने कहा कि अब अवैध शराब की बिक्री किसी भी जिले में पता चली तो संबंधित जिले का एसपी जिम्मेदार होगा।

अगर माननीय आज...

बल्कि सदन और सरकार का वक्त भी बचता जिसका सदुपयोग अन्य विकास कार्यों पर लगाया जा सकता था। परंतु संसदीय अधिकारों, विधायकों के सवालों के स्वरूपों पर कटौती को अस्वीकार करने व सुझाव पर खासी आपत्ति दर्ज करवाने की वजह से नजीर बनने से पहले ही बिखर गया।

महंत ने कहा था 1 सवाल पूछने पर आता है 10 लाख खर्च

विधायकों के एक सवाल पूछने पर आता है 10 लाख रुपये का खर्च, अध्यक्ष ने इस तरह के सवालों से बचने के दिये निर्देश विधानसभा में प्रश्नकाल के दौरान विधायकों द्वारा एक सवाल पूछने पर 10 लाख रुपयों का खर्च आता है. इसकी जानकारी सदन में विधायकों को विधानसभा अध्यक्ष ने दी। आसंदी ने सवालों के स्वरूप को लेकर चिंता जताई और विधायकों को सुझाव दिया था। विधानसभा अध्यक्ष ने विधायकों को ऐसे सवाल से बचने के दिए निर्देश। जिसमें कितने पद खाली हैं और खाली पद कब तक भरे जाएंगे जैसे सवालों में पैसा, वक्त न जाया करें। अध्यक्ष ने हिदायत दी कि विधायकों को ऐसे सवालों से बचना चाहिए।

स्वरूप में कटौती किसी का अधिकार नहीं, आपत्ति दर्ज

अध्यक्ष के इस राज्यहित वाले सुझाव व निर्देश का संसदीय कार्यमंत्री रविन्द्र चौबे और अजित जोगी ने भी समर्थन किया। वहीं बीजेपी की ओर से इस तरीके के पाबंदी और सवालों के स्वरूप में कटौती को लेकर आपत्ति की गई. नेता प्रतिपक्षधरमलाल कौशिक और बीजेपी विधायक अजय चंद्राकर ने सवालों के स्वरूप पर कटौती किये जाने पर अपनी आपत्ति दर्ज कराई।

तीन साल में सड़क...

आँकड़ा है जिसमें 129 मौतें दर्ज है। सड़क एनएच की है, राज्य सरकार इसमें कुछ नहीं कर सकती। इस जवाब के बाद विधायक शैलेष पांडेय ने आपत्ति की और कहा-मरने वाले तो हमारे हैं न मंत्री जी इस प्रदेश के ही तो हैं। हम उन्हें सुरक्षा कैसे दें? गड्ढों में तब्दील सड़क की वजह से हादसे हैं, यह एनएच की सड़क नही, मौत की सड़क है।

खेलगढ़िया में सप्लाई...

कार्यवाही की मांग करने तहसील कार्यलय पहुचने वालों में प्रमुख रूप से नवनिर्वाचित सरपंच कमला बाई , पूर्व जिला पंचायत सदस्य अमृतलाल नागेश, पूर्व जनपद सदस्य सुकचन्द्र धुव, समाज प्रमुख निहाल सिंग नेगी, बिरबल नेगी, हेमलता नागेश, कन्हैया लाल, निराम नेगी, अवध राम,भुनेश्वर नेताम, धनेश राम नेगी, हरिश्चन्द्र, मंसाराम धुव, बृजलाल , विजय बहादुर सिंह, बिससेर नागेश, घनश्याम नेताम, सज्जन सिंह, रमणीकांत, धरम सिंह, बिसरूराम , बलराम नागेश, सोनाधार सोरी, श्रवण कुमार सोरी, अखबर नेताम, जीवनलाल, सुखबती, अमरिका बाई, रामबती, दुर्गेश, रमशिला, समारू राम, बिंदा बाई, सहित सैकडों की संख्या में परिजनों के साथ ग्राम पंचायत मैनपुरकला के ग्रामीणों ने आज तहसील कार्यालय मैनपुर पहुचकर ज्ञापन सौप मामले की जांच की मांग की है ।

> मैनपुर तहसीलदार रजनी भगत ने बताया कि मैनपुर कला के ग्रामीणों ने आज ज्ञापन सौपकर सीताराम मर्डर केस की जांच की मांग किया है मामले की जांच मैनपुर पुलिस द्वारा किया जा रहा है।
>
> **रजनी भगत**,तहसीलदार

■ न्यूज गैलरी

होली त्योहार में कानून एवं शांति व्यवस्था बनाने दण्डाधिकारी ड्यूटी

गरियाबंद । होलिका दहन 09 मार्च एवं होली त्यौहार 10 मार्च को जिले में मनाया जायेगा। त्यौहार के दौरान शांति, सौहार्द एवं कानून व्यवस्था बनाये रखने कार्यपालिक दण्डाधिकारी ड्यूटी लगाई गई है। कलेक्टर श्री श्याम धावड़े द्वारा गरियाबंद अनुविभाग अंतर्गत अनुविभागीय अधिकारी श्री जेआर चैरसिया की कार्यपालिक ड्यूटी लगाई गई है। इसी तरह राजिम अनुभाग के अनुविभागीय अधिकारी,(रा.) श्री जी.डी. वाहिले, मैनपुर अनुभाग के लिए अनुविभागीय अधिकारी (रा.) सुश्री अंकिता सोम, देवभोग अनुभाग के लिए श्री भुपेन्द्र कुमार साहू अनुविभागीय अधिकारी (रा.) की ड्यूटी लगाई गई है।

विधायक अनुशंसा पर पांच निर्माण कार्यों पर 25 लाख रुपए की प्रशासकीय स्वीकृति

गरियाबंद । बिन्द्रनवागढ़ विधानसभा क्षेत्र के विधायक डमरूधर पुजारी के अनुशंसा पर विकासखण्ड देवभोग में 25 लाख रूपये की प्रशासकीय स्वीकृति कलेक्टर श्री श्याम धावड़े द्वारा प्रदान किया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार देवभोग विकासखण्ड अंतर्गत ग्राम सुकलीभाठा (पुराना) के प्राथमिक शाला बंदपारा में मीडियाराम के घर तक सीसी रोड निर्माण हेतु पांच लाख रूपये स्वीकृत किया गया है। इसी प्रकार ग्राम सुपेबेड़ा में मुख्यमार्ग से छोठी गुड़ी पहुंच मार्ग पर पुलिया निर्माण तथा ग्राम सुपेबेड़ा में ही ठिरलीगुडा बस्ती से कोसम नाला तक सीसी रोड निर्माण हेतु पांच-पांच लाख रूपये, ग्राम पंचायत दहीगांव के ग्राम दबनई में दुखुराम के घर से पटेल के घर तक सीसी रोड निर्माण के लिए पांच लाख रूपये और ग्राम दहीगांव के बीसी पारा के गली में सीसी रोड निर्माण हेतु पांच लाख रूपये स्वीकृत किया गया है। क्रियान्वयन एजेंसी का दायित्व संबधित जनपद के मुख्यकार्यपालन अधिकारी को दिया गया है।

थल सेना भर्ती रैली के लिए ऑनलाइन पंजीयन 31 तक

गरियाबंद। भारतीय थल सेना भर्ती कार्यालय, रायपुर द्वारा 16 अप्रैल 2020 से छत्तीसगढ़ के आवेदकों हेतु थल सेना भर्ती रैली का आयोजन आउटडोर स्टेडियम कवर्धा, जिला कबीरधाम में किया गया है, जिसके लिए डब्ल्यूडब्ल्यूडब्ल्यू डॉट ज्वाइंडआर्मी डॉट एनआईसी डॉट इन (ूण्रवपदपदकपंदंतउलण्दपबण्पद) में ऑनलाईन पंजीयन 31 मार्च 2020 तक किया जाना आवश्यक है। इस भर्ती रैली में सैनिक सामान्य ड्यूटी (जीडी), सैनिक सामान्य ड्यूटी (अनुसूचित जनजाति), सैनिक तकनीकी, सैनिक नर्सिंग सहायक/सैनिक नर्सिंग सहायक (वेटनरी), सैनिक लिपिक (क्लर्क)/स्टोर कीपर, एवं सैनिक ट्रेट मैन के पदों पर भर्ती की जानी है। इन पदों के लिए 01 अक्टूबर 2020 की स्थिति में आवेदक की उम्र 17 वर्ष 06 माह से 23 वर्ष के बीच होनी चाहिए। शैक्षाणिक योग्यता 8वीं से 12वीं तक होनी चाहिए। रैली के प्रथम चरण में शारीरिक दक्षता परीक्षा होगी, जिसमें आवेदकों को 1600 मीटर की दौड़, बीम पुशअप, लम्बी कूद एवं बैलेंसिंग बीम पर चलना होगा। जो आवेदक शारीरिक दक्षता परीक्षा उत्तीर्ण कर लेंगे उनको दूसरे चरण में लिखित परीक्षा में बैठना होगा और अंत में चिकित्सा परीक्षण किया जायेगा।

ग्राम पंचायत कोमा को कुपोषण मुक्त बनाने ग्रामवासियों ने लिया संकल्प

गरियाबंद। मुख्यमंत्री सुपोषण अभियान के अंतर्गत गरियाबंद जिले को कुपोषण मुक्त जिला बनाने विविध आयोजन किये जा रहे हैं। कलेक्टर श्री श्याम धावड़े के मार्गदर्शन में चिन्हांकित कुपोषित बच्चों को सुपोषित बनाने लक्ष्य निर्धारण कर आवश्यक पहल की जा रही है। इसी कड़ी में महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा आज जिले के फिंगेश्वर विकासखण्ड के ग्राम पंचायत कोमा में सुपोषण चौपाल कार्यक्रम आयोजित किया गया। यहां पर ग्रामवासियों द्वारा अपने ग्राम पंचायत को कुपोषण मुक्त बनाने का संकल्प लिया गया। जनपद सीईओ एवं प्रभारी परियोजना अधिकारी महिला एवं बाल विकास श्रीमती स्वेच्छा सिंह बताया कि सुपोषण चैपाल के दौरान ग्राम पंचायत के गर्भवती एवं शिशुवती माताओं को कुपोषण और इससे निजात पाने आवश्यक मार्गदर्शन दिये गये। वहीं इन महिलाओं को अतिरिक्त पौष्टिक पोषण आहार खिलाया गया। गांव के गंभीर एवं मध्यम कुपोषित बच्चों को सरपंच, उपसरंपच, सीईओ जनपद, ग्राम पंचायत के सचिव व स्वसहायता समूह की महिलाओं द्वारा गोद लिया गया। साथ ही इन बच्चों को पौष्टिक आहार अंडा एवं केला वितरण किया गया।

गुणवत्ताहीन कार्यों पर नहीं लग पा रही है रोक, अधिकारी नहीं दे रहे ध्यान

नवप्रदेश संवाददाता

देवभोग। राज्य में सरकार बदल गई लेकिन सिंचाई विभाग की गुणवत्ताहीन कार्यों पर रोक नहीं लगा पा रही है। जबकि ग्रामीणों द्वारा लगातार विभागीय अधिकारियों के समक्ष शिकायत कर गुणवत्ता पूर्वक निर्माण करने की मांग कर रहे हैं। ऐसे ही अमाड डायवर्सन के जरिए नदीपार माडागांव से लेकर खोकसरा सहित 16 गांव से अधिक किसानों के 16 सौ हेक्टेयर खेत में पानी देने के लिए अमाड से लेकर खोकसरा तक नहर एवं छोटे बड़े पुलिया की स्वीकृति 6 करोड़ 50 लाख से अधिक राशि के तहत किया गया है और ठेकेदार द्वारा अमाड, करलागुड़ा, जामगांव, नवागुड़ा, सहित अन्य गांव के चिन्हांकित जगहों पर पुलिया बनाना शुरू कर दिया। लेकिन विभागीय अधिकारियों की उदासीनता के चलते ठेकेदार द्वारा गुणवत्ताहिन कार्य को अंजाम दिया जा रहा है निर्माण कार्य में साफ-सुथरी क्रेशर गिट्टी का इस्तेमाल होना चाहिए वहां पर हार्टफोर्ड लोकल गिट्टी का उपयोग किया जा रहा है। साथ ही निर्धारित मापदंड अनुसार सीमेंट की मात्रा भी कम डाली जा रही है। जिसके चलते निर्माण पुलिया फटने लग रही है। ग्रामीणों का कहना है कि ठेकेदार स्थानीय लोगों से लोकल गिट्टी मंगवा कर उपयोग कर रहे हैं। अमाड डायवर्सन के समक्ष बनाए गए पुलिया में पूरा लोकल गिट्टी का उपयोग हुआ है। मतलब ठेकेदार को गिट्टी से ही लाखों का मुनाफा हो रहा है जिसका चढ़ावा अधिकारियों तक भी पहुंचता है। शायद यही वजह है कि अधिकारी गुणवत्ताहिन कार्य को अनदेखा कर रहे हैं ग्रामीणों ने आशंका जताते हुए कहा कि ठेकेदार द्वारा जिस तरह गुणवत्ताहीन मटेरियल का इस्तेमाल किया जा रहा है उससे पुलिया ज्यादा दिन तक टिक नहीं पाएगा क्योंकि अमाड डायवर्सन से तेज बहाव पानी से पुलिया एवं वॉल क्षतिग्रस्त होने की पूरी संभावना है। ठेकेदार द्वारा अमाड डायवर्सन के करीब बनाए गए पुलिया में अभी से ही दरार पड़ गई है जिसका प्रमुख कारण पानी की तरह को माना जाता है। क्योंकि ठेकेदार द्वारा स्ट्रक्चर खड़ा करने के बाद बिल्कुल भी पानी की तरह नहीं किया जा रहा है जबकि पानी की तराई से मजबूती होती है लेकिन ठेकेदार द्वारा पैसा बचाने के लिए पानी की तरह बिल्कुल भी नहीं क्या जा रहा है जिसके चलते निर्माण किए गए पुलिया मैं दरार के अलावा जगह-जगह फट रहा है जिसे लेकर ठेकेदार द्वारा लीपापोती किया जा रहा है छोटे-छोटे दरार में फिर से प्लास्टर कर छुपाने कि कोशिश किया जा रहा है। इससे अंदाजा लगाया जा सकता है कि किस तरह गुणवत्ताहीन मटेरियल का इस्तेमाल किया जा रहा है सबसे खास बात तो यह है कि मौके पर लोकल गिट्टी पडा होता है और साइड इंजीनियर के गायब होते ही उक्त गिट्टी का उपयोग किया जाता है यह बात इंजीनियर भी स्वीकारते हैं लेकिन हाथ फोड गिट्टी मे रोक लगाने की बात कहकर अपना अपना पल्ला झाड़ लेते हैं तुम्हें तो वही गुणवत्ता इन कार्य को देख ग्रामीणों के साथ साथ क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों में भी खासी नाराजगी देखी जा रही है क्योंकि स्थानीय इंजीनियर एसडीओ गुणवत्ताहीन मटेरियल उपयोग करने से अवगत होने के बावजूद किसी तरह की कार्यवाही नहीं कर रहे हैं बल्कि ठेकेदार को लाभ पहुंचाने के लिए जल्द से जल्द बिल बना कर राशि भुगतान करने की तैयारी में नजर आ रहे हैं जिसके विरुद्ध ग्रामीणों और क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों द्वारा सिंचाई मंत्री रविंद्र चौबे से शिकायत कर जांच एवं ठेकेदार की राशि रोकने की मांग किया जाएगा ताकि गुणवत्ता पूर्वक कार्य हो सके।

> खोदाई के बाद नीचे पानी आता है और दलदल होता है। उसको लेवल करने के लिए लोकल गिट्टी का इस्तेमाल हुआ है और ठेकेदार द्वारा हाथफोड गिट्टी का उपयोग बीच में किया जा रहा था जिसे मना कर दिया गया है अगर अभी भी चल रहा है तो बिल्कुल उसके खिलाफ कार्यवाही की जाएगी।
>
> **आर के सिंघई,** एसडीओ सिंचाई विभाग

पटेल मरार समाज कर्मचारी प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष बने लिलार सिंह

भाटापारा। छत्तीसगढ़ प्रदेश के पटेल मरार समाज की आवश्यक बैठक में श्री लिलार सिंह पटेल को प्रदेश कर्मचारी प्रकोष्ठ का प्रदेश अध्यक्ष नियुक्त किया गया इस नियुक्ति पर पटेल मरार समाज के प्रदेश अध्यक्ष राजेंद्र नायक पटेल ने उन्हें नियुक्ति पत्र सौंपते हुए बधाई एवं शुभकामनाएं दी ? पटेल ने कहा कि प्रदेश में छत्तीसगढ़ी पटेल मरार समाज के कर्मचारियों को अधिक से अधिक संगठन में जोड़ने हेतु विशेष अभियान चलाया जाए, जिससे समाज के अधिकारियों एवं कर्मचारियों को जोड़ा जा सके, इस नियुक्ति पर कर्मचारी प्रकोष्ठ के अध्यक्ष ने कहा कि जो जिम्मेदारी मुझे समाज के द्वारा दिया गया है उसे ईमानदारी एवं पूर्ण निष्ठा से समर्पित होकर समाज के अधिकारियों एवं कर्मचारियों के साथ समन्वय बनाकर चलूंगा एवं उनके हित के लिए हमेशा प्रयासरत रहूंगा , इस नियुक्ति पर समाज के प्रदेश महामंत्री एवं तरेंगाराज के अध्यक्ष श्री वेद प्रकाश पटेल भाटापारा एवं कार्यकारी अध्यक्ष राम कुमार सूर्यवंशी कर्मचारी प्रकोष्ठ के प्रदेश उपाध्यक्ष प्रदीप पटेल ,शिव कुमार पटेल ,राजेश पटेल ,ईश्वर पटेल, ठाकुरराम पटेल, मनहरण पटेल (राजा तरेगाराज) ,उत्तम पटेल (अमाकोनी) गोविंद पटेल , सत्यनारायण पटेल , शत्रुघन पटेल , लक्ष्मीकांत पटेल ,एवं समाज के लोगों ने हर्ष व्यक्त किया है ।

एसएससी परीक्षा संपन्न

भाटापारा। शा. बहु. उ. मा. वि. भाटापारा में आईटी के व्यावसायिक छात्रों का एस एस सी परीक्षा संपन्न हुआ ! परीक्षा में कक्षा 10 वीं और 12 वीं के आईटी के व्यावसायिक छात्रों ने भाग लिया . ब्राहय परीक्षक साई अभिषेक शर्मा और अजानिश कुमार परीक्षा में आईटी विषय से प्रायोगिक और वाइवा प्रशन पूछ गया ! इस दौरान आईटी प्रशिक्षक श्री कैलाश साहू और स्कूल के प्राचार्य दिनेश शर्मा मौजूद रहे ! यह परीक्षा एन. एस. क्यू. ?फ़ और एन. एस. डी. सी. के तत्वाधान में हुआ !

प्रदेश का बजट सभी वर्गों के लिए लाभदायक

भाटापारा। जिला कांग्रेस कमेटी के संयुक्त महामंत्री विक्की ठाकुर ने मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के द्वारा पेश किए गए बजट को हर वर्ग के लिए हितकारी बताया! बजट की सराहना करते हुए कहा कि किसी भी प्रकार का नया कर न लगा कर सरकार ने लोगों को राहत दी है! प्रदेश के 16000 शिक्षक कर्मियों को संविलियन का तोहफा सराहनीय कार्य है! 2 वर्ष का कार्यकाल पूरा करने वाले शिक्षाकर्मियों के लिए यह बड़ी सौगात है! किसानों की 2500 सौ की दर से ही धान की कीमत देने राजीव न्याय योजना के जरिए केंद्र की किसान विरोधी मोदी सरकार को करारा जवाब दिया है! मोदी तो सिर्फखोखले नारे देते हैं! विक्की ठाकुर ने आगे कहा की छत्तीसगढ़ की कांग्रेस सरकार ने साबित कर दिया है कि असल में सबका विकास तो हमारा ही लक्ष्य है मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने इस बजट से यह पैगाम दिया है कि जो कहा सो किया आगे भी करते रहेंगे! कांग्रेस की सरकार अपने वादों को पूरा करते हुए नवा छत्तीसगढ़ के नारों को चरितार्थ करता हुआ है छत्तीसगढ़ का नया बजट!

जनभावना व आकांक्षाओं को पूरा करने वाला है बजट - शोभा शर्मा

साजा । मुख्यमंत्री भूपेश बघेल द्वारा छत्तीसगढ़ विधान सभा में वर्ष 2020-21 के प्रदेश का आम बजट प्रस्तुत किया। जिसमें सरकार द्वारा प्रदेश के किसानों से किए गए वादे को पूरा करते हुए प्रदेश सरकार के मुखिया ने विधानसभा में प्रस्तुत बजट में 51 सौ करोड़ रुपये किसानों को अंतर की राशि प्रदान करने राजीव किसान न्याय योजना अंतर्गत प्रदान करने का प्रावधान करते हुए इसकी घोषणा की। उक्त बाते बजट पर अपनी प्रतिक्रिया देते हुए महिला कांग्रेस की ब्लाक अध्यक्ष श्री मति शोभा शर्मा ने कहा कि मुख्यमंत्री व प्रदेश सरकार के द्वारा किसानों के हित की इस घोषणा से किसानों को आर्थिक मजबूती मिलेगी। साथ ही इस महत्वपूर्ण घोषणा को सुनकर किसान वर्ग ने खुशी जाहिर किया है। साजा विधान सभा के जन नायक व कृषि मंत्री रवींद्र चौबे द्वारा पूरे प्रदेश में कृषि के क्षेत्र में स्वर्णिम पहल करते हुए सिचाई परियोजना, पशु पालन, उद्यानिकी आदि के क्षेत्र में नया इतिहास लिख डाला है। महिला, शिक्षा, किसानों को प्रभावशाली बनाने के लिए कई योजनाओं को प्रारंभ किया गया है। गांव, गरीब, किसान, नरुवा, गरुवा, घुरवा, बाड़ी, गौठान संचालन हेतु विभिन्न योजनाओं को दिशा देना मंत्री जी के विकासशील व उन्नति की सोच को व्यक्त करता है। इस बजट में बेमेतरा जिला विकास की नई गाथा के साथ अग्रसर होगा। मैं और पूरी ब्लाक कांग्रेस कमेटी की ओर से मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, कृषिमंत्री रविन्द्र चौबे का आभार जताते हुए प्रस्तुत बजट का स्वागत करते हुए इस महत्वाकांक्षी बजट के लिए साधुवाद ज्ञापित करते है।

शिक्षा में शून्य निवेश नवाचार से विद्यार्थियों के सीखने की क्षमता में होगी वृद्धि : कलेक्टर

बालोद। कलेक्टर श्रीमती रानू साहू ने कहा कि शिक्षा में शून्य निवेश नवाचार से विद्यार्थियों के सीखने की क्षमता में वृद्धि होगी। श्रीमती साहू आज यहॉ सरदार वल्लभ भाई पटेल मैदान में आयोजित शिक्षा में शून्य निवेश नवाचार अंतर्गत प्रदर्शनी एवं शिक्षक सम्मान समारोह को सम्बोधित कर रही थी। कलेक्टर ने जिले के प्राथमिक शालाओं और उच्च प्राथमिक शालाओं के शिक्षकों द्वारा तैयार किए गए नवाचार संबंधी सामग्री का अवलोकन कर उसकी सराहना की। कलेक्टर ने इसे समस्त शिक्षकों के लिए प्रेरणास्पद बताते हुए जिले की सभी प्राथमिक एवं उच्च प्राथमिक शालाओं में लागू किए जाने पर जोर दिया। कलेक्टर ने कहा कि नवाचार संबंधी जिन शिक्षकों द्वारा अच्छी शैक्षिक सामग्री तैयार की गई है, उनके द्वारा मास्टर ट्रेनर के रूप में अन्य शिक्षकों को इस संबंध में प्रशिक्षित किया जाए।

संकुल स्तरीय वार्षिकोत्सव कार्यक्रम का आयोजन

साजा। संकुल स्तरीय वार्षिकोत्सव 2020 कार्यक्रम प्रा मा शाला सोमईखुर्द में बुधवार को आयोजित किया गया।कार्यक्रम का शुभारम्भ माँ शारदा के तैलचित्र पर गुलाल पुष्पहार एवम् दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि श्रीमति रीता प्रमोद मिश्रा सरपंच ग्राम पंचायत सोमईखुर्द, धनराज साहू, ढेलाउ साहू, दोहाइलाल विशेष अतिथि कमलनारायण वर्मा उपसरपंच, श्रीमती भूरि बाई जनपद सदस्य धौराभाठा, श्रीमती नीलम साहू जनपद सदस्य बेलगाँव, राजेंद्र वर्मा सरपंच बरगड़ा, श्रीमती आगर बाई चतुर्वेदी सरपंच ग्रामपंचायत सोमईकलाा, श्रीमती सतरूपा घनश्याम वर्मा सरपंच सम्बलपुर, संजय वर्मा सरपंच भेंडेरवानी, रामजी साहू सरपंच चिल्फी, रामकुमार वर्मा पूर्व सरपंच बरगड़ा, जीवन दस कुरे थे। कार्यक्रम का शुभारम्भ माध्यमिक शाला सोमई कला की छात्राओं कु प्रियंका लक्ष्मी दीपशिखा लिलेश्वरी द्वारा सरस्वती वंदना एवम् स्वागत गीत नृत्य के माध्यम से प्रस्तुत किया गया जो बहुत सराहनीय रहा। वार्षिकोत्सव कार्यक्रम में संकुल के अंतर्गत कुल 13 शालाओं से 37 कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया था।

बैठक संपन्न | **शून्य से 05 वर्ष तक के समस्त बच्चों का वजन लिया जायेगा**

16 से 25 मार्च तक चलेगा वजन त्योहार

गरियाबंद। महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा वजन त्यौहार अंतर्गत जिला स्तरीय बैठक सह कार्यशाला का आयोजन 04 मार्च को हॉटल सिटी रिजेंसी गरियाबंद में किया गया। उक्त कार्यशाला में जिला कार्यक्रम अधिकारी, स्वस्थ भारत प्रेरक, जिला समन्वयक, समस्त परियोजना अधिकारी, समस्त पर्यवेक्षक एवं प्रत्येक सेक्टर से एक-एक आंगनबाड़ी कार्यकर्ता उपस्थित रहें।

उक्त कार्यशाला में महिला एवं बाल विकास विभाग के जिला कार्यक्रम अधिकारी द्वारा बताया गया कि वर्ष 2020 में वजन त्यौहार का आयोजन 16 मार्च से 25 मार्च 2020 तक किया जायेगा, वजन त्यौहार में शून्य से 05 वर्ष तक के समस्त बच्चों का वजन लिया जाकर बच्चों में व्याप्त कुपोषण का आंकलन किया जायेगा। वजन त्यौहार के दौरान वजन मशीन के माध्यम से बच्चों का वजन लिये जाने हेतु आवश्यक निर्देश दिया गया। परियोजना अधिकारी, एकीकृत बाल विकास परियोजना गरियाबंद द्वारा वजन त्यौहार आयोजन हेतु जारी किये गये दिशा-निर्देश के संबंध में विस्तृत चर्चा किया गया। साथ ही आयोजन हेतु समस्त आवश्यक तैयारियां पूर्ण करने तथा वजन त्यौहार आयोजन पूर्व ग्राम स्तर पर प्रत्येक केन्द्र हेतु दल गठित किये जाने हेतु उपस्थित समस्त पर्यवेक्षकों एवं आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को निर्देशित किया गया। इस संबंध में पर्यवेक्षकों व उपस्थित सभी आं.बा. कार्यकर्ताओं को इलेक्ट्रानिक वजन मशीन का उपयोग करने के संबंध में प्रशिक्षण दिया गया। जिला समन्वयक गरियाबंद द्वारा वजन त्यौहार आयोजन के दौरान समस्त प्रपत्र पूर्णतः सावधानी से भरने हेतु आवश्यक निर्देश दिये गये।

फ्लिपकार्ट के सह-संस्थापक सचिन बंसल के खिलाफ दहेज उत्पीड़न का मुकदमा दर्ज

फ्लिपकार्ट के सह-संस्थापक सचिन बंसल के ऊपर उनकी पत्नी ने दहेज उत्पीड़न का आरोप लगाया है। बता दें कि सचिन बंसल की पत्नी प्रिया ने बेंगलुरु के कोरमंगला पुलिस स्टेशन में दहेज उत्पीड़न का मुकदमा दर्ज किया है। दर्ज की गई एफआईआर में चार लोगों का नाम दिया गया है - सचिन बंसल, उनके पिता सतप्रकाश अग्रवाल, मां किरण बंसल और भाई नितिन बंसल।

प्रिया बंसल की शिकायत में, बंसल को आरोपी एक (ए 1) के रूप में नामित किया गया है, इसके बाद सत प्रकाश अग्रवाल (ए2), किरण बंसल (ए 3) और नितिन बंसल (ए 4) को रखा गया है। जांच अधिकारी ने कहा कि जांच जारी है और बंसल को अभी तक गिरफ्तार नहीं किया गया है।

नईदिल्ली। रिपोर्ट के अनुसार, मामले में प्रिया बंसल ने कहा है कि उसके पिता ने शादी में 50 लाख रुपये खर्च किए थे और कार के बदले सचिन को 11 लाख रुपये की राशि दी थी। उन्होंने आरोप लगाया है कि सचिन उनके नाम पर प्रॉपर्टी ट्रांसफर करने के लिए दबाव बना रहे थे। जब प्रिया ने ऐसा करने से मना कर दिया, तो उसे ससुराल वाले परेशान करने लगे। शिकायतकर्ता ने आरोपियों पर शारीरिक और यौन उत्पीड़न के आरोप भी लगाए हैं।

इस मामले में पुलिस का कहना है कि सचिन के परिवार वाले शहर से बाहर हैं, उनके आने के बाद उनसे पूछताछ की जाएगी। पुलिस ने जांच से संबंधित ज्यादा जानकारी देने से इनकार कर दिया है। उन्होंने बताया कि मामला 498ए और 314डीपी से जुड़ा हुआ है। पुलिस ने गुरुवार को बताया कि फ्लिपकार्ट के सह-संस्थापक सचिन बंसल की पत्नी प्रिया ने बेंगलुरू के कोरमंगला पुलिस स्टेशन में उनके खिलाफ दहेज उत्पीड़न का मामला दर्ज कराया है।मड़ीवाला के सहायक पुलिस आयुक्त कारी बसवनगौड़ा ने समाचार एजेंसी आईएएनएस से इसकी पुष्टि की। एफआईआर में प्रिया बंसल ने आरोप लगाया कि शादी के बाद यह तय किया गया कि मैं अपने पति के साथ रहूंगी। शादी से पहले ससुराल वाले मेरे घर आए और दहेज मांगा। मेरे पति और ससुराल वाले मुझे शादी के लिए मानसिक और शारीरिक यातना दे रहे हैं। उन्होंने साथ ही बताया कि जब मेरी बहन राधिका गोयल दिल्ली में थीं, तब सचिन ने उनका यौन उत्पीड़न किया था, सचिन ने मेरे नाम की सभी संपत्तियां अपने नाम पर ट्रांसफर करने की कोशिश की थी और जब मैंने मना कर दिया तो सचिन ने 20 अक्टूबर, 2019 को मेरा शारीरिक शोषण किया था। इतना ही नहीं मुझे ससुराल वालों की तरफ से भी मानसिक और शारीरिक यातनाएं झेलनी पड़ी। सचिन बंसल की पत्नी प्रिया बंसल ने आरोप लगाया कि उसके पिता ने उसकी शादी पर 50 लाख रुपये खर्च किए और इसके अलावा 38 वर्षीय बंसल को 11 लाख रुपये भी दिए।उन्होंने साथ ही कहा कि भारत में ई-कॉमर्स की अग्रणी कंपनी का संस्थापक उन्हें अपने स्वामित्व के नाम पर सभी संपत्तियों को ट्रांसफर करने के लिए परेशान कर रहा है।उन्होंने आरोप लगाया कि ऐसा ना करने की वजह से सचिन बंसल और उनका परिवार उसे परेशान कर रहा है।

शारीरिक और यौन उत्पीड़न के आरोप

शिकायतकर्ता प्रिया बंसल ने आरोप लगाया है कि उसके पिता ने शादी में 50 लाख खर्च किए थे और सचिन को कार के बदले 11 लाख रुपए नकद दिए थे। उसने यह भी आरोप लगाया कि उसका पति उसके नाम पर प्रॉपर्टी ट्रांसफर करने के लिए दबाव बना रहा था और जब उसने ऐसा करने से इनकार कर दिया तो उसे ससुराल वालों द्वारा परेशान किया गया। शिकायतकर्ता ने आरोपियों पर शारीरिक और यौन उत्पीडन के आरोप भी लगाए।

निफ्टी में 100 अंकों की तेजी

लीवाली बढ़ने से सेंसेक्स 450 अंक उछला

मुंबई। विदेशी संकेतों और घरेलू बाजार में तेजी के रुझानों के बीच लिवाली बढ़ने से सेंसेक्स 450 अंक से ज्यादा उछला और निफ्टी में भी 100 अंकों से ज्यादा की तेजी आई। पूर्वाह्न 11.58 बजे सेंसेक्स पिछले सत्र से 376.58 अंकों यानी 0.98 फीसदी की बढ़त के साथ 38,786.06 पर कारोबार कर रहा था, जबकि निफ्टी में पिछले सत्र के मुकाबले 103.05 अंकों की तेजी के साथ 11,364.05 पर बना हुआ था।

इससे पहले बंबई स्टॉक एक्सचेंज (बीएसई) के 30 शेयरों पर आधारित संवेदी सूचकांक सेंसेक्स पिछले सत्र से 194.77 अंकों की बढ़त के साथ 38,604.25 पर खुला और 38,867.80 तक चढ़ा।

नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) के 50 शेयरों पर आधारित प्रमुख संवेदी सूचकांक निफ्टी भी 55.05 अंकों की तेजी के साथ 11,306.05 पर खुला और 11,382.25 तक उछला।

बाजार के जानकारों ने बताया कि विदेशी बाजारों से मिले सकारात्मक संकेतों और भारत सरकार द्वारा कोरोना वायरस के प्रकोप की रोकथाम के लिए उठाए गए कदमों से बाजार में तेजी का रुझान देखने को मिला और लिवाली बढ़ी।

केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री हर्षवर्धन ने गुरुवार को राज्यसभा में कोरोना वायरस के प्रकोप से निपटने के लिए सरकार द्वारा उठाए गए कदमों से सदन को अवगत कराया।

एक दिन बाद फिर सस्ता हुआ पेट्रोल, डीजल के भी दाम घटे

नईदिल्ली। पेट्रोल और डीजल के दामों में एक दिन की स्थिरता के बाद गुरुवार को फिर कमी आई है। देश की राजधानी दिल्ली में डीजल का दाम पिछले साल जून के बाद 64 रुपये लीटर से नीचे आया है, जबकि पेट्रोल का दाम जुलाई 2019 के बाद के निचले स्तर पर है। तेल विपणन कंपनियों ने गुरुवार को पेट्रोल के दाम में दिल्ली, कोलकाता और मुंबई में 15 पैसे जबकि चेन्नई 16 पैसे प्रति लीटर की कटौती की है। वहीं, डीजल का दाम दिल्ली, कोलकाता और मुंबई में नौ पैसे जबकि चेन्नई में 10 पैसे प्रति लीटर कम हो गया है।

इंडियन ऑयल की वेबसाइट के अनुसार, दिल्ली, कोलकाता, मुंबई और चेन्नई में पेट्रोल का दाम घटकर क्रमशः 71.29 रुपये, 73.96 रुपये, 76.98 रुपये और 74.07 रुपये प्रति लीटर हो गया है। चारों महानगरों में डीजल का भाव भी घटकर क्रमशः 63.94 रुपये, 66.27 रुपये, 66.96 रुपये और 67.47 रुपये प्रति हो गया है। बाजार के जानकार बताते हैं कि अंतर्राष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल के

दाम में पिछले दिनों आई भारी गिरावट के कारण देश में पेट्रोल और डीजल के दाम में कटौती की गई है, जिससे उपभोक्ताओं को तेल की महंगाई से राहत मिली है।

गौरतलब है कि भारत अपनी जरूरतों का तकरीबन 84 फीसदी कच्चा तेल आयात करता है, इसलिए देश में पेट्रोल और डीजल की कीमतें अंतर्राष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल के भाव पर निर्भर करती हैं। कोरोनावायरस का प्रकोप चीन से निकलकर दुनिया के अन्य देशों में फैलने लगा है। इसके कारण वैश्विक अर्थव्यवस्था प्रभावित होने की आशंकाओं के बीच कच्चे तेल के दाम में बीते दिनों भारी गिरावट आई।

डालर के मुकाबले रुपया 20 पैसे लुढ़कर 73.39 रुपये प्रति डालर पर पहुंचा

मुंबई। कोरोना वायरस से प्रभावित मामलों की संख्या बढ़ने के साथ निवेशकों की चिंता भी बढ़ती जा रही है। विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में बुधवार को कारोबार की समाप्ति पर डालर के मुकाबले रुपया 20 पैसे गिरकर 73.39 रुपये प्रति डालर पर बंद हुआ। अमेरिका के फेडरल रिजर्व द्वारा ब्याज दर में आधा प्रतिशत की बड़ी कटौती किये जाने के बावजूद मुद्रा विनिमय बाजार में रुपये में गिरावट का रुख बना हुआ है। रुपये में कारोबार की शुरुआत बुधवार को हालांकि मजबूती के साथ हुई और यह जल्द ही 72.90 रुपये प्रति डालर तक पहुंच गया। लेकिन देश में कोरोना वायरस के मामले बढने के साथ ही निवेशकों में मायूसी छा गई। उनका मानना है कि आपूर्ति में आ रही तंगी से निपटने के लिये दरों में कटौती काफी नहीं होगी। इससे संक्रमण की दर को सीमित करने में भी कोई मदद नहीं मिलेगी। भारत सरकार ने बुधवार को कहा कि अब तक देश में कोराना वायरस के 28 मामले सामने आये हैं। संकट के इस दौर में निवेशकों ने अमेरिकी डालर पर ही अपना दांव लगाया और रुपये की शुरुआती बढ़त जाती रही और यह जल्द ही गिरकर 73.64 रुपये प्रति डालर तक गिर गया। दिन में ऊंचे और नीचे भाव के बीच 74 पैसे का अंतर आने के बाद कारोबार की समाप्ति पर यह पिछले दिन के बंद भाव के मुकाबले 20 पैसे गिरकर 73.39 रुपये प्रति डालर पर बंद हुआ।

किया ने फरवरी में बेचे 14024 वाहन

नई दिल्ली (वार्ता)। देश के यात्री कार वर्ग में कुछ समय पहले ही कदम रखने वाली किया मोटर्स इंडिया ने फरवरी..20 में 15644 वाहनों की रिकार्ड बिक्री की है। कंपनी की तरफ से गुरुवार को यह जानकारी दी गई । इसी के साथ कंपनी देश की तीन सर्वाधिक यात्री वाहन बेचने वाली कंपनियों में शामिल हो गई है। एसयूवी श्रेणी में किया ने सेल्टोस माडल की 14024 यूनिट्स बेचकर अपना प्रभुत्व बनाये रखा । कंपनी की हाल ही में लांच की कई कार्निवल को उपभोक्ताओं से जबर्दस्त समर्थन मिला । किया की सेल्टोस देश में लगातार दूसरे माह सर्वाधिक बिकने वाला एसयूवी माडल रहा । फरवरी में कार्निवल माडल की बिक्री 1620 इकाई रही। किया ने कहा है कि फरवरी में माह में देश में यात्री वाहनों की कुल बिक्री में 4.4 प्रतिशत की गिरावट के बावजूद कंपनी 1.3 फीसदी की बढ़ोतरी हासिल करने में सफल रही है । कंपनी के प्रबंध निदेशक और मुख्य कार्यकारी अधिकारी कुखयून शिम ने वाहन बिक्री पर खुशी जाहिर करते हुए कहा,÷ मैं ग्राहकों से मिले समर्थन को लेकर बेहद उत्साहित हूं । भारतीय उपभोक्ताओं ने जिस आत्मीयता से हमें अपनाया है, उससे मैं काफी खुश हूं। शिम ने कहा कि किया के वाहनों की गुणवत्ता,विश्वसनीयता और डिजाइनिंग के मामले में खूबसूरती ही प्रमाणित नहीं होती,बल्कि इससे यह संकेत भी मिलता है कि भारतीय उपभोक्ताओं की पसंद का दायरा भी धीरे-धीरे बढ़ने लगा है।

सोना 100 रुपये टूटा, चांदी 400 रुपये उतरी

नई दिल्ली (वार्ता)। वैश्विक स्तर पर कीमती घातुओं में रही नरमी से गुरूवार को दिल्ली सर्राफा बाजार में सोना 100 रुपये टूटकर 44770 रुपये प्रति दस ग्राम पर रहा और चाँदी 400 रुपये गिरकर 47300 रुपये प्रति किलोग्राम बोली गयी। लंदन और न्यूयार्क से मिली जानकारी के अनुसार सोना हाजिर 8.25 डॉलर गिरकर 1644.45 डॉलर प्रति औंस पर रहा और अप्रैल का अमेरिकी सोना वायदा 2.90 डॉलर उतरकर 1638.20 डॉलर प्रति औंस बोला गया। इस दौरान चाँदी हाजिर 0.06 डॉलर उतरकर17.20 डॉलर प्रति औंस बोला गया।

स्थानीय बाजार में सोना स्टैंडर्ड 100 रुपये गिरकर 44,770 रुपये प्रति दस ग्राम पर

रहा। सोना बिटुर भी इतनी ही की गिरावट लेकर 44,600 रुपये प्रति दस ग्राम के भाव बिका। आठ ग्राम वाली गिन्नी 31,500 रुपये प्रति इकाई पर अपरिवर्तित रही। चाँदी हाजिर 400 रुपये फिसलकर 47,300 रुपये प्रति किलोग्राम के भाव बिकी जबकि चाँदी वायदा 560 रुपये मजबूत होकर 45,863 रुपये प्रति किलोग्राम बोली गयी। सिक्का लिवाली और बिकवाली 10-10 रुपये उतरकर क्रमशः 960 रुपये और 970 रुपये प्रति इकाई पर रहे।

स्टैंजा लिविंग ने जोड़े 10 हजार बेड

नई दिल्ली (वार्ता)। देश की प्रमुख शेयर्ड लिविंग हाउसिंग कंपनी स्टैंजा लिविंग ने अपना विस्तार करते हुए वर्किंग प्रोफेशनल के लिए कस्टमाइज्ड लिविंग स्पेस लॉंच करते हुए बेंगलुरु, हैदराबाद, पुणे और कोयम्बटूर में 10 हजार बेड जोड़ने की घोषणा की है।

कंपनी ने गुरूवार को यहां जारी बयान में कहा कि यह प्रोफेशनल की जरूरतों को ध्यान में रखते हुए डिजाइन किया गया है और यह एक अलग बिज़नेस लाइन होगी। इसके अलावा कंपनी स्टूडेंट के लिए हाउसिंग का विस्तार करने का काम करती रहेगी। स्टैंजा लिविंग ने दूसरे शहर से आए लोगों के लिए बेहतर लाइफस्टाइल की कल्पना करते

हुए टेक्नोलॉजी और मैनेजमेंट युक्त सर्विस मुहैया कराने सुविधा शरू की। वर्किंग प्रोफेशनल के लिए स्टैंजा लिविंग की यह सेवा 10 महीने तक शोध के बाद शुरू की गयी है। दूसरे शहरों से आए वर्किंग प्रोफेशनल की जीवनशैली की जरूरतों को ध्यान में रखते हुए कस्टमाइज लिविंग स्पेस तैयार किए गए हैं। बिज़नेस के विस्तार पर स्टैंजा के प्रबंध निदेशक और सह-संस्थापक अनिन्द्य दत्त ने कहा कि 10 शहरों में छात्रों की जरूरतों को पूरा करने के बाद अब वर्किंग प्रोफेशनल कैटेगरी में प्रवेश किया गया है।

बैंक ऑफ बड़ौदा के भोपाल प्रमुख ने दुर्ग-भिलाई दौरा कर किया निरीक्षण

दुर्ग। बैंक ऑफ बड़ौदा, भोपाल अंचल के अंचल प्रमुख दुर्ग प्रवास पर रहे। इस दौरान उन्होने दुर्ग क्षेत्र के शाखा का निरीक्षण किया तथा क्षेत्रीय कार्यालय के स्टाफ से मुलाक़ात की । श्री शर्मा ने सभी विभाग के कार्यो की समीक्षा की तथा बैंक द्वारा लॉन्च किए गए उत्कृष्ट उत्पादों के व्यापक प्रचार के साथ बैंक के व्यवसाय वृद्धि में बेहतर योगदान हेतु मार्गदर्शन दिया। उनके साथ क्षेत्रीय प्रबन्धक डॉ. रमेश कुमार मोहंती, उप क्षेत्रीय प्रबन्धक श्री अरविंद काटकर एवं प्रदीप कुमार यादव भी बैठक में उपस्थित रहे। बैठक में स्टाफके उत्साहवर्धन हेतु उत्कृष्ट

प्रदर्शन करने वाले स्टाफ को सम्मानित किया गया। अंचल प्रमुख ने अपने उद्बोधन में कहा कि छत्तीसगढ़ राज्य कुल 27 जिलों में विभाजित है जहां बैंक की कुल 238 शाखाएँ संचालित हैं । दुर्ग क्षेत्र के अंतर्गत 15 जिलों में कुल 123 शाखाएँ हैं जिनका कुल व्यापार करीब 8166 करोड़ से अधिक है। इसके अलावा 06 अग्रणी जिला कार्यालय और 04 ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान , दुर्ग क्षेत्र के अधीन कार्यरत हैं। अंत में क्षेत्रीय प्रबंधक ने धन्यवाद ज्ञापन के साथ कार्यक्रम समाप्ति की घोषणा की।

आज का भविष्यफल

मेषः काफी संघर्ष के बाद आज आपको परेशानियों से कुछ राहत मिलेगी। अब धीरे-धीरे आपका भाग्य साथ देगा। बढ़ते हुए आर्थिक कष्ट से मुक्ति मिलेगी।

वृषभः आज आपके परिवार में किसी शुभ मांगलिक कार्य के आयोजन की चर्चा रहेगी। अपने जीवन स्तर को सुधारने के लिए फिलहाल आपको स्थाई प्रयोग में आने वाली वस्तुओं की खरीदारी करनी चाहिए।

मिथुनः आज आपका समय तेजी से आगे बढ़ने का है। आपकी अप्रत्याशित उन्नति को देखकर सभी हैरान होंगे। अतः व्यर्थ की मान बढ़ाई की अपेक्षा अपने कार्य में ध्यान केन्द्रित करें।

कर्कः आज का दिन किसी बहन भाई की चिन्ता में व्यतीत होगा, क्योंकि आप हमेशा ही अपने परिवार की सलामती के लिए कटिबद्ध रहते हैं। आज भी वह चिन्ता आपको परेशान कर सकती है। यदि सबकी सहमति हो जाए तो कहीं स्थान परिवर्तन का विचार बनाएं।

सिंहः आज आपको कारोबार की चिन्ता विशेष रूप से परेशान करेगी क्योंकि पिछले काफी दिनों से व्यवसाय नियमित नहीं है। अस्थिरता आपका पीछा नहीं छोड़ रही है।

कन्याः आपकी राशि का स्वामी बुध कुंभ में आ चुका है, बुध के साथ सूर्य भी है। अतः विशेष प्रकार की भागदौड़ आपको करनी पड़ेगी। उसके नतीजे भी लाभदायक होंगे।

तुलाः आज आप अकारण ही चिंतित और परेशान रहेंगे। शुक्र के कारण कुछ परेशानियां तो वास्तविक हैं ही कुछ आप अपने अदूरदर्शी स्वभाव के कारण स्वयं भी खड़ी कर लेते हैं।

वृश्चिकः आज अकस्मात मंगलमय समाचार मिलेगा। कार्य-व्यवसाय के क्षेत्र में आए तनाव अपने ऊपर हावी न होने दें। बनते-बिगड़ते परिवेश में नवीन योजना सफल होगी। पुराने झगड़े झंझटों से छुटकारा मिलेगा।

धनुः आज आपको किसी नए संपर्क से लाभ मिलेगा। अतीत के संदर्भ में अनुसंधान का फायदा भी मिल सकता है। रुका हुआ धन कठिनाई से मिलेगा, रोजमर्रा के कामों में कोताही न बरतें।

मकरः आज सामाजिक, धार्मिक कामों में भाग लेते रहने के कारण आपका सम्मान बढ़ेगा। ग्रह चाल भाग्य विकास में सहायक है।

कुंभः उच्चाधिकारियों की घनिष्ठता से लाभ उठाने का सुअवसर आज दिन भर बना रहेगा। आयात-निर्यात के व्यवसाय आरंभ का निर्णय भी आज हो सकता है।

मीनः आपकी राशि का स्वामी-देवगुरू बृहस्पति ज्ञान विज्ञान का भण्डार है। अतः उन्नति के क्षेत्र में कई मार्ग खोलेगा। अध्ययन व अध्यात्म में रुचि बढ़ना स्वाभाविक है। विवादास्पद प्रकरण समाप्त होंगे। गुप्त शत्रु व ईर्ष्यालु साथियों से सावधान रहें।

सु- दोकू क्र.054

	2		6		8		3	
9		8		3		4		
							5	
5		2			7		6	
	8		4			1		3
				9				
8			9				1	
	5			1		6		2
		1	7				4	

नियम

1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गों का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक र सकते है।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

सू-दोकू क्र. 53 का हल

2	6	3	8	1	4	9	7	5
9	5	4	2	6	7	3	1	8
8	7	1	9	3	5		6	2
6	2	7	5	4	8	4	3	9
3	9	8	6	7	1	2	5	4
4	1	5	3	2	9	6	8	7
5	3	2	4	8	6	7	9	1
1	8	6	7	9	2	5	4	3
7	4	9	1	5	3	8	2	6

शब्द सामर्थ्य -054

(भागवत साहू)

बाएं से दाएं

[illegible]

ऊपर से नीचे

[illegible]

शब्द सामर्थ्य क्रमांक 53 का हल

न्यूज गैलरी

कल अनेक स्थानों पर हल्की से मध्यम बारिश के आसार

रायपुर। राज्य में कल 06 मार्च को अनेक स्थानों पर हल्की से मध्यम बारिश तथा कुछ स्थानों पर तेज गर्जना के साथ ओले गिरने तथा वज्रपात होने की संभावना है। मौसम विभाग से जारी पूर्वानुमान के अनुसार आज पश्चिमी विक्षोभ दक्षिण पश्चिम अफगानिस्तान से 3.1 किलोमीटर से लेकर 5.8 किलोमीटर तक स्थित है। इसके प्रभाव से एक चक्रवाती घेरा दक्षिण-पश्चिम राजस्थान और उसके आसपास 1.5 किलोमीटर तक विस्तारित है। एक द्रोणिका द्रोणिका पूर्व मध्यप्रदेश से अंदरूनी तमिलनाडू तक 0.9 किलोमीटर तक स्थित है। इसके असर से आने वाले चौबीस घंटों के दौरान याने कल 06 मार्च को उत्तर छत्तीसगढ़ के अनेक स्थानों पर हल्की से मध्यम वर्षा, वज्रपात और ओला गिरने की संभावना है। मध्य छत्तीसगढ़ में कुछ स्थानों पर हल्की से मध्यम बारिश, वज्रपात और ओले गिरने की संभावना है। इसी तरह दक्षिण छत्तीसगढ़ में अनेक स्थानों पर हल्की से मध्यम बारिश की संभावना है।

लाख की खेती के लिए सुभागिनी मेहर को मिला 'कृषिश्री' सम्मान

रायपुर। इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय के अंतर्गत संचालित कृषि विज्ञान केन्द्र, गरियाबंद के मार्गदर्शन में कार्यरत प्रगतिशील कृषक श्रीमती सुभागिनी मेहर को बायोवेद कृषि प्रौद्योगिकी एवं विज्ञान शोध संस्थान द्वारा ''कृषि श्री'' सम्मान से सम्मानित किया गया। श्रीमती सुभागिनी मेहर को बायोवेद कृषि प्रौद्योगिकी एवं विज्ञान शोध संस्थान, द्वारा प्रयागराज में आयोजित 20वें ''कृषि वैज्ञानिकों एवं कृषकों का महाधिवेशन'' के अवसर पर सम्मानित किया गया। श्रीमती सुभागिनी मेहर को यह सम्मान उनके द्वारा लाख की खेती में उत्कृष्ट कार्य करने तथा कृषि एवं ग्रामीण उत्थान के कार्यों में संलग्न रहने हेतु प्रदान किया गया है।

पूर्व सीएम रमन से मंत्री लखमा ने ऐसी अदा में कहा कि पूरा सदन हंस पड़ा

पूछा सवाल, लगाए गए उद्योगों व रोजगार की संख्या बताए-रमन आपका सम्मान करता हूं, सवाल क्यों लगाते हो साहब, इशारा करते-लखमा

नवप्रदेश संवादाता

रायपुर। बीते दिनों की तुलना में गुरुवार को विधानसभा का बजट सत्र सौहार्दपूर्ण रहा। कई बार हंसी की फुहारें सत्तापक्ष तो विपक्ष के बयानों पर छुटती रहीं। ऐसा ही एक वाक्या प्रश्नकाल के वक्त हुआ। जब पढ़ने-लिखने में असमर्थ आबकारी और उद्योग मंत्री कवासी लखमा को पूर्व सीएम डॉ.रमन सिंह ने सवाल किया।

एक-एक कर तीन सवाल चुटकी लेते हुए रमन सिंह ने किया। सवाल दागने जैसे ही रमन खड़े हुए और प्रश्न पूछा तो मंत्री लखमा अपने चीरपरिति अंदाज में खड़े हुए और पूर्व सीएम से टूटी-फूटी हिंदी में बोले, मैं आपका बहुत सम्मान करता हूं। आप सवाल काहे को लगाते हो साहब? बोले इशारा भर कर देते , आप का काम हो जाता..। प्रश्न के जवाब में जब मंत्री के इस तरह के उत्तर के जवाब की पूर्व मुख्यमंत्री को भी उम्मीद नहीं थी। वे हंस पड़े और लखमा की बात सुनकर पूरा सदन खिलखिला उठा। विस.अध्यक्ष चरणदास महंत बोले देखिए डॉक्टर साहब कितना सम्मान करते हैं वो...सवाल पूछने से पहले ही काम का भरोसा मिल गया। लखमा और श्री महंत की बात सुनकर मुख्यमंत्री भूपेश बघेल भी हंसते नजर आए और रमन सिंह भी। ठहाकों के थमते ही रमन सिंह फिर खड़े हुए और चुटकी लेते हुए बोले अच्छा मैं प्रश्न तो करूंगा ही आप जवाब दे दीजिए..नहीं है जवाब तो पास बोल दीजिएगा। फिर डॉक्टर रमन सिंह ने पूछा, अच्छा.. मैंने पास मान लिया। एक छोटा सा सवाल है.. प्रदेश में जो श्रमिक हैं..उसमें स्थानीय कितने और गैर स्थानीय कितने हैं? मंत्री कवासी लखमा खड़े होते उसके पहले डॉक्टर रमन सिंह ने फिर कहा, नहीं पता तो पास बोल दीजिए.. हालाँकि यह महत्वपूर्ण है.. चलो आप जानकारी ले कर बता दो..इस पर अध्यक्ष चरणदास महंत ने कहा डॉक्टर साहब.. बोला तो है आपके ईशारे का इंतजार है, आपके जवाब का लिखित जवाब भेजेंगे मंत्री जी। अब रहने दीजिए।

बोले- जवाब नहीं आता तो पास बोल दें नहीं पुछूंगा सवाल

हंसी का दूसरा मौका ऐसा

बजट पर चर्चा चल रही थी। विपक्षी सदस्य अजय चंद्राकर के बोलने के बाद जवाब में धनेंद्र साहू खड़े हुए। वे सिंचाई व्यवस्था पर बोल रहे थे तभी विधायक बृजमोहन व धनेंद्र के बीच बहस छिड़ गई कि 10 साल में भी जो बजट में सिंचाई व पानी की उपलब्धता की योजना बनी है वो पूरी नहीं होगी। कांग्रेस विधायक धनेंद्र साहू ने कहा जैसा आप लोगों ने 15 साल में पूरा नहीं किया इसलिए बोल रहे हैं। धनेंद्र साहू ने टिप्पणी की पूर्व सीएम रमन सिंह बोल रहे थे योजना पूरी नहीं होगी। तो कहा मैं कहना चाहता हूं उन्हें अनुभव नहीं है। इस पर सभी हंस पड़े बृजमोहन अग्रवाल भी मुस्कुरा दिए। तब मंत्री रविंद्र चौबे ने कहा हमारी सरकार बोधघाट ही नहीं बल्कि अरपा समेत अन्य योजना को भी पूरा करेगी। तालियों के बीच बृजमोहन भी खड़े हुए और कहा मैं आपको चुनौती देता हूं कि बोधघाट तो दूर पोलावरम की समस्या तो दूर करके दिखाईए। और इस दौरान सदन में हंसी-मजाक शुरु रहा।

पुलिस व्दारा जब्त 10 लाख की अवैध शराब और दारू के सवाल पर आरोप-प्रत्यारोप

जब्त की गई, आपका योगी काहे भेजता है शराबः लखमा | सरकार के संरक्षण में बिक रही है अवैध शराबः कौशिक

- बुधवार को पकड़ी गई शराब यूपी की थी
- पूर्व मंत्री ननकी गलत आंकड़ों पर बिफरे

रायपुर (नव प्रदेश)। अवैध शराब बिक्री और सरकार के राजस्व का नुक्सान का मामला आज विधानसभा में जोरदार तरीके से विपक्ष ने उठाया। शराब बिक्री पर गलत आंकड़ा देने का आरोप विभागीय अफसरों व सरकार पर विपक्ष ने लगाया। प्रश्न पूर्व गृहमंत्री ननकी राम कंवर ने उठाया था। जिसमें आमदनी की जानकारी ननकी ने मांगी तो मंत्री आबकारी ने कहा कमाई घटी है और हम लोग शराबबंदी की ओर बढ़ रहे हैं। मंत्री के इस जवाब से बिफरे ननकीराम ने सीधे कहा आपके अधिकारी गलत आंकड़ा बता रहे हैं। प्रदेश में अवैध शराब खपाई जा रही है। फिर विपक्ष ने बुधवार की रात टिकरापारा थाना व्दारा पकड़ी अवैध शराब का मुद्दा उठाया। इसपर आबकारी मंत्री ने तपाक से कहा जब्ती की कार्रवाई कर रहे हैं तो क्यों पेट में दर्द हो रहा है। आप लोगों के टाइम में यह नहीं होता था। नेताप्रतिपक्ष धरमलाल कौशिक बोले अवैध शराब पूरे राज्य में सरकारी प्लेसमेंट कंपनी के कर्मचारी ही खपा रहे हैं। सरकार के संरक्षण में अवैध शराब बिक रही है, जवाब में मंत्री कवासी लखमा ने तंज कसा और बोले जब्त शराब यूपी की है और उधर आपका योगी बैठा हैं, काहे भेजता है। बस फिर क्या था सत्तापक्ष और विपक्ष के बीच तीखी बहस छिड़ गई। धरमलाल कौशिक व ननकीराम कंवर ने कहा आप लोग गलत जानकारी दे रहे हैं। बताते हैं कि आबकारी विभाग की आय इसलिए घटी है कि पीने वाले कम हैं। ऐसे में जब पीने वाले कम हो रहे हैं तो बाहरी राज्यों से आई प्लेसमेंट कंपनी के कर्मचारी यहां बाहरी राज्यों की शराब क्यों खपाने ला रहे हैं। क्यों यहां बाहर की शराब पकड़ी जा रही है। विपक्ष ने सरकार पर आरोप लगाया कि जानबूझकर सरकारी शराब को डंप कर बाहरी राज्यों की दारु को खपाया जा रहा है जिससे राजस्व को नुक्सान पहुंचाने के साथ ही अवैध शराब बिक्री को सरकार संरक्षण भी दे रही है।

मंत्री कवासी ने कहा, पुलिस मुस्तैदी से काम कर रही है। पकड़ तो रहे हैं और पकड़ेंगे भी। इस पर विधायक ननकीराम कँवर फिर बिफरे और फिर उन्होंने कहा हाँ पुलिस काम कर रही है! कल मेरे क्षेत्र में पुलिस शराब पकड़ी और तीस हज़ार रुपए लेकर छोड़ दी, क्या यही काम कर रही है।

2018-19 की तुलना में शराब से 402 करोड़ का घाटा

प्रदेश में शराब बिक्री से सरकार की आय घटी है। सरकार को गत वर्ष की तुलना में इस वर्ष 402 करोड़ का घाटा हुआ है। आबकारी मंत्री कवासी लखमा ने सदन को इसकी जानकारी दी। उन्होंने सदन के सामने इस वर्ष के साथ ही बीते वर्षों के आंकड़े सामने रखे। आबकारी मंत्री ने बताया कि साल 2019-20 में शराब से 4089 करोड़ रुपये की सरकार को आय प्राप्त हुई। जबकि 2018-19 में 4491 करोड़ और 2017-18 में 4054 करोड़ की आय प्राप्त हुई।

सदन में खेलसाय ने उठाया ग्राम पंचायत बनाने का मुद्दा

जोगी ने कहा आदिवासी हितों का होगा ऐसे में उल्लंघन

- कांग्रेस विधायक के सवाल से घिरी सरकार
- कांकेर विधायक शौरी ने भी कहा गलत बात

रायपुर (नव प्रदेश)। प्रेमनगर को नगर पंचायत से फिर ग्राम पंचायत बनाने का मामला सदन में उठा. विधायक खेल साय सिंह ने अपनी ही सरकार को नगर पंचायत से ग्राम पंचायत बनाने की मांग को लेकर घेरा. खेल साय सिंह ने नगर पंचायत प्रेम नगर को ग्राम पंचायत बनाने पर आपत्ति की और याद दिलाया विपक्ष में कांग्रेस के सदस्यों ने इस बात का समर्थन किया था।

जवाब में मंत्री शिव डहरिया ने बताया कि प्रेमनगर नगर पंचायत में प्रस्ताव पास होने की वजह से उसे फिर से ग्राम पंचायत नहीं बनाया जा सकता. विधानसभा अध्यक्ष ने टीएस सिंहदेव से इस बाबत उनकी राय पूछी। अजीत जोगी ने अनुसूचित क्षेत्रों को नगर पंचायत बनाया जाने को गैर संवैधानिक बताया. उन्होंने कहा अनुसूचित क्षेत्रों को गलत तरीके से ग्राम पंचायत से हटाकर नगर पंचायत बनाया जा रहा है जिससे आदिवासी हितों का उल्लंघन हो रहा है। जोगी के नियम व संविधान में दिए निर्देशों का मुद्दा उठाया तो उसका समर्थन पूर्व आईएएस और विधायक शौरी ने भी अनुच्छेद की धाराओं व प्रावधानों का उल्लेख करते हुए कहा वार्क गलत है पुनः ग्राम पंचायत बनाया जाना।

बहुत जल्द इकोटूरिज्म जिला, प्रदेश तथा देश का नाम करेगा रौशन

पवन तिवारी

धमतरी। जिला के मुख्यालय से लगभग 55 किलोमीटर दूर घने जंगलों के बीचों-बीच बसा एक छोटा सा गांव जो कि इकोटूरिज्म के लिए जिले में ही नही वरन् प्रदेश तथा देश में बहुत जल्द अपना नाम रोशन करेगा। जबर्रा की जलवायु मे ऐसे अनेकों प्रकार के वनऔषधि तथा वनउपज उपलब्ध है। यहां पर यूनाईटेड नेशन् डव्लपमेंट प्रोजेक्ट (यू.एन.डी.पी.) के तहत् जबर्रा में वनऔषधि एशिया में गिनती होती है। जो कि अपने आप में एक बहुत बडा ख्याति प्राप्त है। यहां पर प्रशासन द्वारा इकोटूरिज्म को बढावा देने के लिए प्रशासन लम्बे समय से इस कार्य पर अपना ध्यान आकर्षित किया हुआ था। जो कि अब इसका परिणाम अब दिखने लगा है।

जिला के सहित प्रदेश भर में भी और पूरे भारत में इकोटूरिज्म के लिए अपना स्थान सुरक्षित कर लिया है। जबर्रा गांव की भौगोलिग स्थिति यह है कि इस गांव में खेत नही होने के कारण पूरा गांव को चोरों तरफसे घने जंगल से घिरा हुआ है। यहां पर दूर्लब से दूर्लब जडी-बूटी तथा पेड पौधे उपलब्ध है।

जबर्रा ग्राम की 350 लाख रुपए बड़ी आमदानी

लगभग सात मांह से इकोटूरिज्म के अस्तीत्व में आने के बाद जबर्रा ग्राम के ग्रामीणों को लगभग 350 लाख रू. की आमदानी हो चुंकी है। यहां पर विदेशी सैलानीयों का भी आगमन हो चुंका है। जो कि ग्रामीण जीवन शैली से काफी प्रभावित हुए तथा उन्होंने भी ग्रामीणों द्वार बनाये गये समाग्रीयों की पुरजोर तारीफ की। ग्राम जबर्रा में प्रशासन द्वारा सैलानियों के आगमन को देखते हुए यहां फिशस्पा (पेडीक्योर) के लिए टैंक निर्मित किया गया है। जिसमें देशी मछली द्वारा पैर के मृतचर्म को खाकर पैर की सफाई करते है। फिशस्पा बडे शहर के मॉल में एवं बडे शहरों में इसका चलन बहुत है। बडे शहर या मॉल में फिश स्पा कराने वालों को अच्छी खासी रकम अदा करना पडता हैं, लेकिन ग्राम जबर्रा इकोटूरिज्म में बहुत ही कम रकम देकर घंटों फिशस्पा करानें की सुविधा है। पहाड़ पर चढने का शौंक रखने वालों के लिए ट्रेकिंग की जबरदस्त सुविधा है। यहां पर जानकार ग्रामवासी द्वारा गाइड का काम किया जाता है।

सैलानियों का स्वागत भी ग्रामीण रीति रिवाज से करते है ग्रामीण

जो कि ट्रेकिंग में जाकर सैलानियों को नया अनुभव तथा रोमांच से भर देता है। वही प्रशिशित योग गुरू द्वारा योग की भी क्लास लगाई जाती है। जिससे सैलानियों का अर्पूव मन की शांति मिलती है। तथा एक नया ऊर्जा का संचार भी होता है। अतिथि देवो भवः का सम्मान करते हुए जो सैलानी ग्राम जबर्रा में आते है उनका स्वागत ग्रामीणों की रीति रिवाज से किया जाता है। सैलानियों के माथें पर टिका लगाकर उनकी आरती उतारकर उनका स्वागत किया जाता है। सैलानियों को दिये जाने वाला भोजन पुर्णतः शाकाहरी व पारंपरिक होता है। एवं पत्तल की थाली बनाकर भोजन परोसा जाता है। जो कि स्वादिष्ट के साथ-साथ आनंदित भरा रहता है। रात में फायर कैंप लगाकर ग्रामीणों द्वारा लोक संगीत एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया जाता है। जिसका लुप्त सैलानियों द्वारा उठाया जाता है। ऐसे बहुत से चीजों का साक्षात्कार होता है। जिसे शब्दों में बांधा जाना ग्राम जबर्रा इकोटूरिज्म का तोहीन हो सकता है।

पर्यटकों के लिए सभी सुविधा उपलब्ध कराने में जुटा प्रशासन

आज की भागदौड भरी जिन्दगी में हर एक व्यक्ति शुकून का क्षण चाहते है। उनके लिए जबर्रा इकोटूरिज्म से अच्छी जगह और कोई नही हो सकता है। नदी के किनारे बसे होने के कारण मिनी गोवा की तर्ज पर कैंपिन बाक्स भी रखे गए है। इसके अलावा पर्यटकों को हर तरह की सुविधा दिलाने के लिए प्रशासन हर संभव प्रयास जुटाने के लिए तत्पर है। शासन प्रशासन की इस पहल से यहां के युवाओं को अब रोजागार भी मिलने लगा है। इसी सफर में दैनिक नवप्रदेश समाचार पत्र के जिला प्रमुख द्वारा ग्राम जबर्रा जाकर अपना अनुभव साझा करते हुए ग्राउंड रिर्पोटिंग की है। ये सफर हमेशा यादगार रहेगा। एक बार ग्राम जबर्रा इकोटूरिज्म में आकर यहां के ग्रामीण परिवेश तथा प्रकृति के नजारों को आनंद अवश्य उठाए। आने वाले समय में जिला एवं प्रदेश तथा देश में अपनी पहचान का मोहताज नही रहेगा।

प्रशासन देगा युवाओं को प्रशिक्षण

जंगल के बीच से एक नदी सोंढूर बांध पे जाकर मिलती है। तथा प्रशासन द्वारा गांव के हि युवा वर्ग को प्रशिक्षण देकर उनकी सेवा ली जा रही है। एवं उनके लिए समिति के माध्यम से रोजगार उपलब्ध कराया जा रहा है। वहां के ग्रामीण को कभी 50 रू. रोजना मजदूरी करने के लिए भटकते रहते थे। वों अब 500 रू. से उपर प्रतिदिन कमा रहे है। चूंकि नगरी ब्लाक का जबर्रा गांव पूर्व से आदिवासी बाहुल्य क्षेत्र होने के कारण आय का जरियां सिमित मात्र था। जिसमें ग्रामीणों द्वारा स्वंय के निर्माण किये हुए दोना पत्तल, झाडू, सुपा, पर्रा, टूकनी तक ही सिमित था। धमतरी कलेक्टर रजत बंसल के अथक प्रयास से आज इस गांव की तस्वीर बदल चूंकी है। जबर्रा गांव में गांव वासियों के अनुसार यह बताया गया कि बडी से बडी बिमारियों का उपचार शहर में न होकर गांव में ही स्वंय के निर्मित जडी बुटियों के माध्यम से किया जाता है। ग्रामीणों का यहा तक की दावा है कि यहां पाये जाने वाले जहरीले से जहरीले सांप के काटने का उपचार भी गांव में जडी-बुटि से उपचार किया जाता है। यहां बता देना उचित है कि कई ग्रामवासियों को जहरीले सांप द्वारा कांटे जाने से उसका उपचार गांव में किया गया है। तथा वों लोग आज भी स्वस्थ है।